सुप्रभात
रांची, गुरुवार
27.04.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, सप्तमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 282



12 'हम दिल दे चुके सनम' की नंदिनी मेरे लिए बेहद खास : ऐश्वर्या

# दंतेवाड़ा में नक्सली हमला, 10 जवान शहीद

## आइइडी धमाके से जवानों का वाहन उड़ाया, चालक की भी मौत, सीआरपीएफ तैनात

➲ झारखंड से लगी छत्तीसगढ़ व बिहार सीमा पर हाई अलर्ट
➲ पीएम मोदी, हेमंत समेत पूरा देश दुखी, बघेल बोले - छोड़ेंगे नहीं

**एजेंसी**

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में सर्च आपरेशन से लौट रहे वाहन को बुधवार दोपहर नक्सलियों ने आइइडी विस्फोट कर उड़ा दिया। धमाके में सुरक्षा बलों के 10 जवान शहीद हो गये। धमाके में वाहन चालक की भी मौत हो गयी। मौके पर सीआरपीएफ की टीम ने मोर्चा संभाल लिया है। घटना अरनपुर थाना क्षेत्र की है। घायल जवानों को जिला अस्पताल लाया गया। शहीद जवान डीआरजी के बताये जा रहे हैं। दंतेवाड़ा नक्सली हमले से पूरा देश शोक में डूब गया है। नक्सलियों की इस कायराना हरकत की हर ओर निंदा हो रही है।

पीएम मोदी ने हमले पर दुख जताया और शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि नक्सलियों को बख्शा नहीं जायेगा। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने नक्सलियों की इस करतूत को कायराना बताया। वहीं हमले के बाद झारखंड-बिहार और झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। दोनों इलाकों में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान शुरू किया गया है। पुलिस प्रशासन और सुरक्षाबलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

**जवानों से भरी मिनी बस उड़ा दिया :** इस हमले में नक्सलियों ने बस्तर रेंज के आइजी सुंदरराज ने बताया कि नक्सली हमला उस वक्त हुआ, जब मिनी बस में जवान सवार होकर अपने साथियों की मदद के लिए जा रहे थे। उसी दौरान नक्सलियों ने ब्लास्ट कर पुलिस जवान से भरी मिनी बस को उड़ा दिया। उन्होंने बताया कि यह टीम बारिश में फंसे सुरक्षा बलों को रेस्क्यू करने जा रही थी। यह हमला दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र के अरनपुर और समेली में हुआ। धमाके के बाद नक्सलियों ने मौके पर फायरिंग भी की। इसमें डीआरजी के 10 जवान शहीद हो गये। एक ड्राइवर की भी मौत हो गयी। हमले के बाद मौके पर सीआरपीएफ के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया है। इलाके में सर्चिंग अभियान चल रहा है। (शेष पेज 11 पर)

### झारखंड से लगी सीमा पर अतिरिक्त जवान तैनात

दंतेवाड़ा हमले के बाद झारखंड बिहार और झारखंड छत्तीसगढ़ सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। दोनों इलाकों में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान शुरू किया गया है। पुलिस प्रशासन और सुरक्षाबलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सुरक्षाबलों ने निगरानी बढ़ा दी है। पलामू रेंज के आइजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि सुरक्षाबलों को सघन निगरानी के निर्देश दिये गये हैं। कई इलाकों में अतिरिक्त जवानों की भी तैनाती की गयी है।



**पूरा देश दुखी :** दंतेवाड़ा नक्सली हमले से पूरा देश शोक में डूब गया है। नक्सलियों की इस कायराना हरकत की हर ओर निंदा हो रही है। पीएम मोदी ने हमले पर दुख जताया और शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी है। सीएम भूपेश बघेल ने कहा है कि नक्सलियों को बख्शा नहीं जायेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर इस घटना की कड़ी निंदा की है। हमले में शहीद बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनके बलिदान हमेशा याद रखा जायेगा। राहुल गांधी ने भी दुख जाहिर कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी है।

### शहीद जवानों के नाम

प्रधान आरक्षक जोगा सोढ़ी, प्रधान आरक्षक मुन्ना राम कड़ती, प्रधान आरक्षक संतोष तामोन, आरक्षक दुलगो मंडावीन, आरक्षक लखमू मरकामन, आरक्षक जोगा कवासीन, आरक्षक हरिराम मंडावी, गोपनीय सैनिक राजू राम करटम, गोपनीय सैनिक जयराम पोड़ियाम, गोपनीय सैनिक जगदीश कवासी, वाहन चालक धनीराम याद।

## न्यूज डायरी

### डुमरी उपचुनाव को लेकर तैयारी शुरू

**रांची।** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन से खाली गिरिडीह के डुमरी विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तैयारी शुरू हो गयी है। इसे लेकर सीईओ के रवि कुमार ने उपचुनाव कराने की अनुशंसा भारत निर्वाचन आयोग से की है।

### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक आज

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 अप्रैल को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सूचित किया है कि मंत्रिपरिषद की बैठक गुरुवार की शाम प्रोजेक्ट भवन में होगी।

### मुख्यमंत्री ने नवदंपती को दिया आशीर्वाद

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन बुधवार को घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन के पुत्र रॉबिन सोरेन के विवाह के आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए। उन्होंने नव दंपती को खुशहाल जीवन के लिए बधाई दी।

### बिहार में पंचायत उप चुनाव की तैयारी शुरू

**पटना।** बिहार में त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत व ग्राम कचहरी के उपचुनाव की अधिसूचना बुधवार को पंचायती राज विभाग ने जारी कर दी है। इसके अनुसार राज्य के 3504 पदों पर मतदान 25 मई को जबकि मतगणना 27 मई को होगी।

### रामगढ़ : अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**रामगढ़।** जिले के बरकाकाना थाना क्षेत्र में अवैध बालू लोड कर ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। खनन निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक ने जांच अभियान चलाकर उक्त कार्रवाई की है।

### जीवनशैली की बीमारियों का इलाज भारत के पास

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुविधा-सुरक्षा का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि भारत की पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियां तनाव और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के समाधान प्रस्तुत करती हैं।

### देश भर में खुलेंगे 157 सरकारी नर्सिंग कालेज

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देशभर में 157 सरकारी नर्सिंग कालेज खोलने को मंजूरी दी है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारे देश में मेडिकल डिवाइस की मांग बढ़ी है। इसे बढ़ावा देने के लिए नैशनल डिवाइस पॉलिसी 2023 को तैयार किया गया है। इसपर 1570 करोड़ रुपए का खर्च आयेगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को यह जानकारी दी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

# रांची, जमशेदपुर समेत चार ठिकानों पर इडी की छापेमारी

## जमीन कारोबारियों से जुड़े 50 खाते फ्रीज, दस लाख रुपये जब्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सैन्य कब्जे वाली जमीन घोटाला व चेशायर होम में पांच एकड़ जमीन घोटाले में इडी रिमांड पर चल रहे अफसर अली ने अपनी चुप्पी तोड़ दी है। इडी पूछताछ में उसने बताया कि जमीन घोटाले में वह केवल अकेला दोषी नहीं है, बल्कि इसमें और अन्य लोग शामिल हैं। इसके बाद इडी ने बुधवार की रांची, जमशेदपुर समेत चार ठिकानों पर दबिश दी। रांची के मोरहाबादी, अशोकनगर, बूटी मोड़, खेलगांव के गाड़ीगांव और वहीं जमशेदपुर एक साथ छापा मारा। इडी ने 50 बैंक खाते फ्रीज किये और दस लाख रुपये जब्त किया। आइएएस छवि रंजन के बेहद करीबी श्याम सिंह भाटिया और रवि सिंह भाटिया के यहां भी छापामारी की। (शेष पेज 11 पर)

**सैन्य जमीन घोटाला मामला**



### पंकज और प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से झटका, याचिका खारिज

**रांची (खबर मन्त्र)।** अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा और कारोबारी प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस अरविंद कुमार की बैच में पंकज मिश्रा और प्रेम प्रकाश के जमानत याचिका की सुनवाई चल रही थी। झारखंड में 1000 करोड़ के अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी पंकज मिश्रा की तरफ से 28 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (004682/2023) दायर की गयी थी, जबकि प्रेम प्रकाश ने 12 जनवरी को एसएलपी (000691/2023) दायर किया था। पंकज मिश्रा को 19 जुलाई 2022 को ईडी ने मनी लॉड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह अवैध खनन, मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर मामलों में आरोपी हैं। बताया जाता है कि साहिबगंज में पत्थर खनन के साथ कोयला, बालू जैसे खनन पर पंकज मिश्रा का कब्जा है।

# रांची में चार ठिकानों पर इनकम टैक्स का छापा

■ मणिकरण पॉवर लिमिटेड से जुड़े 50 से अधिक ठिकानों पर हुई छापेमारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देशभर में मणिकरण पावर लिमिटेड से जुड़े 50 से अधिक ठिकानों पर बुधवार को आईटी की छापेमारी की गयी। राजधानी रांची में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कार्रवाई की। रांची के हिनू स्थित सुमित सिंह कलसी के आवास, कार्यालय और स्प्रिंगडेल स्कूल में छापेमारी के क्रम में दो दर्जन आयकर अधिकारियों ने स्कूल, आवास में कागजात खंगाला। आयकर सूत्रों के मुताबिक, मणिकरण पॉवर लिमिटेड में अरबों की टैक्स चोरी का मामला सामने आया है। यह छापेमारी रांची के चार, दिल्ली के दस ठिकानों के अलावा कोलकाता, मुंबई, कोयंबटूर, चेन्नई, हैदराबाद, अहमदाबाद, बैंगलुरु, वैशाली, पटना में बताये जा रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)



# प्रधान महालेखाकार को हाइकोर्ट ने बनाया प्रतिवादी

**अवैध माइनिंग मामला**

■ गृह विभाग को जवाब दाखिल करने के लिए दिया समय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग को लेकर पंकज यादव की जनहित याचिका पर सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में प्रधान महालेखाकार को प्रतिवादी बनाया है। मामले में गठित 3 सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं हो सकी। जिस पर कोर्ट ने गृह विभाग को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया। अगली सुनवाई 3 मई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में महाधिवक्ता राजीव रंजन के आधार पर संशोधित आदेश पारित करते हुए पलामू, गढ़वा और लातेहार में माइनिंग एवं मिनिरल की लीज प्राप्त कंपनियों द्वारा की जा रही वैध माइनिंग पर से रोक हटा ली थी। लीगल माइनिंग करने वाली कंपनियों पर खनन एवं उसके परिवहन को लेकर हाईकोर्ट का रोक का आदेश प्रभावित नहीं होगा।

### कल एयर एंबुलेंस सेवा शुरू करेंगे मुख्यमंत्री

**रांची।** झारखंड के इतिहास में पहली बार 28 को राज्य की जनता के लिए सीएम हेमंत सोरेन एयर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ करेंगे। सरकार गठन के बाद से ही सीएम गंभीर रूप से बीमार राज्यवासियों के प्रति संवेदनशील रहे हैं। यही वजह है कि गंभीर रूप से बीमार लोगों को सरकार ने बेहतर इलाज के लिए दिल्ली, मुम्बई या किसी अन्य जगह भेजने के लिए एयर एंबुलेंस तक की सुविधा प्रदान की है। इसमें आम लोगों के साथ खास लोग भी शामिल रहे हैं। जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम लोगों के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## पीएम के आमंत्रण पर दिल्ली पहुंचे लाइब्रेरी मैन संजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चाईबासा।** आदिवासी उरांव समाज से ताल्लुक रखने वाले संजय कच्छप, प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड के नेशनल कार्निवल में भाग लेने के लिये दिल्ली पहुंच गये हैं। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। संजय की पढ़ाई के प्रति लगन को देख पीएम मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया है। लाईब्रेरी मैन के रूप चर्चित संज्य कच्छप अबतक चाईबासा के अलावे चक्रधरपुर, खरसावां, रांची, दुमका, घाटशिला सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 50 से अधिक डिजिटल पुस्तकालय का निर्माण कर चुके हैं। देश के नयी पीढ़ी को शिक्षा के प्रति रुचि जगाने का सार्थक प्रयास करते आ रहे हैं। उनके पुस्तकालय से पढ़कर 5 छात्र-छात्राओं को सरकार के विभिन्न विभागों में नौकरी भी मिली है। उनके इस तरह के कार्यों की प्रशंसा पिछले दिनों पीएम मोदी ने अपने कार्यक्रम मन की बात में लाइब्रेरी मैन के नाम से कर चुके हैं।

## डर्टी वीडियो मामले में सरयू और निशिकांत पर बरसे बन्ना गुप्ता, कहा

# मर्द की तरह हमसे लड़ते, किसी महिला का चीरहरण क्यों

■ सीपी सिंह के लिए हनी ट्रैप और मेरे लिए फनी ट्रैप
■ बनिया हूं, बकरी का बच्चा नहीं जाल बुनना और तैरना आता है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि बहुत दिनों से मुझे बदनाम करने की साजिश चल रही है। एक वीडियो के जरिये मुझे बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा, कोई कितनी भी साजिश कर ले, मेरा कोई बाल भी बांका नहीं कर सकेगा। साजिशकर्ता खुद बेनकाब होगा। बन्ना गुप्ता पिछले दिनों अपने खिलाफ वायरल वीडियो कॉल रिकॉर्ड पर बुधवार को अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस किया।

प्रेस कांफ्रेस में उन्होंने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और निर्दलीय विधायक सरयू राय पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि विधायक सीपी सिंह के मामले में सरयू राय क्यों चूहे के बिल में छिप जाते हैं? सीपी सिंह के लिए हनी ट्रैप और बन्ना गुप्ता के लिए फनी ट्रैप, आप इतने उतावले क्यों हैं? आपको झगड़ा है, तो मर्द की तरह हमसे लड़ते। किसी महिला का चीरहरण क्यों कर रहे हैं?

आप ही अगर ठेकेदार हैं, तो सीपी सिंह के लिए क्या व्यू है? यह भी कहा कि निशिकांत दुबे दूध के धुले हैं क्या? हमसे मुंह मत खुलवाइये, बड़े भाई हैं वो मेरे। हम किसी पर आक्षेप नहीं लगाते हैं, सब जानते हैं, पर वे बोलेंगे नहीं। बनिया हूं, बकरी का बच्चा नहीं, जाल बुनना और तैरना आता है। राजनीति में जो ट्रेंड चल रहा है, दुखद है। इस तरह की गंदी राजनीति नहीं होनी चाहिए। (शेष पेज 11 पर)



### मेरे खिलाफ सोची-समझी साजिश

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह सब मेरे खिलाफ सोची-समझी साजिश है। महिला की जानकारी ट्विटर पर दी जाती है। उसकी जान को खतरे की चिंता भी व्यक्त की जाती है। फिर कहा जाता है कि महिला एक गाड़ी में तीन महिलाओं के साथ चली गयी। उन्होंने पूछा कि महिला की जासूसी का अधिकार आपको किसने दिया है। किसी की निजता का उल्लंघन आप कर रहे हैं। आपको महिला की सारी जानकारी कैसे मिल रही है? आखिर हर वीडियो इनके पास कैसे चला जाता है।



## तय समय पर कार्यालय पहुंचें कर्मचारी : सीएस

**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने सचिवालय सहित सभी सरकारी कर्मियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी विभागों को पत्र लिखा है, जिसमें बायोमैट्रिक हाजिरी भी नियमित लगाने को कहा है। मालूम हो कि विभिन्न माध्यमों से सीएस को शिकायत रही थी कि कई कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे कामकाज प्रभावित हो रहा है। सरकारी कार्यालयों में 10 से शाम छह बजे तक कार्य दिवस है। इसी बीच में लंच आवर भी है। परंतु अभी कई बाद देखा जा रहा है कि कई कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय में नहीं आ रहे हैं, वहीं कई छह बजे से पहले ही ऑफिस से निकल जा रहे हैं।

## झारखंड में कोरोना के मिले 115 नये मरीज, सक्रिय मामले बढ़कर 366

### 20 जिले कोरोना की चपेट में

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में कोरोना फिर पांव पसार रहा है। हर दिन संक्रमितों की संख्या में बढ़ रही है। राज्य के 20 जिले कोरोना की चपेट में है। बीते 24 घंटे में झारखंड में 115 नये मरीज मिले हैं। पूर्वी सिंहभूम में सबसे ज्यादा 76 संक्रमित मरीज पाये गये हैं। यहां एक्टिव केस का आंकड़ा बढ़कर 129 पर पहुंच गया है, जबकि रांची में 9 संक्रमित मरीज मिले हैं। जिले में कोरोना मरीजों की संख्या 66 हो गयी है। वहीं राज्य भर में एक्टिव केस बढ़कर 366 पर पहुंच गया है। हालांकि



राहत भरी खबर यह भी है कि एक दिन में 44 मरीज स्वस्थ हुए हैं।

**इन जिले में हैं इतने सक्रिय मरीज**

बोकारो में 9, चतरा में 1, देवघर में 32, धनबाद में 13, पूर्वी सिंहभूम में 129, गढ़वा में 2, गिरिडीह में 8, गोड्डा में 7, गुमला में 6, हजारीबाग में 10, खूंटी में 3, कोडरमा में 1, लातेहार में 18, लोहरदगा में 33, पाकुड़ में 2, पलामू में 8, रामगढ़ में 5, रांची में 66, सरायकेला में 2 और पश्चिमी सिंहभूम में 11 सक्रिय मरीज हैं।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,**
**ROAD DIVISION, GUMLA-835207,**
E-mail :- eercdgumla-jhr@nic.in

Letter No. - Gumla, Dated:-

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **PR 295567 Road (23-24): D** द्वारा प्रकाशित पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला अंतर्गत Widening/Strengthening to 2- lane of Chainpur-Mahuadarn upto Dumri Road (MDR-36) (Total Length-11.580km) job no - CRF-JHR-2022-23/57 कार्य की निविदा को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

Sd/-
Executive Engineer
R.C.D. Road Division Gumla

PR 296029 Road(23-24)#D

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

ई-एनआईटी सं.: एसटी-आरएनसी-एस02-बीएलएनजी-सैंडहम्प, दिनांक 25.04.2023; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** रांची मंडल के बरलंगा (बीएलएनजी) स्टेशन पर 02 अदद सैंड हम्प/ओवर रन लाइन (बरकाकाना छोर पर लाइन नं. 1 एवं मुरी छोर पर लाइन नं. 3) के निर्माण के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्यों का निष्पादन। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 18,45,809.99; **बयाना राशि:** रु. 36,900; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 19.05.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 05.05.2023, **वेबसाइट का विवरण तथा ब्यौरा:** कार्य निविदा के लिए www.ireps.gov.in। (PR-101)

**मानगो नगर निगम का कार्यालय,जमशेदपुर –831012**
**आम सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड नगरपालिका व्यापार अनुज्ञप्ति (Trade Licencse) नियमावली 2017 के तहत गैर आवासिय भवन के रूप में उपयोग होने वाले भवनो का उपयोग व्यापारिक गतिविधियों हेतु करने से पूर्व व्यापार अनुज्ञप्ति लेना आवश्यक है, इस सम्बंध में सभी व्यवसायिक प्रतिशठानो को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.05.2023 तक अपना व्यापार अनुज्ञप्ति (Trade Licencse) बनवाना सुनिश्चित करे। इस हेतु आवश्यक दस्तावेज 1. (गृहकर या रेन्ट ऐगरिमेन्ट की छाया प्रति) 2.( पहचान पत्र की छाया प्रति) अनिवार्य है। व्यापार अनुज्ञप्ति जारी करने हेतु शुल्क का निर्धारण व्यवसायिक गतिविधियों हेतु उपयोग किये जा रहे स्थान के क्षेत्रफल के अनुसार निम्नवत निर्धारित है।

| क्र०सं० | निर्मित क्षेत्र (वर्ग फिट में) | दर प्रतिवर्ष (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 100 तक | 300/– |
| 2 | 101 से 500 तक | 500/– |
| 3 | 501 से 1000 तक | 1500/– |
| 4 | 1000 से अधिक | 2500/– |

दिनांक 15.05.2023 के उपरान्त नगर निगम के टीम द्वारा जॉच मे व्यापार अनुज्ञप्ति नही पाये जाने पर झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के धारा 600 के तहत कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
मानगो नगर निगम,जमशेदपुर।

PR 295963 Urban Development(23-24)D

**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा**
**पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा**
Email-mdmloh@rediffmail.com, lohardagamdm@gmail.com

**आवश्यक–सूचना**

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉची के संकल्प संख्या 1145 दिनांक 18.07.2019 एवं प्रारम्भिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली, 1993 के आलोक में दिनांक 31.12.2022 तक जिले में कार्यरत एवं योग्यताधारी शिक्षकों की मास्टर वरीयता सूची के आधार पर ग्रेड–4 में प्रोन्नति हेतु विज्ञान एवं कला/भाषा का औपबंधिक वरीयता सूची पर आपत्ति आमंत्रण से संबंधित आवश्यक सूचना।

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉची के संकल्प संख्या 1145 दिनांक 18.07.2019 एवं प्रारम्भिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली, 1993 के आलोक में दिनांक 31.12.2022 तक जिले में कार्यरत एवं योग्यताधारी शिक्षकों की मास्टर वरीयता सूची के आधार पर ग्रेड–4 में प्रोन्नति हेतु विज्ञान एवं कला/भाषा का औपबंधिक वरीयता सूची जिले के अधिकारिक वेबसाईट https://lohardaga.nic.in पर प्रकाशित करते हुए सम्बन्धित शिक्षकों से सम्बन्धित विवरण के संदर्भ में दावा/आपत्ति की मॉग की जाती है। सभी सम्बन्धित शिक्षक इस सम्बन्ध में अपना दावा/आपत्ति साक्ष्य सहित जिला कार्यालय को दिनांक 27.04.2023 से 26.05.2023 तक हार्ड कॉपी में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

शिक्षक/शिक्षिकाओं से साक्ष्य सहित दावा/आपत्ति प्राप्त एवं संधारित करने हेतु श्री रविकांत कोनगाड़ी, प्रतिनियुक्त लिपिक, कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा को नामित किया जाता है।

त्रुटि सुधार के सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रपत्र में आवेदन दिया जा सकेगा।

| आपत्तिकर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची में क्र0सं0 | जिस कॉलम में त्रुटि है, उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण | साक्ष्य का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

शिक्षक का हस्ताक्षर
जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा

PR 296026 Lohardaga(23-24)#D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गिरिडीह**
पता:– झण्डा मैदान के बगल में स्थित पुराना जेल परिसर, गिरिडीह। पिन–815301
website: www.giridih.nic.in

**अति अल्पकालीन निविदा वर्ष 2023–24**

निविदा संख्या– 01/2023–24 तिथि– 25/04/2023

मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 470, दिनांक 06.03.2023 के आलोक में वितीय वर्ष 2023–24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्वार योजना (प्रस्तावित) एवं अन्य के अंतर्गत पूर्व वर्ष की भाँति **गिरिडीह जिला में मत्स्य स्पॉन की आपूर्ति हेतु** हैचरी संचालक–मत्स्य स्पॉन उत्पादक–सह–आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | शीर्षक | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | गिरिडीह जिला में मत्स्य स्पॉन की आपूर्ति |
| 2 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम | जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गिरिडीह। |
| 3 | कार्य की अवधि | 2023–24 |
| 4 | निविदा वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि | 25/04/2023 |
| 5 | निविदा की कुल राशि | लगभग रू0/– 36,38,000.00 |
| 6 | अग्रधन राशि | रू0/– 1,50,000.00 |
| 7 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 04/05/2023 के अपराह्न 12:30 बजे |
| 8 | निविदा निस्तारण की तिथि एवं समय | 04/05/2023 के अपराह्न 01:00 बजे |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने एवं खोलने का स्थान | डी0आर0डी0ए0 सभा कक्ष, नया समाहरणालय, पपरवाटॉड, गिरिडीह। |
| 10 | संपर्क संख्या | मो0– 7979947030, ई–मेल–dfogiridih00@gmail.com |

निविदा की शर्तें जिला मत्स्य कार्यालय, गिरिडीह के सूचना पट्ट एवं www.giridih.nic.in पर किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।
नोट :– निविदा निस्तारण की तिथि में आंशिक परिवर्तन किया गया है।
शेष सभी निविदा की शर्तें यथावत रहेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गिरिडीह

PR 295952 Fish(23-24)#D

Govt. of Jharkhand
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement very Short Notice (2nd call)**
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/13/22-23 Dated **25.04.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Construction of H.L. bridge over Satgudum river at Bagudiya Panchayat, Narsinghpur tola, Dumkakocha, in Galudih (on NH-18) to Asanpani West Bengal Border road via Duarsini at Ghatshila block in East Singhbhum District in the state of Jharkhand including , Land acquisition proposal with ownership details, forest diversion proposal including clearance of all stages ,Resettlement and Rehabilitation proposal etc as required..from Consultant's empanelled in Category- II with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 72m, |
| 3 | Work completion time | 45 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 28.04.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 08.05.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 09.05.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No- 9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10- | PR No- | 291081(Road) 22-23 |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi

PR 295961 Road (23-24)_D


## चयनित शिक्षकों को मुख्यमंत्री अगले माह खेलगांव में देंगे नियुक्ति पत्र

# झारखंड को अगले माह मिलेंगे 9000 शिक्षक, शिक्षा विभाग तैयारी शुरू की

### राज्य के प्लस टू स्कूलों में प्राचार्य के 39 पदों पर होगी सीधी नियुक्ति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्कूली शिक्षा विभाग की ओर से राज्य में शिक्षकों के खाली पदों को भरने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। विभागीय सचिव के रवि कुमार के अनुसार शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2016 से चल रही हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के तहत सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार चयनित शिक्षकों को अगले माह मुख्यमंत्री खेलगांव में नियुक्ति पत्र सौपेंगे। इसके तहत करीब 9000 शिक्षकों की नियुक्ति राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित हाई स्कूलों में अलग-अलग विषयों में होगी।



### पीजीटी एवं मॉडल स्कूल और कस्तूरबा स्कूल में भी नियुक्ति

नियोजन नीति में बदलाव के बाद बड़े पैमाने पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हुई है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से राजकीय +2 स्कूलों में विभिन्न विषयों के शिक्षकों की कमी को देखते हुए 2137 पीजीटी शिक्षकों की सीधी भर्ती और 265 बैकलॉग रिक्तियों को भरा जाएगा। इसके अलावा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के लैब असिस्टेंट पदों के लिए भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत 690 लैब असिस्टेंट राज्य में नियुक्त किए जाएंगे।

### सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन का कार्य जारी

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। विभिन्न विषयों के शिक्षकों का अंतिम परिणाम जारी कर जिलास्तर पर चयनित अभ्यर्थियों का सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन किया जा रहा है।

### कॉन्ट्रैक्ट आधारित नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

शिक्षा विभाग ने कस्तूरबा विद्यालय और मॉडल स्कूलों में कॉन्ट्रैक्ट आधारित शिक्षकों को भी नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके जरिए कस्तूरबा स्कूलों में करीब 400 शिक्षकों की नियुक्ति होगी और मॉडल विद्यालयों में लगभग 2000 शिक्षकों की नियुक्ति करने की तैयारी है। राजकीय प्लस टू स्कूलों में प्राचार्य के खाली पदों को भरने के लिए झारखंड लोक सेवा आयोग को जिम्मेदारी दी गई है। इसके तहत राजकीय, राजकीयकृत बालक एवं बालिका प्लस टू स्कूलों में प्राचार्य के 39 पदों पर सीधी नियुक्ति की जाएगी।

# राज्य के 14 जिलों में 217.50 करोड़ की लागत से बनेंगे पंद्रह अस्पताल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के 14 जिलों में 15 जगहों पर हेल्थ सेंटर, डिस्ट्रिक अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, नर्सिंग कॉलेज और क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल बनाये जायेंगे। इन भवनों को बनाने में राज्य सरकार करीब 217 करोड़ 60 लाख रुपये खर्च करेगी।

**9 से 18 महीने में निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य :** झारखंड राज्य बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड के जरिये इन भवनों का निर्माण कराया जायेगा। 9 से 18 महीने के भीतर भवन निर्माण का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसे लेकर कॉरपोरेशन ने इ-प्रोक्योरमेंट नोटिस जारी कर दिया है। 4 मई को टेंडर पब्लिश होगा। 24 मई शाम 5 बजे तक टेंडर पेपर्स लिए जायेंगे और 26 मई को बीड खोला जायेगा।

**कहां कितने में बनेगा अस्पताल**

| स्थान | कंस्ट्रक्शन | राशि |
|---|---|---|
| उधवा ब्लॉक (साहिबगंज) | कम्युनिटी हेल्थ सेंटर बिल्डिंग | 10,38,97,900 |
| बसंतराय ब्लॉक (गोड्डा) | कम्युनिटी हेल्थ सेंटर बिल्डिंग | 10,38,97,900 |
| बालूमाथ ब्लॉक (लातेहार) | कम्युनिटी हेल्थ सेंटर बिल्डिंग | 10,38,97,900 |
| लोहरदगा | डिस्ट्रीक अर्ली इंटरवेंशन सेंटर | 3,20,48,242 |
| कोडरमा | डिस्ट्रीक अर्ली इंटरवेंशन सेंटर | 3,20,48,242 |
| गुमला | डिस्ट्रीक अर्ली इंटरवेंशन सेंटर | 3,20,48,242 |
| साहिबगंज | डिस्ट्रीक अर्ली इंटरवेंशन सेंटर | 3,20,48,242 |
| चांडिल | अनुमंडल अस्पताल का रिडेवलमेंट | 16,61,84,717 |
| पलामू | बीएलसी नर्सिंग कॉलेज, हॉस्टल | 23,33,21,706 |
| दुमका | बीएलसी नर्सिंग कॉलेज, हॉस्टल | 23,33,21,706 |
| हजारीबाग | बीएलसी नर्सिंग कॉलेज, हॉस्टल | 23,33,21,706 |
| गिरिडीह | 50 बेड का अनुमंडल अस्पताल | 22,78,46,296 |
| गढ़वा | 50 बेड का हास्पिटल बिल्डिंग | 22,60,17,707 |
| जमशेदपुर | आयुष धनवंतरी हॉस्पिटल | 19,00,18,341 |
| बोकारो | 50 बेड का क्रिटकल केयर हॉस्पिटल | 22,60,17,783 |

## राज्य के 38 इंस्पेक्टरों और सार्जेंट मेजर का तबादला, पुलिस मुख्यालय से आदेश जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस मुख्यालय ने अलग-अलग जिले में पदस्थापित 38 इंस्पेक्टर, मेजर और सार्जेंट मेजर का तबादला कर दिया है। बुधवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय ने तबादला संबंधी आदेश जारी किया है। जिन पुलिस पदाधिकारियों का तबादला हुआ है, उनमें रांची खूंटी, जमशेदपुर, बोकारो, सरायकेला, हजारीबाग, रामगढ़, जामताड़ा, लातेहार, पाकुड़, चाईबासा और गिरिडीह जिला बल के पुलिस हैं। डीआईजी कार्मिक ए विजयालक्ष्मी के आदेश में कहा गया है कि संबंधित जिले के एसएसपी, एसपी स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारी को अविलंब भौतिक रूप से विरमित करते हुए पुलिस मुख्यालय को प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे।

**30 इंस्पेक्टर का हुआ तबादला**

रांची जिला बल से राजीव रंजन लाल, अहमद अली, रमेश कुमार सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, सपन कुमार महथा, राजीव कुमार और नवल किशोर प्रसाद शामिल हैं। खूंटी जिला बल से राजेश प्रसाद रजक, सुकांत त्रिपाठी, जयदेव टोप्पो, जमशेदपुर जिला बल से नित्यानंद महतो, अरविंद कुमार, सरायकेला जिला बल से कृष्ण मुरारी, हजारीबाग जिला बल से नीरज सिंह, गणेश सिंह, मनोज सिंह और ललित कुमार, कोडरमा जिला बल से अजय सिंह, रामगढ़ जिला बल से राजेश कुमार, विपिन कुमार और विद्या शंकर, बोकारो जिला बल से जय गोविंद प्रसाद गुप्ता, सुधीर सुरीन, विनोद गुप्ता, मोहम्मद रुस्तम अजय प्रसाद. दुमका जिला बल से देवरत पोद्दार, पाकुड़ जिला बल से सुरेंद्र रविदास, जामताड़ा जिला बल से सुरेश प्रसाद तथा लातेहार जिला बल से अमित गुप्ता शामिल है।

**आठ सार्जेंट मेजर और मेजर का तबादला :** तीन सार्जेंट मेजर का तबादला हुआ है, जिनमें लातेहार जिला बल से सुशांत कुमार, हजारीबाग जिला बल से अजीत कुमार चौबे और चाईबासा जिला बल से मंटू यादव. इसके अलावा पांच मेजर का तबादला हुआ है, जिनमें गिरिडीह जिला बल से सुदीप्त मंडल, कामेश्वर रजक, हजारीबाग जिला बल से दीपक टोप्पो, लातेहार जिला बल से संतोष कुमार और गौतम कुमार शामिल है।

## कांग्रेस की छटपटाहट को खूब समझ रही जनता : दीपक प्रकाश

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को कांग्रेस के जय भारत उपवास कार्यक्रम को सत्ता के बिना कांग्रेस की छटपटाहट बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी से भारत और भारतीयता के जय की उम्मीद नहीं है। यह पार्टी तो परिवार की जय में ही व्यस्त रहती है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने सत्ता सुख के लिए देश का विभाजन स्वीकार किया हो, कश्मीर को भारत से अलग-थलग करने की कोशिश की हो, देश के हजारों वर्ग किलोमीटर भूमि को चीन-पाकिस्तान को सौंप दिये हों, जिसने तुष्टिकरण की राजनीति में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को बदल डाला हो, जिसके युवराज ने कैबिनेट के फैसले को चौराहे पर फाड़ा हो, उस कांग्रेस से भारत का जय नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि देश में कुर्सी के लिए आपातकाल थोपकर लोकतंत्र का गला घोंटना क्या कांग्रेस का भारत जय था। उन्होंने कहा कि हजारों सिखों की हत्या क्या भारत जय था। क्या देश को घोटालों में डूबा देना भारत जय था। सर्जिकल स्ट्राइक में सेना पर सवाल खड़ा करना क्या कांग्रेस का शगल था।

## खबर एक नजर में

### घाटशिला में सीएम ने वर-वधू को दिया आशीष

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन के पुत्र रॉबिन सोरेन के विवाह के उपलक्ष्य में आयोजित आशीर्वाद समारोह में शामिल हुये। इस अवसर पर उन्होंने नव दंपती को खुशहाल जीवन के लिये बधाई, शुभकामनायें और आशीर्वाद प्रदान किया।

### बीडीओ के खिलाफ आरोप गठन दो मई को

**रांची।** मनरेगा में भुगतान के बदले रिश्वत मांगने के आरोपी चान्हो के तत्कालीन बीडीओ प्रवीण कुमार के खिलाफ 2 मई को आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई होगी। एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने आरोप गठन के लिए निर्धारित तारीख को आरोपी को व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहने का निर्देश दिया है। अदालत ने पिछले दिनों उसकी ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी भी खारिज कर दी थी। एसीबी ने चार अगस्त 2015 को बीडीओ प्रवीण कुमार को 3500 रुपये लेते रंगे हाथ पकड़ा था।

### विनोद गंझू की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मनी लांड्रिंग मामले के आरोपी भोक्ता कंस्ट्रक्शन, चतरा के मालिक विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका खारिज कर दी है। विनोद कुमार गंझू के चतरा स्थित आवास से वर्ष 2016 में पुलिस की छापेमारी में करीब 91 लाख बरामद हुए थे। इस मामले को लेकर टंडवा थाने में कांड संख्या 2/2016 दर्ज की गयी थी। इसी मामले को लेकर एनआईए ने केस दर्ज किया था। इसी के आधार पर ईडी ने भी विनोद कुमार गंझू के खिलाफ मनी लांड्रिंग का आरोप लगा केस दर्ज किया है।

### मिड-डे-मिल घोटाले के आरोपी पर आरोप गठित

**रांची।** झारखंड में 100 करोड़ रुपये मिड–डे–मिल घोटाले से जुड़े छह साल पुराने मामले में आरोपी मेसर्स भानु कंस्ट्रक्शन के पार्टनर बिल्डर संजय कुमार तिवारी, उसका सहयोगी राजू वर्मा एवं एसबीआई हटिया ब्रांच के तत्कालीन शाखा प्रबंधक अजय उरांव के खिलाफ आरोप तय कर दिया गया है। इससे तीनों की मुश्किलें बढ़ गई है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बुधवार को तीनों आरोपियों से उसके ऊपर लगे आरोपों के बारे में पूछा। तीनों ने कहा कि मामले में निर्दोष हैं। आगे ट्रायल फेस करेंगे। इसके बाद अदालत ने आगे की कार्रवाई करते हुए तीनों के खिलाफ आरोप तय किया। मामले में सीबीआई को गवाही कराने का निर्देश दिया। इसके लिए अदालत ने 10 मई की तारीख निर्धारित की है।

### कर्नाटक चुनाव में 5 कांग्रेसी नेता ऑब्जर्वर नियुक्त

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय समेत पांच नेताओं को कर्नाटक चुनाव के लिए ऑबर्जबर नियुक्त किया है। इनमें श्री पांडेय के अलावा झारखंड से डॉ अजय कुमार, डॉ ए चेला कुमार, मानिकम टैगोर, मोहन प्रकाश आदि शामिल हैं। अविनाश पांडेय को सेंट्रल कर्नाटक, डॉ ए चेला कुमार, मैसूर रीजन और मानिकम टैगोर को मुंबई, कर्नाटक रीजन, डॉ अजय कुमार को कॉस्टल कर्नाटक रीजन, मोहन प्रकाश को हैदराबाद कर्नाटक रीजन का जिम्मा दिया गया है।

### राज्य सरकार पर ₹10 हजार का लगा जुर्माना

**अवैध रूप से बालू के उठाव मामले में जवाब दाखिल नहीं करने पर लगा जुर्माना**

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर 10 हजार का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना अवैध बालू उठाव से संबंधित मामले में जवाब दाखिल नहीं करने पर लगाया गया है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य में अवैध रूप से बालू उठाव पर रोक जारी रखा है। मामले की अगली सुनवाई 14 जून निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने डिपार्टमेंट ऑफ माइनिंग एंड जियोलॉजी एवं झारखंड स्टेट मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (जेएसएमडीसी) को निर्देश दिया था कि वह राज्य में अवैध रूप से बालू उठाव पर रोक लगाएं।

## राजनीतिक अदावत से व्यक्तिगत कटुता तक पहुंच गया झारखंड के दो राजनीतिज्ञों का टकराव

# एक-दूसरे की गिरेबां तक झांकने लगे हैं बन्ना व सरयू

**उदय चौहान**

**रांची।** झारखंड की राजनीति के दो महारथी अब एक-दूसरे की गिरेबां तक झांकने लगे हैं। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और निर्दलीय विधायक सरयू राय के बीच टकराव तीखे मोड़ तक पहुंच गया है। दरअसल, बन्ना गुप्ता के कथित तौर पर अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद सरयू राय भी बीच में कूद पड़े हैं। श्री राय ने बीते मंगलवार को कथित वीडियो में संलिप्त महिला की पहचान उजागर कर दी थी। उन्होंने उक्त महिला को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की थी। साथ ही उन्होंने जमशेदपुर एसएसपी को स्वतः संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने को पत्र भी लिखा था। इसी के बाद बुधवार को मंत्री





बन्ना गुप्ता ने रांची में प्रेस कांफ्रेंस कर सरयू राय पर जबरदस्त हमला बोला। इससे राजनीति के सुचिता को आघात पहुंचना स्वाभाविक जान पड़ता है। अब राजनीतिक उठापटक का दौर कटुता की तीव्रता तक पहुंच चुका है।

खैर! मंत्री बन्ना गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि अश्लील वीडियो में कथित तौर पर संलिप्त महिला की निजता का उल्लंघन करने वाले सरयू राय कौन होते हैं? श्री राय उक्त महिला पर नजर रख कर मीडिया ट्रायल कर रहे हैं, जो अनुचित है। श्री राय की मानें तो मंगलवार की शाम चार बजे महिला के घर का दरवाजा खुला और पांच बजे वह सफेद कार में बैठकर निकली। इसका मतलब है कि सरयू राय अपने लोगों से महिला पर निगरानी कर रहे हैं। अब जब महिला बयान जारी कर स्वयं कह रही है कि वह मंत्री बन्ना गुप्ता को जानती तक नहीं है, वह वीडियो चैट उसके पति के साथ का है। जिसने भी इसे एडिट कर प्रसारित किया, उस पर कार्रवाई होनी चाहिये। इसके पहले भी दोनों नेताओं के बीच सदन में तीखी झड़प हुई थी। श्री गुप्ता ने सदन में श्री राय को राजनीतिक चाटुकार तक कह डाला था। इसके पहले श्री राय ने भी मुख्यमंत्री से मंत्री श्री गुप्ता को पद से हटाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से श्री गुप्ता ने राज्य के खजाने को चपत लगायी है। उन्होंने श्री गुप्ता के नेतृत्व में राज्य में 150 से 200 करोड़ रुपये का घोटाला का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि जेनरिक दवाओं की खरीद में राज्य में 150 से 200 करोड़ रुपये का घोटाला किया है। उन्होंने रांची में सीबीआइ के आईजी से मिलकर जेनरिक दवाओं की खरीद में घोटाला होने की शिकायत भी की थी। उन्होंने बताया था कि 2020 की शुरूआत में मंत्री ने टेंडर से निर्धारित न्यूनतम दर पर दवा की खरीद नहीं करा कर विभाग में एक संलेख तैयार कराया कि भारत सरकार की पांच दवा निर्माता कंपनियों से उनके द्वारा निर्धारित दर पर दवा खरीदी जाये।

उल्लेखनीय है कि सरयू राय व बन्ना गुप्ता के बीच राजनीतिक अदावत पिछले तीन साल से क्रमशः बढ़ता जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि दोनों नेताओं के बीच जमशेदुर पूर्वी और पश्चिमी विस सीट पर वर्चस्व को लेकर टकराव चल रहा है और यह टकराव 2024 आते-आते अधिक खतरनाक मोड़ ले सकता है।

जमीन घोटाले में जुड़ रहा एक दूसरे का तार, इडी को है फाइनांसर की तलाश

# दोस्ती बनी गले की फांस, एक-दूसरे को लपेटने की कोशिश !

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इडी अब राजधानी के वैसे जमीन कारोबारियों पर शिकंजा कस रही है, जो सरकारी जमीन, दूसरे की जमीन को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री और म्यूटेशन करा कर करोड़ों रुपए का वारा न्यारा किया है। सूचना के मुताबिक, इडी की जद में जमीन घोटाले को लेकर बिल्डर और भू-माफिया, सफेदपोश भी रडार पर हैं। इडी जमीन घोटाले के मामले में रांची के ही एक फाइनांसर की तलाश कर रही है, जो फर्जी तरीके से जमीन पर फाइनांस करता है। इडी की कार्रवाई करने के पीछे रिमांड पर लिये गये मो. सद्दाम के बैंक ट्रांजेक्शन के डिटेल्स पर की गयी।

बुधवार को इडी टीम ने जिस विपिन सिंह और शेखर महतो उर्फ कुशवाहा पर दबिश दी है ये दोनों रिम्स से निलंबित कर्मी अफसर अली और मो सददाम के



पार्टनर हैं। मो. अफसर अली जमीन का नेचर बदलवाने, खाता प्लॉट या क्षेत्रफल बदलवाने को लेकर कोलकाता में फर्जी डीड तैयार करनेवाला असली मास्टर माइंड है। नवंबर, 2022 में धालभूगढ़ में शेखर महतो उर्फ कुशवाहा पर फायरिंग और चेशायर होम रोड स्थित एक जमीन पर विपिन सिंह, अफसर अली, शेखर महतो उर्फ कुशवाहा, नेपाल महतो व एक अन्य का नाम पैसा लगाने के मामले में सामने आया है। चेशायर होम रोड में स्थित जमीन विवाद के कारण ही शेखर महतो उर्फ कुशवाहा पर गोली चली थी। शेखर कुशवाहा गोलीकांड में अफसर अली व उसके सहयोगियों के कहने पर ही उस पर फायरिंग की गई थी।

### विवाद के बाद दोस्ती में बढ़ी फूट

शेखर कुशवाहा गोलीकांड में मो सददाम ने पुलिस के पास इकबालिया बयान में कहा है कि उसने फाइनांसर के कहने पर ही शेखर महतो को मारने के लिए आदित्य सिंह उर्फ बिटटू को 15 लाख की सुपारी दी थी। पुलिस ने शेखर कुशवाहा गोलीकांड में आदित्य और सददाम को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

गौरतलब हो कि इडी कार्यालय में मो अफसर अली, मो सददाम हुसैन समेत छह आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इनमें अफसर अली, मो सददाम, बड़गाईं अंचन का सीआइ भानु प्रताप, जमीन कारोबारी प्रदीप खान, इम्तियाज अहमद, तान्हा खान शामिल है। सभी पर सेना की बरियातू स्थित 4.55 एकड़ जमीन और चेशायर होम के निकट स्थित एक एकड़ आदिवासी जमीन की अवैध खरीद- किक्री से संबंधित मामले में इडी रिमांड पर पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तारी के बाद रिम्स के रेडियोलॉजी विभाग के रेडियोग्राफर मो अफसर अली को हिरासत में लिए जाने की तिथि से निलंबित कर दिया है।

## अरगोड़ा से कटहल मोड़ तक सड़क होगी चौड़ी, ₹21.28 करोड़ आयेगी लागत

**सड़क चौड़ीकरण के बाद स्थानीय लोगों को मिलेगी जाम से मुक्ति**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य होगा। 5.300 किमी सड़क का चौड़ीकरण 21 करोड़ 28 लाख की लागत से होगा। सड़क चौड़ीकरण का कार्य 7 महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। इसे लेकर पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल रांची द्वारा टेंडर जारी किया गया है। टेंडर भरने की प्रक्रिया 3 मई से शुरू होगी। अंतिम तिथि 10 मई है। इसके बाद 11 मई को टेंडर खोला जायेगा।

**अरगोड़ा चौक से कई सड़कें हैं कनेक्ट :** अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ तक सड़क चौड़ीकरण होने से जाम से मुक्ति मिलेगी। यह सड़क रिंग रोड और नेशनल हाईवे 23 को जोड़ती है। इसके अलावा अरगोड़ा चौक अशोकनगर, एचईसी और हरमू बायपास रोड़ को भी कनेक्ट करती है। इस सड़क पर दिनभर वाहनों की आवाजाही होती रहती है। लेकिन अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ जाने के लिए कई जगहों पर सड़क की चौड़ाई काफी कम है। जिसकी वजह से यहां हमेशा जाम लगा रहता है। सड़क चौड़ीकरण होने से राजधानी का ट्रैफिक लोड कम हो जायेगा।

राज्य में प्रीपेड-मोड वाले लगाये जायेंगे 13.41 लाख स्मार्ट मीटर

# झारखंड में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए केंद्र ने दिये 800 करोड़ रुपये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया जारी है। अभी राजधानी रांची में स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं। जमशेदपुर, धनबाद में भी स्मार्ट मीटर लगाये जाने की प्रक्रिया चल रही है। आने वाले समय में राज्य भर में स्मार्ट मीटर लगाये जायेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार ने राज्य को 800 करोड़



रुपये की स्वीकृति दे दी है। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो आने वाले एक साल में राज्य भर में स्मार्ट मीटर लगाये जाने हैं। इसके लिए 800 करोड़ रुपए खर्च होंगे, जिसकी स्वीकृति केंद्रीय उर्जा मंत्रालय ने दी है। राज्य में 13.41 लाख स्मार्ट मीटर लगाये जाने है, जो प्रीपेड मोड पर होंगे। इससे बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा मिलेगी और जेबीवीएनएल का रेवेन्यू लॉस भी घटेगा।

**बिजली घाटा कम करने के लिए ₹3200 करोड़ :** केंद्र सरकार के आदेश के अनुसार बिजली घाटा कम करने के लिए भी निगम को राशि स्वीकृति दी गयी है, जो कुल 3200 करोड़ रुपए है। इस राशि से जेबीवीएनएल को बिजली संसाधनों को बेहतर करना और बिजली घाटा कम करना है। आरडीएसएस रिवैम्प डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत राज्य में संसाधनों के विकास, बिजली घाटा कम करने, प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने पर काम किया जायेगा। स्कीम के तहत सभी 24 जिलों में बिजली के संसाधनों का विकास किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्रों में बिजली का बेहतर नेटवर्क स्थापित किया जायेगा।

खबर एक नजर में

### अगले चार दिनों तक बारिश की संभावना



**रांची।** राज्यवासियों को आने वाले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार 30 अप्रैल तक राज्य में मौसम खुशनुमा बना रहेगा। इस दौरान राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बारिश होगी। वहीं कुछ इलाकों में बादल छाये रहेंगे। विभाग की मानें तो आने वाले चार दिनों तक राज्य के तापमान में वृद्धि की संभावना नहीं है। 30 अप्रैल के बाद तापमान में वृद्धि दर्ज की जा सकती है। जो चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक होगी। बुधवार को भी राज्य के कई जिलों में बारिश हुई है।

### टैगोर हिल पर ब्रह्म मंदिर संरक्षण मामले में 14 को सुनवाई

**रांची।** राजधानी रांची के टैगोर हिल पर स्थित ब्रम्ह मंदिर के संरक्षण एवं केंद्र सरकार द्वारा इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने का आग्रह करने वाली सोसाइटी ऑफ प्रिजर्वेशन ऑफ ट्राईबल कल्चर एंड नेचुरल ब्यूटी की जनहित याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, केंद्र सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं हो सका, तो इन दोनों ने कोर्ट से समय की मांग की। इस पर कोर्ट ने इन दोनों को 3 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 14 जून निर्धारित की।

### कौशल विकास विभाग के 5 अधिकारियों को शोकॉज

**रांची।** कौशल विकास केंद्र में कई वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर (भीटीपी) के बकाया राशि का भुगतान नहीं किये जाने के खिलाफ दायर याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में इश्मत अंसारी की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान श्रम विभाग के सचिव ने अदालत को बताया कि जिन लोगों का बकाया था, उन्हें बकाया राशि का भुगतान कर दिया गया है। इसके साथ सचिव ने अदालत को यह जानकारी दी कि श्रम विभाग के अधिकारी देवेंद्र प्रसाद और अन्य पांच अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। श्रम विभाग की ओर से दिए गए जवाब से संतुष्ट होकर अदालत ने याचिका का निष्पादन कर दिया है।

### युवती के हत्यारों को उम्रकैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने युवती की हत्या के जुर्म में अनगड़ा निवासी राजेंद्र महतो (27) एवं शत्रुघ्न महतो (25) को दोषी करार कर उम्र कैद की सजा सुनाई है। दोनों पर 35-35 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर दोनों को अतिरिक्त चार साल जेल काटनी होगी। घटना को लेकर मृतका के पिता लखी राम महतो ने अनगड़ा थाना में 20 मई 2018 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अभियुक्तों पर अनगड़ा थाना क्षेत्र सिरका मेढ़े टुंगरी भगत जड़ा गांव की युवती संगीता कुमारी की हत्या 18 मई 2018 को करने का आरोप था।

### सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति मामले में 21 जून को खंडपीठ में सुनवाई

**रांची।** सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति मामले में अपील पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील दायर की गयी है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अपीलकर्ता की ओर से समय मांगे जाने पर मामले की सुनवाई 21 जून निर्धारित की है। इस संबंध में विवेक हर्षल, स्वप्निल मयूरेश एवं अन्य ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि परीक्षा में 22 ऐसे अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए हैं, जिनके पास विज्ञापन की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) में पंजीयन का प्रमाण पत्र नहीं है। विज्ञापन में ऐसी कोई शर्त नहीं थी। नियुक्ति प्रक्रिया के बीच में विज्ञापन की शर्तों में बदलाव नहीं किया जा सकता है। ऐसे में इनकी परीक्षा रद्द किया जाए।

### अग्रवाल बंधुओं की हत्या मामले में फैसला शीघ्र

**रांची।** रांची के अशोक नगर स्थित एक न्यूज चैनल के कार्यालय में दो सगे अग्रवाल बंधुओं की हत्याकांड से जुड़े चार साल पुराने मामले में जल्द फैसला आने की संभावना है। बुधवार को मामले के जांच अधिकारी सह अरगोड़ा थाना प्रभारी बिनोद कुमार की गवाही पूरी होने के बाद अदालत ने अभियोजन गवाही बंद कर दिया है। मामले में अब आरोपियों का बयान दर्ज किया जायेगा। इसके लिए अदालत ने 29 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। हत्याकांड के मुख्य आरोपी लोकेश कुमार चौधरी घटना का अंजाम देने के बाद लगभग 21 महीने तक फरार रहा। पुलिस की दबिश पर नौ मार्च 2020 को अदालत में सरेंडर किया। वह जेल में है। मामले में लोकेश चौधरी के साथ रवि शंकर लाल, सुनील कुमार उर्फ सुनील सिंह एवं धर्मेंद्र कुमार तिवारी ट्रायल फेस कर रहा है।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार नहीं है गंभीर : आशा लकड़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह मेयर आशा लकड़ा ने कहा है कि नगर निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि ट्रिपल टेस्ट कराने के नाम पर राज्य सरकार निकाय चुनाव को टालने का प्रयास कर रही है। जब राज्य सरकार को ट्रिपल टेस्ट ही कराना था तो सरकार ने पूर्व में ही यह निर्णय क्यों नहीं लिया। जब नगर निकाय के चयनित जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल पूरा होने का समय आ गया तो राज्य सरकार ने आनन-फानन में यह घोषणा कर दी कि अब ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद ही नगर निकाय का चुनाव कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि वह बीते छह अप्रैल को ही सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर सूचित किया था कि राज्य के कई नगर निकायों का कार्यकाल 28 अप्रैल 2023 को समाप्त हो रहा है। लेकिन, अब तक निकाय चुनाव की तिथि की घोषणा नहीं कि गई है। ऐसी स्थिति में ससमय चुनाव होना प्रतीत नहीं हो रहा है। अतः जब तक नगर निकायों के चुनाव की घोषणा नहीं हो जाती, तब तक रांची समेत उन सभी नगर निकायों के कार्यकाल में विस्तार किया जाये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को नगर निकाय के जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल को भी चुनाव तक विस्तार दिया जाना चाहिये।

जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम में भाजपा पर उबले निलंबित कांग्रेसी नेता, कहा

## केंद्र को ₹20 हजार करोड़ का हिसाब तो देना ही होगा

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत बुधवार को डोरंडा स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा का संकल्प लिया एवं प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निलंबित नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू समेत अन्य शामिल हुए। उन्होंने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया। श्री दूबे ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रदद होना, सदन के अंदर उन्हें बोलने की इजाजत नहीं मिलना और घर से बेदखल करना इस बात का संकेत है कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र गंभीर खतरे के दौर से गुजर रहा है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा हमारे पास सत्य की ताकत है और सत्याग्रह का संकल्प है। डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि भाजपा अलोकतांत्रिक कार्यों को लेकर विपक्ष के जनप्रतिनिधियों को संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से देशभर में डराने की कोशिश कर रही है।

हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को आदेश की कॉपी भेजने को कहा

## एक ही केस में झारखंड हाइकोर्ट के दो अलग-अलग आदेश, सुप्रीम कोर्ट ने जतायी नाराजगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दिल्ली/रांची।** एक ही मामले के अभियुक्तों को जमानत देने में झारखंड हाईकोर्ट के अलग-अलग आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जतायी है। देश की शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि झारखंड हाईकोर्ट से इस तरह का दूसरा मामला, उसके समक्ष पेश किया गया है, जिसमें एक अभियुक्त को जमानत दी गयी है, जबकि इसी प्राथमिकी के दूसरे आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया गया है। अदालत ने कहा कि एक ही मामले में परस्पर विरोधी आदेश दिया जाना उचित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अदालत ने इस मामले में प्रार्थी को झारखंड के स्टैंडिंग कौंसिल को नोटिस जारी कर प्रतिवादी बनाने और चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि एक ही मामले की सुनवाई एक ही बेंच में किया जाना उचित है। कई हाईकोर्ट में यह व्यवस्था लागू की गयी है। इससे परस्पर विरोधी आदेश से बचा जा सकता है।

अदालत ने झारखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को इस आदेश की कॉपी भेजने को कहा है। रजिस्ट्रार जेनरल को इसे झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के पास पेश करने को कहा गया है, ताकि वह इस पर उचित निर्देश जारी कर सकें। इस संबंध में सुजीत कुमार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की थी। इसमें कहा गया था कि एक ही एफआईआर में झारखंड हाईकोर्ट की एकल पीठ ने सह अभियुक्त को जमानत दी है, जबकि उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गयी है।

## परीक्षा पास करने से पहले बच्चों को मिल जायेगा प्रमोशन, आदेश जारी

**एक जून से शुरू होंगी कक्षाएं और 12 जून से कॉपियों का होगा मूल्यांकन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के प्रारंभिक स्कूलों में पढ़ाई कर रहे बच्चों का रिजल्ट भले ही 15 जून के बाद आयेगा परंतु उन्हें एक जून से ही अगले कक्षा के लिए प्रमोशन दे दिया जायेगा। इससे संबंधित आदेश जेईपीसी की प्रोजेक्ट डायरेक्टर किरण पासी ने जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे बच्चों को एक जूने अगले कक्षा के लिए उत्तीर्ण करते हुए कक्षाएं शुरू की जाये। इसके बाद उनका मूल्यांकन किया जायेगा। ऐसे में फिर मूल्यांकन का क्या महत्व रह जायेगा। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने भी इस पत्र को लेकर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि इन दो पत्रों के एक ही तिथि एवं एक ही अधिकारी द्वारा जारी होने से शिक्षकों में ऊहापोह की स्थिति तो उत्पन्न है, साथ ही राज्य के गरीब बच्चों के भविष्य के साथ अधिकारीगण किस प्रकार खिलवाड़ कर रहे हैं इसकी बानगी भी प्रस्तुत करता है। संघ का मानना है आखिर प्रदेश के शिक्षक पत्र का अनुपालन करें तो कैसे करें। अधिकारियों की सोची समझी चाल है कि कैसे शिक्षकों को परेशान किया जाये। चिंता नहीं है कि छात्रों का भविष्य क्या होगा? संघ ने सचिव सहित राज्य के मुख्यमंत्री से मांग किया है कि इस तरह के पत्र (निर्देश) पर रोक लगायी जाये।

## सरकारी खर्चे पर एसटी-एसी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के 25 बच्चे जायेंगे विदेश

कल्याण विभाग ने 30 मई तक मांगे आवेदन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार की मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ट्रांसनेशनल स्कॉलरशिप स्कीम के तहत इस साल एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के 25 बच्चों को पढ़ाई के लिए विदेश भेजा जाएगा। इसके लिए स्टूडेंट्स से आवेदन मांगे गये हैं। 30 मई तक स्टूडेंटस को आवेदन करना होगा। इसके बाद टॉप 20 का चयन किया जाएगा और फिर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजा जाएगा।

**विदेश के प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में कर सकते हैं शिक्षा ग्रहण :** आदिवासी कल्याण विभाग के अंतर्गत शुरू की गयी इस स्कीम के तहत राज्य के अनुसूचित जनजाति के प्रतिभावान लड़के-लड़कियां विदेशों के प्रतिष्ठित संस्थान और यूनिवर्सिटी, जैसे- ऑक्सफोर्ड और कैंब्रिज में उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। इसके तहत यूनाईटेड किंगडम के 110 विश्विद्यालय, संस्थानों में चिन्हित विषयों में एक या दो वर्षीय मास्टर, एम फिल कोर्स के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसका पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

**पूरे देश में इस स्कीम को शुरू करनेवाला पहला राज्य झारखंड**

पूरे देश में झारखंड पहला राज्य है, जहां पर इस तरह की स्कीम लायी गयी है। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं अन्य पिछड़े वर्ग के विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकते हैं। स्कीम के तहत कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के 10, अनुसूचित जाति के 7, अल्पसंख्यक वर्ग के 3 तथा पिछड़ा वर्ग के अधिकतम 7 बच्चों का विदेश में उच्च शिक्षा के लिए चयन किया जाएगा।

सरकार ने हाइकोर्ट को दी जानकारी

## खराब लॉ एंड ऑर्डर की वजह से बदली गयी एकलव्य स्कूल बनाने की जगह

**रांची।** मांडर के चान्हो में बनने वाले एकलव्य स्कूल के लिए चयनित स्थान को दूसरी जगह बदलने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने कोर्ट को बताया कि दूसरी जगह स्कूल की शिफ्टिंग लॉ एंड ऑर्डर की खराब स्थिति को देखते हुए करना पड़ा था। उनकी ओर से मामले से संबंधित एफआईआर की जानकारी हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली खंडपीठ को दी गई। कोर्ट ने प्रार्थी को दर्ज प्राथमिकी पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने प्रार्थी से पूछा है कि वह सत्यापन कर बताए कि दर्ज प्राथमिकी में उसके गांव के लोग आरोपी हैं या नहीं। बता दें कि चान्हो में एकलव्य स्कूल बनाने के लिए राज्य सरकार ने 52 एकड़ जमीन दी थी। केंद्र से फंड भी आवंटित हुआ लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल की लोकेशन को चेंज करने के लिए हंगामा किया गया था। कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ क्या-क्या एक्शन लिया गया और स्कूल के चयनित स्थान को बदलने का क्या-क्या आधार है।

माओवादी एरिया कमांडर कुंदन पाहन दस्ते में सक्रिय था राम पोदो लोहरा

# पुलिस से नफरत करनेवाला नक्सली अब सिल रहा उसी की वर्दी!

**सुकून की जिंदगी**

**कुबेर सिंह**

**रांची।** जब वह नक्सली दस्ते में था तो उसे पुलिस और उसकी वर्दी से नफरत थी। पुलिस की खाकी वर्दी देख उसे खून से लाल कर देने की तमन्ना रखने वाला पूर्व नक्सली आज उसी खाकी वर्दी को सिलकर अपना जीवन यापन कर रहा है। जी हां, यह कोई नहीं। पूर्व नक्सली राम पोदो लोहरा है जो आज राजधानी रांची के न्यू पुलिस लाइन में एक छोटे से कमरे में पुलिस की वर्दी सिलने का काम करता है। जिनके यहां न सिर्फ अरक्षी बल्कि रांची के आइपीएस अफसर भी अपनी वर्दी सिलवाते हैं।



**ऐसे बदल गई जिंदगी :** उन्होंने बताया कि जंगल में रहते समय हर वक्त एक डर सताता रहता था कि कहीं पुलिस ना आ जाये। राम पोदो लोहरा के मुताबिक, एक बार वे जंगल में वर्दी सिलने का काम कर रहे थे तभी पुलिस के आने की खबर आ गई। उन्हें अपनी सिलाई मशीन छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा था। मगर जब से उन्होंने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया तब से जिंदगी बदल गई। आज वे आजाद महसूस करते हैं। लोगों की नजर में अब उन्हें गलत नहीं माना जाता है। आज राम पोदो लोहरा अपने पुत्र के साथ पुलिस की वर्दी सिलते हैं।

### एक समय कुख्यात कुंदन पाहन दस्ते का सक्रिय सदस्य था राम पोदो लोहरा

कभी कुंदन पाहन के सक्रिय नक्सली राम पोदो लोहरा आज अपनी जिंदगी में खुश है। बकौल, राम पोदो लोहरा, जब वे पार्टी में सक्रिय थे तब उन्हें पुलिस को देखना बिल्कुल पसंद नहीं आता था क्योंकि उनको ये बात अच्छे से पार्टी द्वारा समझा दी गई थी कि पुलिस कभी भी गरीबों का दर्द नहीं समझता है, तब लगता था कि इस खाखी वर्दी को मिटा दिया जाये। उन्होंने बताया कि वे कुंदन पाहन के दस्ते में भी वर्दी और पीठू (पीठ में ढोने वाला बैगा) सिलने का काम किया करते थे, तब उन्हें ये नहीं पता था कि इस काम की वजह से उनके जीवन में काला धब्बा लग जायेगा। उन्होंने कई बार पुलिस से लोहा लिया कई बार पुलिस के खिलाफ गोलियां भी चलानी पड़ी।

> राम पोदो लोहरा एक समय सक्रिय नक्सली हुआ करते थे। जब इनको आत्मसमर्पण करने का मौका मिला तब ये हमसे जुड़े और तब से ये मुख्यधारा से जुड़ चुके हैं। इनको जो मुआवजा राशि दी जानी थी वह दे दी गई थी। जब प्रशासन को पता चला कि राम पोदो वर्दी सिलने का काम करते हैं तब से उनसे सेवा ली जा रही है।
>
> *किशोर कौशल, एसएसपी, रांची*

## मनरेगा के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूरी करें : शैलेश कुमार सिंह

**झारखंड मनरेगा में सीइ और एसइ का पद सृजित कर जल्द बहाली का निर्देश**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार सिंह ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि मनरेगा के रिक्त पदों पर जल्द ही नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर नियुक्ति की जाये। हर हाल में तकनीकी स्टॉफ की भर्ती करने को कहा है, ताकि मनरेगा योजना का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो सके। राज्य में मनरेगा में राज्य स्तर से जिला व प्रखंड स्तर तक 4350 स्वीकृत पद हैं, जिनमें 3571 पद पर कर्मी कार्यरत हैं। वहीं 779 पद अभी रिक्त है।

### जल्द बहाल करें सीइ और एसइ



मनरेगा के काम में राज्यस्तर पर चीफ इंजीनियर, अधीक्षण अभियंता की बहाली करने को कहा गया है। हालांकि, झारखंड में ये दोनों पद अभी तक सृजित नहीं हैं, ऐसे में पद सृजित कर नियुक्ति करने को कहा है। वहीं, राज्य स्तर पर कार्यपालक अभियंता का पद सृजित है, लेकिन इस पद पर नियुक्ति नहीं हुई है। जिला स्तर पर कार्यपालक,सहायक व कनीय अभियंता का पद ही स्वीकृत नहीं हुआ है। ऐसे में इन तीनों लेबल में पद सृजित कर नियुक्ति करने को कहा गया है।

### प्रखंड स्तर पर भी है रिक्तियां

प्रखंड स्तर पर कनीय अभियंता और सहायक अभियंता के पद सृजित हैं, पर यहां भी रिक्तियां हैं। पद रिक्त होने की वजह से मनरेगा का काम प्रभावित हो रहा है, योजनाओं का निरीक्षण, मापी इत्यादि में परेशानी हो रही है। ऐसे में अभी 779 पद रिक्त हैं। वहीं, नये पद सृजित किए गये तो इसकी संख्या और बढ़ेगी। अधिकारियों के अनुसार ग्रामीण विकास विभाग जल्द ही संविदा पर तकनीकी स्टॉफ की नियुक्ति प्रारंभ करने की दिशा में काम कर रहा है।

# हिमालय के बेस कैंप पर पहुंचे झारखंड के शशि शेखर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के शशि शेखर ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई बीते मंगलवार को प्रारंभ की है। एवरेस्ट की चढ़ाई चढ़ते हुये शशिशेखर माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप पर पहुंच गये हैं। इसकी ऊंचाई 5364 मीटर है। शिखर तक की चढ़ाई के लिए शशि शेखर ऐक्लीमेटाइज और ट्रेनिंग कर रहे है।

अनुकूल मौसम के संकेत मिलते ही मां सागरमाथा के पारंपरिक पूजन के बाद आगे चढ़ाई की जायेगी। शशिशेखर शिखर पर पहुंच कर तिरंगा लहरायेंगे। मालूम हो कि इसके पूर्व शशि शेखर ने माउंट मणिरंग के समिट कैंप पर तिरंगा फहराया था जो कि लगभग 19000 फीट पर स्थित है। माउंट मणिरंग हिमाचल प्रदेश में स्थित भारत की सबसे ऊंची चोटियों में से एक है। जिसकी कुल ऊंचाई 21631 फीट है। गौरतबल है कि शशि शेखर आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो के पुत्र हैं। शशि शेखर ने शांति रॉय जो कि पश्चिम बंगाल के सबसे पुराने माउंटेनियरिंग क्लब में से एक ट्रैवलर्स गिल्ड के सेक्रेटरी हैं, के मार्गदर्शन में इस एक्सपीडिशन का प्रयास किया। शशि शेखर ने इससे पूर्व नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स, (आइएमएमएएस) अरुणाचल प्रदेश से बेसिक पर्वतारोहण का कोर्स किया हैए जहां उन्होंने 16500 फीट पर स्थित गोरिचेन ग्लेशियर पर ट्रेनिंग किया था। इसके बाद उन्होने हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट से एडवांस माउंटेनियररिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने सर्च एवं रेस्क्यू कोर्स भी पूरा किया है। पर्वतारोहण के शौकीन शशि शेखर आगे चलकर कई ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य है। उम्मीद की जानी चाहिये कि आने वाले समय में शशिशेखर झारखंड का नाम देश-दुनिया में रौशन करेंगे।

### आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो के पुत्र हैं शशि



# खाटू नरेश का हुआ भव्य तिलक श्रृंगार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल रांची द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पिछली अमावस्या व उसके बाद अक्षय तृतीया के महानस्नान के बाद आज तिलक श्रृंगार किया गया। राजस्थान स्थित खाटू धाम के खाटू श्याम मंदिर में भी बाबा श्याम का आज केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया है।

उन्होंने बताया कि खाटू नरेश को नया बागा (वस्त्र) पहनाया गया। कोलकाता से मंगाये गये सुगंधित फूलों और तुलसीदल की मोटी-मोटी मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। फिर पंचमेवा का भोग अर्पित किया गया। गोड्डा निवासी अजय कुमार सिंह ने श्रृंगार सेवा निवेदित की। मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, मंदिर के पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा, अनूप दाधीच व मंदिर के आचार्यों ने विधि विधान से खाटू नरेश का श्रृंगार किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी व मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू उपस्थित थे।



**29 अप्रैल को श्री श्याम भंडारा :** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार (29 अप्रैल) को 60वां श्री श्याम भंडारा आयोजित होगा। ज्ञात हो कि हर शनिवार को श्री श्याम भंडारा आयोजित होता है। 60वें श्री श्याम भंडारे की सेवा मेडिका अस्पताल रांची के प्रबंध व्यवस्था के प्रमुख अनिल शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट सुनीता शर्मा, रामअवतार जांगिड़, जीएम पूनम जांगिड़, ज्ञानेश झा, वित्त प्रमुख प्रियंका झा अपने अपने परिवार के साथ भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी पर हुई चर्चा

**रांची।** माननीय झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर व्यवहार न्यायालय रांची में 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। उसी क्रम में लोक अदालत की प्री-काउंसेलिंग बैठक जारी हैं, जोकि 12 मई तक चलेगी। डालसा की तैयारी भी जोरों पर है। बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार(डालसा) रांची के हॉल में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी व डालसा सचिव की अध्यक्षता में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई, जिसमें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, मिथलेश कुमार सिंह, डालसा सचिव, राकेश रंजन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी तथा पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने अधिक से अधिक नोटिस का तामिला कराने हेतु दिशा-निर्देश दिये।

# नगर निगम ने रोशन सुरीन को भेजा नोटिस

## कहा- 72 घंटे में हटायें रोस्पा टावर से अतिक्रमण, नहीं तो निगम करेगा ध्वस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 72 घंटे में तोड़ें रोस्पा टावर के बेसमेंट से अतिक्रमण को, नहीं तो रांची नगर निगम उसे ध्वस्त करेगी। उसे ध्वस्त करने में जो खर्च आयेगा, वह रोशन कुमार सुरीन से वसूला जायेगा। रांची नगर निगम के न्यायालय कोषांग ने जीइएल चर्च प्रेस कंपाउंड निवासी रोशन कुमार सुरीन को नोटिस भेज कर यह सूचित किया है।

नगर निगम ने कहा है कि महात्मा गांधी रोड स्थित रोस्पा टावर भवन के विरुद्ध दर्ज अनधिकृत निर्माण वाद संख्या 06/2016 में तत्कालीन नगर आयुक्त रांची नगर निगम द्वारा दिनांक 01.09.2016 को पारित आदेश, जिसमें रोस्पा टावर के बेसमेंट में पार्किंग स्थल की चिह्नित भूमि पर व्यावसायिक गतिविधियां चालू रखने, गलत शपथ पत्र दाखिल करने एवं न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने का दोषी पाये जाने पर बेसमेंट में पार्किंग व्यवस्था स्वीकृत नक्शे के अनुरूप बहाल करने तथा सभी अवैध निर्माण 15 दिनों के अंदर ध्वस्त करने का आदेश दिया गया था। रोस्पा टावर में बेसमेंट पार्किंग के लिए चिह्नित कुल स्थल 1422 वर्ग मीटर क्षेत्र में 814.40 वर्ग मीटर क्षेत्र पर अतिक्रमण करने एवं अनधिकृत निर्माण को हटाने का आदेश दिया गया था। साथ ही, धारा 428 एवं 453 (4) के तहत कुल 52,79,200 रुपये का दंड लगाया गया था। नगर आयुक्त के उपर्युक्त आदेश के विरुद्ध दायर अपील को अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा दिनांक 22 अप्रैल 2022 को खारिज करते हुए नगर आयुक्त रांची नगर निगम के आदेश को बरकरार रखा गया था।

सहायक नगर आयुक्त रांची नगर निगम ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा आपके अपील को खारिज किये जाने के बाद नगर आयुक्त रांची नगर निगम द्वारा 01.09.2016 को पारित आदेश पुनः प्रभावी हो जाता है। इस आदेश के विरुद्ध आपके द्वारा कोई स्टे आर्डर भी नहीं दिखाया गया है। न्यायपूर्ण तरीके से न्यायिक फोरम द्वारा पारित आदेश का स्वेच्छा से आपके द्वारा पालन न किया जाना इस बात का द्योतक है कि न्यायिक प्रक्रिया पर आपकी कोई श्रद्धा नहीं है। आप जानबूझकर न्यायिक आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं।

### रोस्पा टावर के बेसमेंट से अवैध निर्माण नहीं हटा, तो निगम एक सप्ताह में करे कार्रवाई : हाइकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने रोस्पा टावर के बेसमेंट में बने अवैध निर्माण को हटाने का आदेश जारी किया है। कहा है कि पार्किंग के लिए छोड़ी गयी जगह का इस्तेमाल व्यावसायिक गतिविधि के लिए नहीं किया जाना चाहिए। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम और ब्रेस्ट फीडिंग रूम बनाने के लिए एक जगह चिह्नित करने का निर्देश दिया। अदालत ने रांची नगर निगम को निर्देश दिया है कि बेसमेंट में बने अवैध निर्माण को अगर एक सप्ताह में नहीं हटाया जाता है, तो निगम इस पर कार्रवाई करे। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पक्ष रखा।



## खबर एक नजर में

### आचार्यकुलम विद्यालय के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रांची।** गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 21 से 23 अप्रैल 2023 तक रांची जिलास्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। इस प्रतियोगिता में आचार्यकुलम विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिये और भव्य प्रदर्शन किये। इसमें पलक गुप्ता ने अपने चार मैच जीतकर 4 अंक प्राप्त किये। अन्य छात्र-छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किये। इनमें अरनव राठौर, अभ्युदय कुमार, समर प्रताप सिंह, धृति तिवारी, अंशुमन रंजन, अनभ्या तिवारी शामिल हैं। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुजाता कौर ने छात्रों के इस सफल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी इसी तरह मेहनत करते रहें और आने वाले भविष्य में इससे बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय एवं देश स्तरीय प्रतियोगिता में भी अव्वल आयें। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के खेल शिक्षक दीपक गोप की अहम भूमिका रही।

### खो-खो का ऑफिशियल ट्रेनिंग सेमिनार संपन्न

**रांची।** झारखंड राज्य खो-खो एसोसिएशन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय प्रशिक्षण सेमिनार बुधवार को संपन्न हो गया। यह सेमिनार बंगीय सांस्कृतिक परिषद विधालय, सेक्टर-दो, धुर्वा के सभागार में किया गया था। इस सेमिनार में रांची जिला के लगभग पैंतीस लोगों ने ऑफिशियल सेमिनार में भाग लेकर लाभान्वित हुये। रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने सभी सबजुनियर-जुनियर, सीनियर मैदान बनाने एवं सभी खेल नियमों का विस्तृत जानकारी दिये। इस अवसर पर झारखंड राज्य खो-खो एसोसिएशन के पर्यवेक्षक अमीत कुमार पाण्डेय ने सेमिनार में भाग ले रहे सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय निर्णायक संगीता कुमारी, विवेक कुमार, सुभाष गांगुली, संजय कुमार, कौशल कुमार एवं एम मोदस्सर ने पूरे ट्रेनिंग सेमिनार में सहयोग किया।

### खुशियां बांटने का कार्यक्रम है ईद मिलन समारोह

**रांची।** मॉर्निंग ग्रुप रांची के तत्वावधान में बुधवार को जीईएल चर्च परिसर में ईद मिलन का अयोजन किया गया। ईद मिलन के इस कार्यक्रम में मॉर्निंग ग्रुप रांची के तमाम मेंबर्स के अलावा पूर्व विधायक जय प्रकाश गुप्ता, समाजसेवी विजय साहू मौजूद थे। मॉर्निंग ग्रुप रांची के सरसपरस्त हाजी हलीम व सदर अकील उर रहमान ने इस अवसर पर कार्यक्रम में आए तमाम मेहमानों इत्र लगाकर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर जय प्रकाश गुप्ता ने उपस्थित तमाम लोगों को ईद की बधाईयां देते हुए कहा कि ईद खुशी बांटने, एक दूसरे से गले मिलकर गिले शिकवे दूर करने का त्योहार है। विजय साहू ने ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद का विशेष व्यंजन सेवईयां जितनी मीठी होती है , यह त्योहार भी समाज में उतनी ही मिठास घोलता है।

### दमकल वाहनों के माउंटिंग सिस्टम गूगल मैप से जुड़ेंगे

**रांची।** राजधानी रांची में आगजनी में लोगों की संपत्ति को नुकसान से बचाने के लिए अग्निशमन विभाग ने कमर कस लिया है। इस बाबत दमकल वाहनों के माउटिंग सिस्टम गूगल मैप से जुड़ेगा। बुधवार को अग्निशमन डीजी अनिल पाल्टा के निर्देश पर डेमो किया गया, जिसमें अग्निशमन वाहन सूचना मिलने के बाद पलक झपकते ही घटनास्थल पर पहुंच गई। डीजी ने कहा कि दमकल के वाहन अगर समय पर घटनास्थल पहुंचेगें तो निश्चित रूप से आग की घटना को विकराल होने से रोका जा सकेगा। यही वजह है कि अब झारखंड में दमकल के वाहनों के मॉनिटरिंग सिस्टम को दुरुस्त किया जा रहा है. इसके लिए गूगल मैप को आधार बनाया जा रहा है। आमतौर पर लोगों की शिकायत होती है कि दमकल के वाहनों को सही समय पर सूचना देने के बावजूद वह समय पर नहीं पहुंचते हैं। शिकायतों पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए डीजी अग्निशमन अनिल पलटा ने दमकल वाहनों के माउंटिंग सिस्टम को गूगल मैप से जोड़ने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि इसके लिए ट्रायल रन शुरू कर दिया गया है। जीपीएस सिस्टम के जरिए गूगल मैप पर आ जाने के बाद दमकल के वाहनों की मॉनिटरिंग मुख्यालय में बैठे-बैठे ही की जा सकेगी।

### नौ दिवसीय नवसृजन गायत्री साधना अनुष्ठान आज से

**रांची।** गायत्री परिवार मुख्यालय शांतिकुंज के तत्वावधान एवं संरक्षण में नवयुग सृजन साधना के मासिक अनुष्ठान की श्रृंखला में नौ दिवसीय अनुष्ठान 27 अप्रैल से शुरु हो रहा है। यह अनुष्ठान गुरुवार को वैशाख मास शुक्ल सप्तमी गुरुवार से शुरू होकर वैशाखी पूर्णिमा शुक्रवार तक महापुणाहुति के साथ संपन्न होगा। इसमें देश-विदेश से कई साधक आज संकल्पित हुए। इसका प्रसारण व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से ब्रह्म मुहूर्त में प्रातः जागरण से लेकर आत्मबोध साधना, प्राणायाम, सविता ध्यान,गायत्री मंत्र जप,यज्ञ,वैश्विक प्रार्थना एवं रात्रि तत्व बोध साधना तक का संपूर्ण कोर्स संचालित होगा। साथ ही प्रतिदिन ऑनलाइन यूट्यूब एवं जूम माध्यम से सायंकाल से रात 9:00 बजे तक सामूहिक साधना, स्वाध्याय एवं ध्यान शयन, गीत-वंदना, शुभकामना व शान्ति पाठ का सत्र चलाया जाएगा। वरिष्ठ साधक जय नारायण प्रसाद ने यह जानकारी दी।

### उच्च गुणवत्तायुक्त टैब उपलब्ध कराये विभाग : शिक्षक मोर्चा

**रांची।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी सहित सचिव, स्कूली शिक्षा एव साक्षरता विभाग, निदेशक, माध्यमिक एंव प्राथमिक शिक्षा को ईवीवीके नये वर्जन में व्याप्त खामियों को दूर करने के लिए ज्ञापन सौंपा। शिक्षा परियोजना के प्रशासी पदधिकारी जयंत कुमार मिश्रा से मिलकर ई विधावाहिनी के नये वर्जन से हो रही कठिनाइयों से अवगत कराया तथा मामले गंभीरता से लेते हुए इस दिशा त्वरित कार्यवाही कर अपने अधीनस्थ ई विधा वाहिनी के तकनीकी विशेषज्ञ से समुचित निदान करने का दिशा निर्देश दिये। प्रतिनिधिमंडल में विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद, आशुतोष कुमार, अरुण कुमार दास एवं मो० फखरुद्दीन शामिल थे। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार दास ने यह जानकारी दी।

# जूलॉजी के सवाल को पहले हल करें : पंकज सिंह

## नीट यूजी 2023 की परीक्षा 7 मई को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** देश के मेडिकल संस्थानों में नामांकन के लिए ली जाने वाली नीट यूजी 2023 की परीक्षा 7 मई को होने वाली है। यह पेन पेपर मोड पर दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:20 तक होगी। परीक्षा के लिए इंग्लिश माध्यम चुनने वाले छात्रों को सिर्फ इंग्लिश में टेस्ट बुकलेट दिया जायेगा। वहीं, हिंदी भाषा चुनने वालों को हिंदी और इंग्लिश में टेस्ट टेस्ट बुकलेट दिये जायेंगे। इसके अलावा क्षेत्रीय भाषा चुनने वाले छात्रों को क्षेत्रीय भाषा व इंग्लिश में टेस्ट बुकलेट दिये जायेंगे।

नीट परीक्षा एक्सपर्ट के अनुसार परीक्षा के लिए बचे हुए दिन काफी महत्वपूर्ण हैं, जिसमें अपनी एक्यूरेसी वह छोटी-छोटी गलतियों पर पकड़ बनाकर परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। एक्यूरेसी के लिए सवाल को दो पार्ट में सॉल्व करें। पहली बार में आसान सवालों को हल करें। वहीं, दूसरी बार में छोड़े हुए सवालों को सॉल्व करें। जूलॉजी के सवाल को पहले हल करें।

बायोम संस्थान के डायरेक्टर पंकज सिंह ने बताया कि जूलॉजी के सवाल बॉटनी से ज्यादा आसान होते हैं। इसलिए जूलॉजी के सवाल को पहले हल करें। लोअर प्लांट के सवाल को सबसे आखिर में बनायें। इकोलॉजी में डाटा से संबंधित सवाल होते हैं, इससे अच्छे से पढ़ लें। छात्र मैकेनिक्स के कैलकुलेशन वाले सवाल में गलतियां करते हैं। इससे 50 से 60 अंक तक के सवाल होते हैं। इसमें इंटरनल कैलकुलेशन से बचना चाहिए, पेपर पर ही कैलकुलेशन करें। स्टेप स्किप ना करें। सही फामूर्ला अप्लाई करें। मॉक टेस्ट देकर एनालिसिस जरूर करें। फिजिकल केमिस्ट्री में कैलकुलेशन ज्यादा होते हैं। इक्विलिब्रियम के सवाल नहीं हल हो रहे हों, तो छोड़ कर आगे बढ़ें। दूसरे सवालों को हल करें। ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में रिएक्शन को अच्छे से याद कर लें। छात्र पॉलीमर, एवरीडे लाइफ, सरफेस केमिस्ट्री के चैप्टर को छोड़ देते हैं। इससे भी सवाल पूछे जाते हैं, इसलिए इसे भी अच्छी तरह से पढ़ लें।



## रांची के युवक को गुरुग्राम में पीटा

**रांची।** रांची के हटिया के रहने वाले एक छात्र को गुरुग्राम में कुछ युवकों ने पीटकर अधमरा कर दिया है। छात्र का नाम आर्यन शर्मा है। वह एलएलबी फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट है। आर्यन गुरुग्राम में रहकर ही एक निजी विश्वविद्यालय से एलएलबी कर रहा है। छात्र की हालत गंभीर बताई जाती है। गंभीर रूप से जख्मी आर्यन शर्मा का इलाज चल रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में हुड़दंग करने वाले छात्रों की पहचान बताने पर ही आर्यन की पिटाई कर दी गई।

# टाइटेनियम महिंद्रा में न्यू मैक्स पिकअप की लांचिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ओरमांझी स्थित टाइटेनियम महिंद्रा में न्यू मैक्स पिकअप की ग्रैंड लांचिंग की गयी। इसमें बड़ी संख्या में ग्राहक व फाइनेंसर मौजूद थे। इस गाड़ी को एचडी सीरीज और सिटी सीरीज दोनों में 4 मॉडल के साथ उतारा गया है। 2523 सीसी की एम2डीआइ, 80 एचपी, 220 एनएम, इस सेगमेंट में सबसे ज्यादा है। इसका डेस्क 10 फीट का दिया गया है।

इस अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा के एरिया मैनेजर अजय सिंह, टाइटेनियम महिंद्रा के डीलर प्रिंसिपल उत्कर्ष सिंघानिया, जनरल मैनेजर विकास चतुर्वेदी, शंकर झा, पिंकू कुमार, तुला कृष्णा सहित सभी फाइनेंसर तथा बड़ी संख्या में ग्राहक मौजूद थे। साथ ही, ग्राहकों ने इस लांचिंग इवेंट का खूब लुत्फ उठाया और नये मैक्स पिकअप की खूबियों को जाना। आये हुए ग्राहकों के लिए संस्थान की ओर से खानपान की भी व्यवस्था की गयी थी। लोगों ने इस इवेंट में मनोरंजन किया। साथ ही, काफी पॉजिटिव रिस्पांस मिला। इसके साथ ही पांच गाड़ियों की बुकिंग भी की गयी।



# आइएलसीसी के सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का विजेता बना डीएवी बरियातू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इंटरनेशनल लाइब्रेरी एंड कल्चरल सेंटर की ओर से बुधवार को इंटर स्कूल सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता कक्षा 6-8 के छात्रों के लिए खुली थी। स्कूलों को तीन छात्रों की अपनीटीम भेजने के लिए कहा गया था। प्रतियोगिता के लिए रिकॉर्ड 16 टीमों ने पंजीकरण कराया। क्विज दो चरणों में आयोजित की गई। प्रारंभ में एक लिखित प्रारंभिक दौर आयोजित किया गया था। शीर्ष स्कोरिंग वाली छह स्कूल, जिन्होंने मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई किया। इनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना, गुरुनानक हायर सेकण्ड्री स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, और डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू शामिल है

क्विज मास्टर रवि शर्मा ने समसामयिक मामलों, खेल और सामान्य ज्ञान पर छह टीमों से पूछताछ की। उन्होंने पाया कि छात्रों को अच्छी तरह से सूचित और तैयार किया गया था। 6 राउंड में क्विज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन सांस्कृतिक समिति की अध्यक्षा रेखा मिश्रा एवं आईएलसीसी लाइब्रेरियन निवेदिता शर्मा ने किया। डीएवी बरियातू के प्राचार्य विनय कुमार पाण्डेय ने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में विजयी होना स्फूर्त एवं प्रयास को नयी दिशा प्रदान करता है।



**ये रहे परिणाम**

**प्रथम पुरस्कार :** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू( आंकना सेनगुप्ता, वाची सिन्हा, ओजस झा)

**दूसरा पुरस्कार :** ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना( यथार्थ कुमार सिंह, अमन कुमार, सात्विक सिंह)

**तीसरा पुरस्कार :** गुरुनानक हायर सेकण्ड्री स्कूल (अवनि रंजन, आर्यन समीर बरवा, रणधीर)

# मैं डीएनए टेस्ट को तैयार, मंत्री अपने विभाग में करा लें : सरयू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य बन्ना गुप्ता के वायरल वीडियो का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर बुधवार को रांची में प्रेस वार्ता पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधायक सरयू राय पर जमकर हमला किया। उनकी निजी जिदंगी पर कई सवाल दागे। वहीं विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर में अपने आवास में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता पर पलटवार किया । विधायक सरयू राय ने कहा कि जो डीएनए को लेकर वे सवाल उठा रहे हैं, वे डीएनए टेस्टिंग के लिए तैयार है। वह कांग्रेस के एनडी तिवारी नहीं हैं। श्री राय कहा कि बन्ना गुप्ता स्वास्थ्य मंत्री हैं, वे अपने विभाग के लोगों को गुरुवार (27 अप्रैल) को जमशेदपुर स्थित मेरे आवास में और रांची स्थित उस महिला के आवास में जाकर डीएनए टेस्ट करवा लें। डीएनए के रिपोर्ट में सब साबित हो जायेगा। अगर उनकी बात सही नहीं हुई तो मानहानि के लिए तैयार रहें। उन्होने स्पष्ट कहा कि उनकी पत्नी का देहांत हो चुका है। इस बात की जानकारी सभी को है। जहां तक पूजा में हमारे बगल में बैठने वाली महिला का सवाल है, उसके बारे में सभी जानते हैं। उन लोगों के साथ पारिवारिक सबंध हैं। जरूरत पड़ने पर मैं जरूर पैसा देता हूं, लेकिन उस पैसे को वे वापस भी कर देते हैं।



**कांग्रेस जिला अध्यक्ष को लिखा पत्र :** विधायक सरयू राय ने कहा कि जमशेदपुर के कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने उन पर की गंभीर आरोप लगाये हैं। उन्होंने इस बात को गंभीरतापूर्वक लिया है। जिला अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे को पत्र लिखकर कहा है कि उन्होंने जो भी सवाल उनसे किये हैं वे लिखित रूप में अपने लेटर पैड में दे। मैं उसका जबाव देने को तैयार हूं।

# झारखंड के राहुल रंजन ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान

## यूपी में आयोजित योगासन खेल के जज ट्रेनिंग प्रोग्राम में झारखंड के 39 जूनियर व सीनियर जजों ने लिया हिस्सा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उत्तर प्रदेश योगासन सपोर्ट एसोसिएशन से संबद्ध नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार ( ओलम्पिक एसोसिएट मेंबर ) की ओर से तीन दिवसीय जज ट्रेनिंग मिजार्पुर, उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड आदि विभिन्न प्रदेशों से जजेस ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल हुए। योगासन खेल जजेस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ एस. के. घोषाल के वैदिक मंत्रोचार, गणेश वन्दना के द्वारा हुआ। मुख्यअतिथि सूबेदार मेजर विजेंद्र सिंह शेखावत ने दीप प्रज्वलन कर इसका उदघाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋषि पाल सिंह एवं सचिव रोहित कौशिक ने कहा कि योग से जुड़कर स्वयं को स्वस्थ व निरोग बनाते हुए स्वस्थ एवं समृद्ध भारत के सपने को साकार करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए योग गुरु योगी ज्वाला ने कहा कि मां विंध्यवासिनी के इस पावन धरा पर भारत के विभिन्न प्रदेशों से आए हुए एक से बढ़कर एक योगी योद्धाओं के द्वारा योगासन खेल को आगे बढ़ाते हुए विश्व स्तर पर पर स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के विभिन्न पदाधिकारी गण मौजूद रहे। झारखण्ड से कुल 10 जिलो से 39 जूनियर एवं सीनियर जजेस कार्यक्रम में गये थे क रॉंची जिला के जॉइंट सेक्रेटरी प्रशद भगत, कोषाध्यक्ष डॉ. एस. के. घोषाल, कंप्यूटर टेक्निकल राहुल रंजन , मीडिया प्रभारी पूजा अम्या , ऋषि रंजन ,पवन, सोनाली, विकास, लातेहार के सेक्रेटरी प्रशांत सिंह, पूर्वी सिंहभूम से शर्मिष्ठा, कुमकुम, रानी एवं कोडरमा, पलामू ,गिरिडीह, धनबाद, इत्यादि राज्यों से भी कई जजेस थे। कार्यक्रम में टॉप 5 असाइनमेंट में झारखंड के राहुल रंजन को दूसरा स्थान मिला जो कि झारखण्ड राज्य के लिए गौरव की बात है।



## स्पीड न्यूज

### हरातू पंचायत में आजसू के ग्राम प्रभारियों की बैठक

सिकिदिरी। आजसू पार्टी का हरातू पंचायत में जिला उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को सभी ग्राम प्रभारियों की एक बैठक हुई। मुख्य अतिथि खिजरी विस के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा की खिजरी विधानसभा की दिशा व दशा में बदलाव आजसू ाार्टी ही ला सकती है। यहां की जनता सड़क,बिजली,पानी जैसे मूलभूत समस्याओं से त्रस्त है। गांव-टोला से बैठक कर पार्टी का संदेश जन-जन तक पहुंचना है। मौके पर ग्राम प्रभारी आसाराम महतो,प्रदीप महतो,छोटन मुंडा,अनिल मुंडा,परमेश्वर महतो,राहुल मुंडा, किशोर मुंडा,सूरज मुंडा,नरेश महतो,बालेश्वर महतो,जुलेश महतो,आकाश रजवार,संदीप रजवार, शैलेन्द्र आदि उपस्थित थे।

### प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

इटकी। इटकी में 35 वां वार्षिक एकदिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 29 अप्रैल को इटकी स्थित मदीना मैरेज हॉल में किया जायेगा। शिविर में रांची, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, चतरा व रामगढ़ जिला के हज़ कमिटी एवं प्राईवेट टूर आपरेटर के द्वारा जाने वाले सभी हज़-यात्रियों को आमंत्रित किया गया है। शिविर में हज से संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। शिविर में महिला हज यात्रियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था अलग से की गयी है। इसके अलावा हज यात्रा पर जाने वालों के लिये फ्री मेडिकल एंड हेल्थ चेकअप का भी व्यवस्था की गयी है। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। यह जानकारी बुधवार को हज़ प्रशिक्षण समन्वयक हाजी कैसर आलम ने दी।

### बैठक में विस्थापन सहित कई मुद्दों पर चर्चा

पिपरवार। ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी एम्प्लॉय कोऑर्डिनेशन काउंसिल पिपरवार एरिया की बैठक महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम सीबी सहाय के साथ हुई। जिसमे आरक्षण बैकलॉग रोस्टर एवं विस्थापन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मौके पर सीसीएल महामंत्री बृज किशोर पासवान,सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन,क्षेत्रीय अध्यक्ष रतनलाल, रविंद्र पासवान, बसंत बाजपत, दिलीप गंझू, रामचंद्र उरांव इधर प्रबंधन की ओर से एस ओ पी मनीष सोए सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

### रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष बने अमजद अंसारी

कांके। झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष नेली नाथन ने कांग्रेस पार्टी के युवा नेता सह समाजसेवी ग्राम चंदवे कांके निवासी अमजद अंसारी को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल का जिला अध्यक्ष बनाया है।इससे संबंधित नियुक्ति पत्र जारी कर कांग्रेस भवन रांची में प्रदेश अध्यक्ष नेली नाथन व महासचिव अनंत कुमार सिंह ने अमजद अंसारी को दिया। बताते चलें कि अमजद अंसारी लगभग तीन वर्षो से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं। संगठन में अच्छे कार्य को देखते हुए इन्हें प्रदेश कांग्रेस सेवादल में प्रमुख स्थान दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष नेली नाथन ने कहा हैं कि अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक पार्टी हितों के लिए करेंगे और कांग्रेस पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उनके मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर राज्यसभा सांसद धीरज साहू खिजरी विधायक राजेश कच्छप विधायक अंबा प्रसाद,आदि ने बधाई दी है।

# चार दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू

## जयकारों के बीच गाजेबाजे के साथ संगीतमय कलश यात्रा निकाली गयी

खबर मन्त्र संवाददाता

बेड़ो। बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में अखिल विश्व गायत्री परिवार, प्रज्ञा मंडल बेड़ो के तत्वाधान में चार दिवसीय 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ को लेकर बुधवार को यजमान रमेश प्रसाद गुप्ता सपत्नी की अगुवाई में यज्ञ स्थल से गाजे-बाजे के साथ संगीतमय भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान बेड़ो में मां गायत्री के जयकारों से गूंज उठा। एक बनेंगे, नेक बनेंगे....सभ्य बनेंगे, परिवार की शक्ति... नारी शक्ति, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा... जैसे जयघोषों साथ कलश यात्रा आगे बढ़ी। कलश यात्रा मे जिप सदस्य पार्वती कुमारी बीडीओ डा प्रवीण कुमार, अशोक पंडा, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, भीखा उरांव, विश्वनाथ गोप, गंदुर गोप, जगरनाथ भगत मुकेश कुमार राय शामिल हुए।





कलश यात्रा में शामिल हुए पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

मौके पर जिप सदस्य पार्वती भगत ने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और मन में अच्छे विचार आते हैं। धर्म की बात एक साथ मिल बैठकर सुनने से आपस में भाईचारा बढ़ता है। साथ ही एक-दूसरे के प्रति दुर्भावना खत्म होती है।

कलश यात्रा महावीर चौक बाजार टांड़, देवी मंडप चौक, सांई मंदिर रोड होते हुए डुकु तालाब पंहुची। जहां गायत्री परिवार के परमेश्वर साहू,फौजदार पांडेय व राजेश्वर सिंह ने वैदिक मन्त्रों के बीच भूमि,कलश और जल पूजन का धार्मिक अनुष्ठान पूरा किया। इसके बाद कन्याओं व महिलाओं का जत्था जल कलश को अपने माथे पर लेकर यज्ञ स्थल पहुंचा। जहां कलश स्थापना का कार्य संपन्न हुआ। वहीं इस महायज्ञ को सफल बनाने में फौजदार पांडेय, राजेश्वर सिंह, विजय कुमार, लक्ष्मण मंडल, रमेश प्रसाद गुप्ता, करुणानिधि, मनोज बड़ाईक, अंजू देवी, कमला देवी, चंपू देवी, केशव सहित ग्रामवासी लगे हुए है।

# विधायक ने केसीबी कॉलेज बेड़ो के नये भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

बेड़ो। करमचंद भगत कॉलेज के परिसर में बुधवार को झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के द्वारा 13 करोड़ की लागत से बनने वाले ने भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की झारखंड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रॉक्टर डा दिवाकर मिंज कॉलेज के प्राचार्य डा राजा अजित कुमार ने विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़ करके के किया। इस कॉलेज भवन का निर्माण हो जाने से छात्रों के पठन पाठन से लेकर परीक्षा हॉल तक की समस्या दूर होगी। साथ ही भविष्य में बीएड सहित अन्य व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई का रास्ता खुलेगा। मौके पर विधायक ने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए कृतसंकल्पित हूं। शिक्षा से मानव समाज की दशा व दिशा बदलती है।

उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण से महाविद्यालय को आधार भूत संरचना व सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस कॉलेज को हम सभी के सहयोग इसे विश्वविद्यालय का स्वरूप देने में कामयाब हो सकेंगे। उन्होने कहा कि इस कॉलेज से क्षेत्र के बच्चों का समय और धन की बचत होगी एवं स्थानीय स्तर पर ही उच्च अध्ययन के अवसर मिलेंगे। इससे बेटियों की शिक्षा में बडा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा जगत में पूर्व शिक्षा मंत्री स्व करमचंद भगत के द्वारा किए गए अमूल्य योगदानों को भूलाया नहीं जा सकता। साथ ही उन्होंने ग्राम सभा को मजबूत बनाकर गांवों की तस्वीर को बदलने की अपील किया। समारोह में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि शिक्षा अनमोल धन है। शिक्षा से ही व्यक्ति जीवन पथ पर चरित्र वान, ज्ञानवान और प्रभावशाली व्यक्तित्व का धनी बनता है। उन्होंने कहा कि अविभाजित बिहार में पूर्व शिक्षा मंत्री स्व करमचंद भगत ने अपने कार्यकाल के दौरान तीन महाविद्यालय और प्रोजेक्ट बालिका स्कूल की स्थापना कर एक उत्कृष्ट कार्य किया था। जो अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा यह कॉलेज क्षेत्र में एक अच्छे शैक्षणिक संस्थान के रूप में उभरेगा।साथ ही विकास में एक नया आयाम स्थापित होगा।समारोह में रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रॉक्टर डा दिवाकर मिंज ने कहा कि नए भवन के बनने से महाविद्यालय आधारभूत संरचना से सुसज्जित हो जाएगा। विद्यार्थियों को सुविधाएं मिलेंगी।

उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य का निर्धारण कर पढ़ाई लिखाई करने की बात कही। जिससे मानव जीवन में सफलता और लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। इसके पूर्व समारोह में अतिथियों ने पूर्व शिक्षा मंत्री सह महाविद्यालय के संस्थापक स्व करमचंद भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। साथ ही विद्यार्थियों ने परंपरागत नाच गान प्रस्तुत किया। वहीं शिक्षकों व विद्यार्थियों ने अतिथियों व भू- दाताओं को बूके और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

समारोह में स्वागत भाषण व अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डा राजा अजीत कुमार ने किया। समारोह का संचालन शिक्षक राजा कुमार,प्रो अरविंद बिलूंग व धन्यवाद ज्ञापन डा डेलमयी हंसदा ने किया। मौके पर बीडीओ डा प्रवीण कुमार,सीओ सुमंत तिर्की, करमा उरांव,धनंजय यादव जिपस पश्चिमी बेरोनिका उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

# राहे में भालू के हमले से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



ईलाज के लिये मुआवजा देते वन अधिकारी एंव अन्य

राहे। प्रखंड के राहे-पाठकडीह गांव के 54 वर्षीय छुटू प्रजापति को एक भालू से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया है। घटना बुधवार सुबह 4 बजे के आसपास की है। छुटू प्रजापति सुबह शौच के लिये खेत मे गया था। आम बगान के सामने भालू ने हमला कर घायल कर दिया। आवाज लगा कर आसपास के लोगों को बुलाया। लोगों ने परिजनों के मदद से तत्काल एबुलेंस की व्यवस्था कर इलाज के लिए रिम्स भेजा। इधर वन विभाग को सूचना मिलने पर सुबह घर आकर प्रभारी वनपाल राजू महतो ने अग्रिम मुआवजा राशि 5 हजार दिये। मौके ओर जिला परिषद सदस्य बादल महतो,उप प्रमुख उमेश महतो ओर आजसू नेता प्रकाश सिन्हा सहित परिजन मौजूद थे।

# कन्या पूजन के साथ मंदिर का वार्षिकोत्सव संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। प्रखंड क्षेत्र के मनातु स्थित श्रीश्री नर्मदेष्वर महादेव मंदिर की प्रथम वार्षिक महोत्सव हवन पूणार्हुति व कन्या पूजा के साथ संपन्न हो गया। बुधवार को यज्ञशाला में गांव की छोटी-छोटी बच्चियों (कुंआरी कन्याओं) का अनुष्ठान में शामिल यजमान चतुर साहू, रीना साहू के साथ अन्य यजमानों द्वारा पांव पखार विधिवत पूजा किया गया। वहीं सभी कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराने के बाद दक्षिणा भी दी गई। चुतर साहू ने कहा सनातन धर्म संस्कृति में कुंआरी कन्याओं को देवी का स्वरूप माना गया है। यही कारण है कि सनातन धर्म में महिलाओं का विषेष सम्मान व धार्मिक आयोजनों में महत्वपूर्ण भुमिका होती है। कन्या पूजा में आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय करमाली, सचिव सुरेष मुंडा व कोषाध्यक्ष फुलचंद साहू समाज सेवी भीम मुंडा, अक्षय करमाली, आषा देवी, भरत साहू, सुनीता देवी, लक्ष्मी देवी सहित ग्रामीण उपस्थित थें।



कन्याओं के साथ पूजा में शामिल भक्तगण।

## मंडल अध्यक्ष ने मन की बात का 100 संकरण सुनने की अपील की

# मंडल अध्यक्ष को विधायक ने अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

पिपरवार। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात का 100 संकरण को तमाम पिपरवार क्षेत्र के आम जनता, बुद्धिजीवी वर्ग सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा के कार्यकताओं से सुनने के लिए पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने निवेदन किया है। यह कार्यक्रम इस महीने के आखिरी दिन 30 अप्रैल दिन रविवार को समय सुबह 11:00 प्रसारित किया जायेगा। अभी तक झारखंड के पांच बड़े मुद्दाओ को मन की बात कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी द्वारा उठाया गया है। मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम भाजपा संगठन का कार्यक्रम नहीं है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता के साथ साथ आम लोग, बुद्धिजीवी वर्ग,सामाजिक कार्यकर्ता इस मन की बात कार्यक्रम में प्रसारित 100 वॉ संकरण को सुने और झारखंड सहित पूरे भारत को उभरता हुआ भारत बनाने में सहयोग करें। 30 तारीख को आयोजित कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष ने बताया कि पिपरवार मंडल के 2 पंचायतों के दो बूथो पर मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता तैयार है। मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना जाएगा जिसमें पेयजल, नींबू शरबत आदि की व्यवस्था होगी। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने पिपरवार मंडल अध्यक्ष सहित कई कार्यकताओं को अपने टंडवा स्थित आवास में बुलाया। जहां पर किशुन दास ने विधानसभा घेराव कार्यक्रम की पिटाई में घायल होकर ठीक हुए मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विधायक ने कार्यकताओं को कई दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा बड़कागांव नेत्री पूनम साहू धनराज भोगता, परमेश्वर गंझू,उदय शर्मा, महेश विश्वकर्मा, प्रदीप महतो, संजय कुमार गंझू,अरविंद पासवान, तस्लीम आसरी, दिनेश गंझू,अनिल राम, योगेंद्र गंझू, पंकज राणा सहित कई लोग उपस्थित थे।



# योगा प्रतियोगिता का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

पिस्कानगड़ी। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का तृतीय अंतर योगा प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ नगड़ी के सेंबो स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केन्द्र में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस महानिरीक्षक विशन स्वरूप शर्मा के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता में रिजर्व पुलिस बल के 21 सेक्टरों के 181 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता 29 अप्रैल तक चलेगी। प्रतियोगिता में महिला और पुरुष दोनों संवर्ग के प्रतिभागी चार आयु वर्ग में भाग ले रहे हैं.मौके पर उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक विशन स्वरूप शर्मा ने कहा योग हमें अपने परिवार अपने समाज और अपने सूक्ष्म शरीर से समस्त संसार के साथ जुड़े होने का अनुभूति प्रदान करता है। योग स्वास्थ्य तन और मन के लिए मददगार है.योगाभ्यास तनाव से मुक्ति पाने और मन को शांति प्रदान करने में काफी कारगर है। यह धर्म,पंथ,जाति, उम्र और राष्ट्र के बंधन और सीमाओं से परे है। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक लारेन्स बांडों, ग्रुप केन्द्र रांची के कमांडेंट नरेंद्र कुमार, उप कमांडेंट पंकज कुमार सिंह, चित्रेश कुमार सहित सीआरपीएफ के अन्य पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।




केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का तृतीय अंतर योगा प्रतियोगिता को संबोधित करते पुलिस महानिरीक्षक विशन स्वरूप शर्मा

# शिव मंडा पूजा मनाने को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

पिस्कानगड़ी। प्रखंड के केसारो गांव में शिव मंडा पूजा को लेकर बुधवार को दजनों ग्रामीणों की बैठक नगड़ी प्रखंड प्रमुख मदुआ कच्छप उर्फ मधु कश्यप की अध्यक्षता में की गई। बैठक में 77 वां शिव मंडा पूजा धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया। आगामी 6 मई को फुल बूंदी एवं जागरण छउ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। तथा 7 मई को झूलन समारोह के साथ-साथ रात्रि में नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा 77वां शिव मंडा पूजा को भव्य बनाने के लिए प्रचार प्रसार पर जोर दिए जाने पर विचार विमर्श किया गया। मंडा पूजा को सफल बनाने के लिए सर्वसम्मति से एक संचालन समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष के रूप में नगड़ी प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप उर्फ मधु कच्छप। एड़चोरो पंचायत के मुखिया सामाजिक कार्यकर्ता परना खलखो को महासचिव के रूप में चयन किया गया वहीं कोषाध्यक्ष के रूप में विकास कच्छप और कार्यकारी सदस्य के रूप में समाजसेवी समाजसेवी बजरंग कच्छप, सुनील कच्छप, शिवम गोप, घसिया कच्छप कृष्णा गोप ,विकास कच्छप, प्रवीण तिर्की, रोशन मिंज, सुरज कच्छप, सुनील मिंज ,लक्की गोप,अमन उरांव,छोटू कच्छप,अंकित कुजूर ,निशांत कच्छप ,विवेक कच्छप,सोनु मिंज,करन टोप्पो ,संजय खलखो,आकाश कुजूर , अनुराग कुजुर, प्रकाश कुजुर ,पवन तिर्की महावीर कच्छप, संजय कच्छप और दशरथ लकड़ा सहित 21 कार्यकारी सदस्य बनाए गए हैं।



# कीर्तन मंडली सम्मान समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

चान्हो। प्रखंड के गुटुवा गांव स्थित प्रयाग स्थल पंच मुखी गणेश मंदिर के प्रांगण में बुधवार को कृतन मंडली सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हिन्दू सम्राट बिंदु भूषण दुबे, भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो व जीप सदस्य आशुतोष तिवारी की ओर से आयोजित केंद्रीय कीर्तन मंडली समिति बिजुपाड़ा के सानिध्य में 56 गांव से पहुंचे कृतन मंडली को ढोलक, करताल व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बिंदु भूषण दुबे ने पँच मुखी गणेश मंदिर निर्माण की चर्चा करते हुए कहा कि कृतन मंडली की भव्यता देख मन प्रफुलित हो गया आज कृतन के माध्यम से कृतन मंडली के लोग गांव गांव में हिंदुत्व का अलख जगाने का काम कर रहे हैं सबका सहयोग रहा है जल्द ही इस प्रयाग स्थल प्रांगण में हिन्दू सम्राट मोहन भागवत का आगमन होगा। इस प्रांगण में लगे पंच मुखी जिसके (एक मुख पीछे व चार मुख आगे)अद्भुत गणेश मूर्ति पूरे भारत में पहला मंदिर स्थापित किया गया। इस तरह सहयोग रहा तो कृतं के माध्यम से पूरे देश मे हरेराम हरेकृष्ण की गूंज जाग उठेगी। उन्होंने समाज के युवाओं से नशे पान का परित्याग करते हुए हरेकृष्ण हरेराम कर हिंदुत्व की अपील की। वहीं धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आशुतोष तिवारी ने कहा की बिंदु भूषण दुबे जैसे लोग ही समाज के पथ प्रदर्शक हैं साथ इन्ही जैसे लोगों के कारण आज हिंदुत्व की ख्याति बढ़ती जा रही। साथ ही कहा कि केंद्रीय कृतन मंडली का स्थापना होना एक युग परिवर्तन जैसा साबित हुआ जिनके सदस्यों ने आज गांव गांव कृतन करने के साथ ही हिंदुत्व का लख जगाने में मिल का पथर साबित हो रहा है। कार्यक्रम स्थल में उपस्थित धर्मप्रेमियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया था. संचालन दिनेश महतो ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्रीय कृतन मंडली के अध्यक्ष गणेश गिरी, उपाध्यक्ष अम्बिका प्रसाद, सचिव प्रदीप महतो, जयप्रकाश मिस्त्री, दिनेश महतो, नागेंद्र सिंह, सूरज सिंह, गणेश ठाकुर, अशोक गोप, मनोज केशरी सहित अन्य ने अहम भूमिका निभाई है।



# सती घाट पर्यटन स्थल को किया जायेगा विकसित

खबर मन्त्र संवाददाता

सोनाहातू। पंच परगना का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बारेंदा पंचायत अंतर्गत स्वर्णरेखा नदी किनारे सती घाट को विकसीत किया जायेगा। इस सम्बंध में विधायक सुदेश महतो ने पहल शुरू कर दिये है। बुधवार को एक टीम ने स्थल निरीक्षण के साथ डीपीआर तैयार करने के लिये सतिघाट का दौरा किया। संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के सेवानिवृत्त उपनिदेशक, हरेंद्र सिन्हा, जिला परिषद के अभियंता प्रशांत कुमार , वास्तुविद अरुण रंजन, प्रीतेश रंजन , विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, अभिराम महतो, अशोक महतो के साथ स्थानीय ग्रामीण के साथ निरीक्षण किये। अभियंता ने बताया कि सतिघाट का संरक्षण, विकास, सुंदरीकरण,आदि विषयों पर कार्य किये जायेंगे। नदी में स्नान घाट,तीन मंदिर, दो तोरण द्वार, चिल्ड्रन पार्क, पानी, बिजली, शौचालय, स्ट्रीट लाइट, सड़क, आदि बनाये जाएंगे। डीपीआर तैयार होते ही कार्य प्रारंभ किया जायेगा।



करते अधिकारी

## 26 लाख 60 हजार से बनेंगे दो तालाब

सोनाहातू। प्रखंड के नापड़ा ओर दुलमी मे दो तालाब निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सुदेश महतो के निदेर्शानुसार विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह और चितरंजन महतो ने विधिवत पूजन के बाद किये। जल-भूमि संरक्षण विभाग से नापड़ा गांव में 13 लाख 75 हजार ओर दुलमी गांव में 12 लाख 95 हजार से तालाब निर्माण किया जाना है। हर गांव में जल स्त्रोत को मजबूत करने जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर तालाब निर्माण किया जा रहा है।मौके पर अभिराम महतो, बसन्त कुमार महतो, विशेश्वर महतो, जतरु सिंह मुंडा सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# लैंप लाइटिंग का समारोह का अयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

चान्हो। नर्सिंग कौशल कॉलेज मे बुधवार को छठे बैच के लिए कैपिंग और लैंप लाइटिंग का समारोह का अयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि सह चटवल मुखिया शिव उरांव , रघुनाथपुर मुखिया महादेव उरांव और मांडर यूनियन बैंक के मैनेजर रॉबिन लकड़ा उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुभारम्भ अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात समारोह मे छात्राओं ने अनेको सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। अतिथियों का स्वागत करते हुए कॉलेज के डायरेक्टर कर्नल रंजन चौधरी ने कहा हमारे निरंतर प्रयास से कॉलेज दिन ब दिन आगे बढ़ रहा है, ये आपके सहयोग के बगैर कदापि नहीं हो सकता। इसी तरह आप हमे सहयोग करते रहे हम आपके अपेक्षा के अनुरूप कार्य करता रहूंगा। और उन्होंने एचडीएफसी बैंक परिवर्तन को भी हृदय से धन्यवाद दिया जिनके निरंतर सहयोग और सौजन्य से छात्राएं लाभान्वित रही हैं। साथ ही सभी छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर छात्राओं ने विशेष प्रार्थना की और शपथ लिया।



# कायरना हमला

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। माओवादियों ने पुलिस के वाहन को विस्फोट कर उड़ा दिया, इसमें 11 जवान शहीद हुए हैं। दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस दल गश्ती पर निकला था, तभी उसकी माओवादियों से मुठभेड़ हो गई, इस दौरान माओवादियों ने आईईडी के जरिए पुलिस के वाहन को उड़ा दिया। वहीं इस मुठभेड़ में नक्सली भी घायल हुए हैं। बारिश के चलते कई पुलिस जवान फंस गए थे, जिन्हें लेने के लिए पुलिस का दल वाहन से गया हुआ था और इसी दौरान माओवादियों से उनकी मुठभेड़ हो गई। दंतेवाड़ा नक्सली हिंसा का गढ़ रहा है और राज्य का यह हिस्सा ओड़िसा, आंध्र प्रदेश, झारखंड से नजदीक होने के कारण नक्सलियों के लिए एक सुरक्षित इलाका बन गया है। जरा सी चूक का लाभ नक्सली उठा कर इस प्रकार के कायरना हरकत को अंजाम देते हैं। विशेषकर लोकसभा, विधानसभा और पंचायतों के चुनाव के पूर्व इस प्रकार के हमलें से आम लोगों में लोकतंत्र के प्रति अनास्था और डर पैदा करते हैं। केन्द्र और राज्य की सरकारें संयुक्त रुप से इस नक्सली हिंसा को लेकर गंभीर है और इसे पूरे तौर पर समाप्त करने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। नक्सली, विकास विरोधी और समाज में हिंसा फैलाने वाले समूह है। झारखंड सहित देश के दर्जनों राज्य इससे प्रभावित है लेकिन इनका प्रभाव धीरे-धीरे कम होता जा रहा है इससे नक्सली बौखलाये हुए हैं। उनकी विचारधारा अब लोगों द्धारा नकार दी गयी है। सरकार सख्ती और समर्पण की नीति के माध्यम से नक्सलियों पर नकेल कस रही है। आवश्यकता है खुफिया तंत्र को और अधिक मजबूत कर इनके मंसूबों को जड़ से समाप्त कर देना।

# सतर्कता आवश्यक

वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में मंगलवार को कहा कि भारत को कृषि उत्पादन में कमी, दामों में वृद्धि और भूराजनीतिक परिवर्तन जैसे संभावित जोखिमों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। चालू वित्त वर्ष के लिए 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अनुमानों के अनुरूप है लेकिन कुछ कारक ऐसे भी हैं जो वर्तमान की अनुमानित वृद्धि और मुद्रास्फीति के परिणामों के अनुकूल संयोजन को प्रभावित कर सकते हैं। समीक्षा में कहा गया, अल नीनो जिससे सूखे जैसे हालात बन सकते हैं, कृषि उपज में कमी और दामों में वृद्धि, भूराजनीतिक परिवर्तन और वैश्विक आर्थिक स्थिरता जैसे संभावित जोखिमों को देखते हुए सतर्क रहना होगा, यह आवश्यक है। महामारी और भूराजनीतिक संघर्ष के कारण उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था 2022-23 में मजबूत रही है। चालू खाता घाटे में सुधार, मुद्रास्फीति के दबाव में कमी और नीतिगत दरों में वृद्धि का सामना करने के लिए पर्याप्त मजबूती वाली बैंकिंग प्रणाली से वृहद आर्थिक स्थिरता बढ़ती दिख रही है और इससे वृद्धि दर और भी टिकाऊ बनी है। वित्तीय क्षेत्र के बारे में रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग क्षेत्र पर निगरानी बढ़ाई है और इसके दायरे में आने वाले संस्थान बढ़े हैं। बैंकों पर दबाव का परीक्षण भी समय-समय पर किया जाता है। समीक्षा के मुताबिक जमा की तेजी से निकासी होने की आशंका नहीं है क्योंकि 63 प्रतिशत जमा परिवारों द्वारा किए जाते हैं जो निकासी जल्द नहीं करते। इन सब कारकों की वजह से भारत के बैंक अमेरिका और यूरोप के बैंकों से अलग हैं। फिर भी स्थितियों पर नजर रखना वर्तमान समय की मांग है।

# सामाजिक क्रांति का प्रतीक पंचायती राज



**देश** में 17 अप्रैल 23 से 21 तक पंचायती राज पर एक अधिवेशन किया गया। इसमें देश में पंचायतों को और मजबूत करने पर बल दिया गया। 73वां संविधान संशोधन अधिनियम लागू होने का 30वां साल भी शुरू हो रहा है। यह अधिनियम 1992 में पास हुआ था और 24 अप्रैल,1993 को लागू हुआ था। इस दिन को 'राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस' के रूप में मनाने की शुरूआत 2010 से हुई थी। जनवरी 2019 तक की जानकारी के अनुसार देश में 630 जिला पंचायतें, 6614 ब्लॉक पंचायतें और 2,53,163 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें 30 लाख से अधिक पंचायत प्रतिनिधि हैं। सबसे निचले स्तर पर पंचायत-व्यवस्था में लगभग प्रत्यक्ष-लोकतंत्र है। विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू-कश्मीर गये। 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के निष्प्रभावी होने के बाद से लोकतांत्रिक-दृष्टि से पहला बड़ा फैसला था, राज्य में पंचायत-राज की स्थापना। इसके पहले वहां तीन-स्तरीय पंचायती-राज व्यवस्था लागू नहीं थी। अक्तूबर 2020 में यहां पंचायती-व्यवस्था लागू की गई और दिसम्बर तक चुनाव भी हो गए। जम्मू-कश्मीर में इस व्यवस्था में एक जिला विकास परिषद (डीडीसी) के नाम से लोकतांत्रिक-व्यवस्था की एक नई परत जोड़ी गई है। हालांकि राज्य में विधानसभा चुनाव अभी तक नहीं हुए हैं, पर उम्मीद है कि परिसीमन का काम पूरा होने के बाद वहां जन-प्रतिनिधि प्रशासन की स्थापना भी हो जाएगी। देश के लोगों से जुड़ना है, तो पंचायती-राज के माध्यम से जुड़ना होगा। क्रांतिकारी बदलाव सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन में क्रांतिकारी बदलावों की संभावनाएं पंचायती-राज के साथ जुड़ी हैं। आज 73वां संविधान संशोधन अधिनियम लागू होने का 30वां साल भी शुरू हो रहा है। यह अधिनियम 1992 में पास हुआ था और 24 अप्रैल,1993 को लागू हुआ था। इस दिन को 'राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस' के रूप में मनाने की शुरूआत 2010 से हुई थी। जनवरी 2019 तक की जानकारी के अनुसार देश में 630 जिला पंचायतें, 6614 ब्लॉक पंचायतें और 2,53,163 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें 30 लाख से अधिक पंचायत प्रतिनिधि हैं। सबसे निचले स्तर पर पंचायत-व्यवस्था में लगभग प्रत्यक्ष-लोकतंत्र है। यानी कि अपनी समस्याओं के समाधान में जनता की सीधी भागीदारी। यह व्यवस्था जितनी पुष्ट होती जाएगी, उतना ही ताकतवर हमारा लोकतंत्र बनेगा। आत्मनिर्भर गांव महात्मा गांधी की परिकल्पना थी कि गांव आत्मनिर्भर इकाई के रूप में विकसित हों, जो देश की परम्परागत-पंचायत व्यवस्था थी। पंचायतों की आवाज देश के नागरिकों की पहली आवाज है। अंग्रेजी शासनकाल में लॉर्ड रिपन को भारत में स्थानीय स्वशासन का जनक माना जाता है। वर्ष 1882 में उन्होंने स्थानीय स्वशासन सम्बम्धी प्रस्ताव दिया। 1884 में मद्रास लोकल बोर्ड्स एक्ट पास किया गया। 1919 के भारत शासन अधिनियम के तहत प्रान्तों में दोहरे शासन की व्यवस्था की गई तथा स्थानीय स्वशासन को हस्तांतरित विषयों की सूची में रखा गया। कस्बों और शहरों में जन-प्रतिनिधित्व की शुरूआत हुई। 1920 में ग्राम पंचायत कानून बने। स्वतंत्र भारत स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद पंचायती-राज की परिकल्पना की गई, पर बरसों तक स्थानीय-निकाय चुनाव के बगैर केवल सरकारी अफसरों की देखरेख में चलते रहते थे। स्वतंत्रता के बाद 1957 में योजना आयोग ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम (वर्ष 1952) और राष्ट्रीय विस्तार सेवा कार्यक्रम (वर्ष 1953) के अध्ययन के लिए 'बलवंत राय मेहता समिति' का गठन किया। नवंबर 1957 में समिति ने अपनी रिपोर्ट में तीन-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया। 1958 में राष्ट्रीय विकास परिषद ने बलवंत राय मेहता समिति की सिफारिशें स्वीकार की और 2 अक्तूबर, 1959 को राजस्थान के नागौर जिले में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने पहली तीन-स्तरीय पंचायत का उद्घाटन किया। हालांकि स्वतंत्रता के बाद सबसे पहले पंचायती-राज लागू करने वाला राज्य बिहार था, जिसने 1947 में इसे लागू कर दिया था। पर तीन-स्तरीय व्यवस्था राजस्थान से शुरू हुई। संविधान-संशोधन 1993 में 73वें व 74वें संविधान संशोधन के माध्यम से भारत में त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ। त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम पंचायत (ग्राम स्तर पर), पंचायत समिति (मध्यवर्ती स्तर पर) और ज़िला परिषद (ज़िला स्तर पर) शामिल हैं। इस तीन-स्तरीय पंचायती-गवर्नेंस में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण है और खासतौर से स्त्रियों के लिए स्थान सुरक्षित हैं। आर्थिक-फैसलों में उनकी भागीदारी है। प्रत्येक पांच साल में चुनाव की व्यवस्था है। राज्य चुनाव-आयोगों का गठन हुआ। पंचायतों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए उपाय सुझाने हेतु राज्य वित्त आयोगों का गठन किया गया। पंचायतों को नियम बनाने का अधिकार मिला। ग्राम-सभाओं की नियमित बैठकों के नियम बने। पंचायतों को संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में दर्ज 29 विषयों के संबंध में आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के लिए योजनाएं तैयार करने और उनके निष्पादन की जिम्मेदारी दी गई। उन्हें टोल, टैक्स, शुल्क आदि लगाने और उसे वसूल करने का अधिकार मिला। साथ ही राज्यों द्वारा एकत्र करों की पंचायतों को हस्तांतरण की व्यवस्था लागू की गई। बुनियादी सवाल पिछले तीस वर्षों में हुए इन बदलावों को गांवों में जाकर देखा जा सकता है। हालांकि अभी अनेक संशय हैं। राजमार्गों के विकास, पुलों, बांधों और अन्य निमार्णों से जुड़े फैसलों में पंचायतों की भूमिका अस्पष्ट है, जो क्रमशः बढ़ेगी।

गांवों से जुड़े बुनियादी सवालों पर पंचायतों की भूमिका भी है। मनरेगा, प्रधानमंत्री सड़क, आवास योजना, अन्न वितरण, उज्ज्वला, मुद्रा, नल से जल, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान वगैरह-वगैरह की सफलता में पंचायतों की भूमिका है। ग्रामीण-महिलाओं को आर्थिक सहायता और समर्थन की जरूरत है, वहीं शिक्षण-प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता भी चाहिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन इसका सबसे अच्छा उदाहरण है, जिसके तहत कई तरह की योजनाएं हैं।

(कांग्रेस पंचायती राज झारखंड के संयोजक हैं।)



- फनीश्वर नाथ नीलेश

> जनवरी 2019 तक की जानकारी के अनुसार देश में 630 जिला पंचायतें, 6614 ब्लॉक पंचायतें और 2,53,163 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें 30 लाख से अधिक पंचायत प्रतिनिधि हैं। सबसे निचले स्तर पर पंचायत-व्यवस्था में लगभग प्रत्यक्ष-लोकतंत्र है। विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू-कश्मीर गये। 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के निष्प्रभावी होने के बाद से लोकतांत्रिक-दृष्टि से पहला बड़ा फैसला था।

## खास बात

# 12 घंटे की डियूटी



**प्रिया राज**

**कर्नाटक** के बाद तमिलनाडु ने भी फैक्टरीज अधिनियम 1948 में संशोधन करके काम के लिए 12 घंटे की शिफ्ट को मंजूरी दे दी है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि बड़े विनिमार्ताओं को अपने उत्पादन को ग्लोबल सप्लाई चेन के साथ तालमेल बनाने में मदद मिले। इस बदलाव के बाद फैक्टरियां सप्ताह में चार दिन 12 घंटों की शिफ्ट में काम कर सकेंगी। इसका अर्थ यह हुआ कि वे सप्ताह में 48 घंटे काम करने की अधिनियम की सीमा का पालन कर सकेंगी। कर्नाटक में यह बदलाव अस्त्रस्त्रह्वी के ताइवानी वेंडर फॉक्सकॉन के लिए किया गया। जबकि तमिलनाडु खुद को नए जमाने के उद्योगों मसलन बिजली से चलने वाले वाहनों (एश्२) और सौर ऊर्जा उपकरणों के निवेश के लिए तैयार कर रहा है। हालांकि जानकारी के मुताबिक वह इन संशोधनों पर पुनर्विचार कर रहा है। इसमें दो राय नहीं कि कर्नाटक और तमिलनाडु दोनों बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उन निवेशकों को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं जो चीन से इतर अपने लिए निवेश के केंद्र तलाश कर रहे हैं। निवेश के नजरिये से इन कदमों को समझा जा सकता है क्योंकि भारत की श्रम उत्पादकता अपेक्षाकृत कम है जबकि लागत अधिक है। इसके साथ ही उसे वैश्विक निवेश के लिए वियतनाम, इंडोनेशिया और थाईलैंड के साथ प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है। परंतु यहां दो सवाल हैं। पहला, क्या 12 घंटे की शिफ्ट इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उद्योगों में अपनाई जा सकती है जहां बहुत अधिक सटीक ढंग से काम करने और ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होती है। ऐसे मामलों में उत्पादों की खराबी की आशंका बढ़ जाती है और लंबे समय के दौरान उत्पादकता के लाभ गंवाने पड़ सकते हैं। दूसरा और बड़ा सवाल ऐसे कानूनों की नैतिकता का है जो श्रमिकों को उनकी क्षमताओं से अधिक काम करने को प्रेरित करते हैं। यह दलील दी जा सकती है कि यह व्यवस्था श्रमिकों पर कमोबेश वैसे ही श्रम व्यवहार आरोपित करती है जैसे कि कमतर निगरानी वाले असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हिस्से में है और जहां काम के घंटे इससे अधिक हो सकते हैं ।

# विचारों का सम्मान

## विचार-प्रवाह

**निशांत जैन**

**यह** समझना जरूरी है कि उत्साह से लबरेज आज की युवा पीढ़ी भगवान महावीर के संदेशों को किस रूप में देखती है? युवाओं के सपनों को साकार करने में इन संदेशों की क्या कोई अहमियत है? इन सवालों के जवाब पाने के लिए देखते हैं युवाओं के लिए तीर्थंकर महावीर की 10 काम की बातें,

महावीर की वाणी के तीन आधारभूत मूल्य हैं, अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह। ये युवाओं को आज की भागमभाग और तनाव भरी ज़िंदगी में सुकून की राह दिखाते हैं।

महावीर की अहिंसा केवल शारीरिक या बाहरी न होकर, मानसिक और भीतर के जीवन से भी जुड़ी है। महावीर मन-वचन-कर्म, किसी भी जरिए की गई हिंसा का निषेध करते हैं। इस तरह महावीर खुद सुकून से जीने और दूसरों को भी जीने देने की राह सुझाते हैं।

**अनेकांत : दूसरों के विचारों का सम्मान**

अनेकांत का अर्थ है, सत्य को उसके सभी पहलुओं के साथ देखना। आज के दौर में महावीर का अनेकांतवाद और स्यादवाद का सिद्धांत बेहद प्रासंगिक है। अगर हम अनेकांतवाद को अपनाते हुए दूसरों के विचारों की भी अहमियत समझें, तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। तमाम तरह की कट्टरताएं यहां खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं।

**अपरिग्रह: दूसरों की जरूरतों का सम्मान**

अपरिग्रह यानी जरूरत से ज्यादा चीजों का संचय न करना। महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत न केवल बाहरी परिग्रहों, बल्कि मन के विकारों और तनावों को भी त्यागने को संदेश देता है।

**नए** शैक्षणिक सत्र के आरंभ होने के साथ ही बुक बैंक में विद्यार्थियों की आवाजाही बढ़ी है। प्रतिदिन दर्जनों विद्यार्थी बुक बैंक से पुस्तकें प्राप्त कर रहे हैं। कई विद्यार्थी ऐसे भी हैं, जो अपने पूर्व की कक्षाओं की पुस्तकें जमा कर रहे हैं और नई कक्षा की पुस्तकें लेकर जा रहे हैं।

**-संजय सेठ, सांसद रांची**

## आपके ट्वीट

**छत्तीसगढ़** के दंतेवाड़ा में हुए नक्सली हमले में कई जवानों के शहीद होने की अत्यंत दुःखद सूचना मिली।

शहीद जवानों को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

**- सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**





**न्यू** इंडिया का न्यू नाराः हर-घर बेरोजगारी घर-घर बेरोजगारी 75 सालों में मोदी जी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनके मॉस्टर स्ट्रोक से 45 करोड़ से ज्यादा लोग नौकरी पाने की उम्मीद ही छोड़ चुके हैं।

**- राहुल गांधी**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### जंगल की कटाई

**पर्यावरण** व अर्थव्यवस्था में सह-अस्तित्व जरूरी है। लेकिन हाल ही में वन्य जीवों के जंगलों से निकल कर आश्रय और भोजन की तलाश में मानव बस्तियों में प्रवेश करने की घटनाएं बढ़ी हैं। वास्तव में जंगलों की अंधाधुंध कटाई के कारण वन्य जीवों के लिये खाने-पानी की कमी हो गई है। जंगलों में रिजॉर्ट्स की स्थापना, सड़कों का निर्माण से झारखंड सहित राज्यों में समस्या बढ़ी है। **- निधि, रांची**

### वनों का विस्तार

**धरती** पर जनसंख्या के लगातार बढ़ते बोझ और विकास के विद्रूप से आज वनों की संख्या में निरंतर गिरावट आई है। मानवीय स्वार्थ और लालच के कारण धरती का संपूर्ण पर्यावरण खराब हो रहा है। पारिस्थितिकीय तंत्र की जहां पुनर्स्थापना करनी होगी वहीं पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पर्यावरण विकास के साथ ही सब कुछ संरक्षित करना होगा। **-अशोक सिंह, खूंटी**

# राजनैतिक मूल्यों की बात अब बेइमानी क्यों ?



**मृत्युंजय प्रसाद**

## विचार

**भले** ही चुनावों को लेकर औपचारिक प्रावधान बरकरार हैं लेकिन भारतीय लोकतंत्र राजनीतिक संस्कृति के एक बड़े संकट का सामना कर रहा है। इस संकट में सत्ताधारी दल और विपक्ष के बीच के संवाद, एक विविधतापूर्ण समाज में बहुसंख्यकवाद की बढ़ती वैधता, मूल अधिकारों और कानून प्रवर्तन के प्रावधानों के प्रभाव को लेकर भरोसा कम होना, केंद्र सरकार द्वारा राज्यों के अधिकारों के अतिक्रमण के साथ संघवाद का क्षय, विकास संबंधी नीतियों का चुनावी नतीजों को लक्ष्य कर बनाया जाना आदि बातें शामिल हैं।

भारतीय संविधान ने देश को धर्मनिरपेक्ष, उदार लोकतांत्रिक मूल्यों वाला बनाया और इसकी वजह थी विभाजन के सांप्रदायिक आधार को लेकर तीव्र प्रतिक्रिया। संविधान सभा की बहसों को पढ़ने से भी यह बात प्रमाणित होती है। नेहरू युग में इसका बचाव एक ऐसे नेता ने किया जो दिल से धर्मनिरपेक्ष था, संसदीय परंपरा की इज्जत करता था और लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका की भी। सच तो यह है कि सत्ताधारी दल स्वयं विविध हितों वाले लोगों का समूह था और इसलिए विचारधारा आधारित शासन रोकने में मदद मिली। आज जिस दल का सत्ता पर कब्जा है वह विचारधारा आधारित राजनीतिक शक्ति है। ऐसा नहीं है कि संसदीय परंपरा और विपक्ष का यह सम्मान नेहरू युग की खासियत रही। बहुत बाद में पीवी नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भी यह देखने को मिला। परंतु इन दिनों विपक्ष और सरकार के साथ रिश्तों की जो स्थिति है और कानून तथा नीतियां बनाने के पहले मशविरों के न होने ने भी उस विश्वास को कमजोर किया है जिसके आधार पर एक लोकतांत्रिक सरकार काम करती है।

हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है एक धर्मनिरपेक्ष और उदार लोकतांत्रिक देश के रूप में हमारे भविष्य में आस्था बहाल करना और विविधता को लेकर व्यापक सहिष्णुता। यह बात संविधान की बुनियाद में अंतर्निहित है जिसके तहत सार्वभौमिक मताधिकार से शासन चलता है। इसका अर्थ है धर्म, जातीय पहचान, भाषा, लिंग और अन्य विविधता वाली बातों की भरपूर इज्जत करना।

सन 1940 के दशक में सार्वभौमिक मताधिकार के कारण समाज में समता की भावना पैदा हुई जबकि हमारा समाज ऐसा जहां पदसोपानिक असमानता सामाजिक ढांचे और व्यक्तिगत मनोविज्ञान में गहरे तक धंसी हुई है। इससे संबंधित निर्देश विभिन्न जिलों में पदस्थ सभी अफसरशाहों तक पहुंचाए गए कि ऐसी सार्वभौमिक मतदाता सूची तैयार की जाए। पहले से मौजूद मतदाता सूचियां प्रायः सार्वभौमिक नहीं होती थीं और समुदायों द्वारा तैयार की जाती थीं। उदाहरण के लिए तत्कालीन बंबई के जिला कलेक्टर ने पूछा कि सड़कों पर रहने वालों को कैसे छोड़ा जा सकता है जबकि उनका तो कोई स्थायी पता भी नहीं होता। मेरा मानना है कि अफसरशाहों ने तय किया कि उनकी सोने की जगह को ही उनका पता माना जाए। यह नियम अब भी जारी है। आज जरूरत इस बात की है कि हमारी अफसरशाही शासन के हर स्तर पर ऐसी ही प्रतिबद्धता दिखाए। सार्वभौमिक मताधिकार जैसा सिद्धांत तब कारगर नहीं है जब समाज के किसी एक समूह की वैचारिकी हावी हो। लोकतंत्र के समक्ष सबसे बड़ा खतरा बहुसंख्यकवादी अधिनायकवाद है। इससे बचने के लिए हमें ऐसी राजनीतिक संस्कृति और मीडिया की जरूरत है जो लोगों के बीच विश्वास बढ़ाए।सबसे पहले इस बात को चिह्नित करना होगा कि हम सब समान हैं और एक व्यक्ति का एक मत है।

# आम जीवन के चितचोर है बासु चटर्ती

**अजय कुमार शर्मा**

## सिनेमा

बासु चटर्जी, बिमल रॉय और ऋषिकेश मुखर्जी की परंपरा के ऐसे योग्य वाहक थे। वह साहित्य को सिनेमा में पिरोने वाले निर्देशक भी थे। सारा आकाश, रजनीगंधा, चितचोर, छोटी सी बात, स्वामी, खट्टा-मीठा, बातों-बातों में, शौकीन और चमेली की शादी जैसी सफल, सार्थक फिल्मों के निमार्ता निर्देशक बासु चटर्जी पूरी तरह से फिल्मों के लिए समर्पित थे। वे अपनी फिल्मों की पटकथा और संवाद स्वयं लिखते।0 कोई फाइनेंसर नहीं मिलता तो खुद उधार लेकर फिल्म बनाते। फिल्म हमारे जीवन के नजदीक रहे और ज्यादा खचीर्ली न हो के लिए वह अधिकतर आउटडोर शूटिंग करते। ईमानदार इतने की कलाकारों को अपनी जेब से पैसे दे देते। अमन प्रकाशन, कानपुर से प्रकाशित इस पुस्तक को लेखिका ने इसे बासु चटर्जी की विश्वसनीय जीवनी, उन्हीं की जुबानी बताया है जो कि बिल्कुल सही ठहरता है। साठ के दशक के अंत से और सत्तर-अस्सी के दशक तक बासु चटर्जी ने हिंदी सिनेमा के दर्शकों के लिए एक से एक शानदार फिल्में दीं। जब टीवी ने घर-घर में पैठ बनाई तो उन्होंने रजनी, दर्पण और कक्काजी कहिन जैसे श्रेष्ठ धारावाहिक भी प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। 10 जनवरी 1930 को अजमेर में जन्मे बासु चटर्जी के पिता भारतीय रेलवे में काम करते थे।

1950 में उन्हें बंबई (अब मुंबई) के चर्चगेट स्थित एक विद्यालय में लाइब्रेरियन की नौकरी मिली और वे मुंबई आ पहुंचे ।बासु को बचपन से ही चित्रकला में रुचि थी और वह कार्टून बहुत अच्छे बनाया करते थे तो करंट समाचार पत्र में फ्रीलांस कार्टूनिस्ट के रूप में कार्य करने लगे। इसी बीच चर्चित साप्ताहिक पत्र बिल्ट्ज में भी वे फ्रीलांस कार्टून बनाने लगे।

तभी उन्हें जानकारी मिली की गीतकार शैलेंद्र जो कि मथुरा के ही रहने वाले थे, तीसरी कसम नाम से फिल्म बना रहे है तो वे उनके पास जा पहुंचे फिल्म में सहायक निर्देशक का काम मांगने। इस फिल्म के निर्देशक उनके ही नामाराशि बासु भट्टाचार्य थे और उनकी भी यह पहली ही फिल्म थी। बासु चटर्जी चीफ असिस्टेंट नियुक्त हुए। उनके साथ बीआर इशारा भी सहायक निर्देशक के रूप में थे। सहायक निर्देशक के रूप में उनकी दूसरी फिल्म थी सरस्वतीचंद्र। अब तक वे सिनेमा से संबंधित सभी तकनीकी जानकारियां प्राप्त कर चुके थे। अतः उन्होंने स्वयं फिल्म बनाने का निर्णय लिया। उनके परिचित अरुण कौल ने उसी समय हिंदी के चर्चित कहानीकार राजेंद्र यादव के उपन्यास सारा आकाश के अधिकार 21 रुपये में खरीदे थे । बासु चटर्जी को भी इसकी कहानी पसंद आई और फिल्म बननी शुरू हो गई। इसके लिए उन्होंने फिल्म वेलफेयर कार्पोरेशन से कर्ज लिया। राकेश पांडेय, नंदिता ठाकुर, एके हंगल, दीना पाठक, मणि ठाकुर आदि कलाकारों का चयन हुआ। फिल्म की तारीफ तो हुई लेकिन इतनी कमाई नहीं हुई कि कर्ज उतारा जा सके। हां, उन्हें पटकथा लेखन के लिए इस वर्ष का फिल्म फेयर पुरस्कार मिला और राजश्री, जिन्होंने उनकी इस फिल्म का वितरण किया था द्वारा फिल्म पिया का घर बनाने का प्रस्ताव दिया गया। यह फिल्म सफल रही और उनसे बड़े-बड़े लोग फिल्म निर्देशित करने के लिए संपर्क करने लगे। बासु चटर्जी की अगली फिल्म थी राजेंद्र यादव की पत्नी मन्नू भंडारी की कहानी यही सच है के आधार पर बनी रजनीगंधा। यह फिल्म भी बेहद सफल रही। हालांकि पहले इसे कोई वितरक लेने को तैयार नहीं था क्योंकि फिल्म के नायक-नायिका बिल्कुल सीधे साधे थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त



**रामगढ़।** बरकाकाना थाना क्षेत्र में अवैध रूप से बालू लोड कर ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। खनन निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक द्वारा बुधवार को चलाए गए जांच अभियान के दौरान बरकाकाना थाना क्षेत्र से बालू लदे 2 ट्रैक्टरों को अवैध रूप से ले जाने का दोषी पाया गया। इसके उपरांत वाहन को जब्त कर बरकाकाना ओपी में लगा दिया गया है। इस मामले में आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### रामगढ़ के तीन इंस्पेक्टर का ट्रांसफर

**रामगढ़।** जिले में पदस्थापित तीन इंस्पेक्टर का जिले से बाहर ट्रांसफर किया गया है। डीजीपी कार्यालय से बुधवार की शाम जारी आदेश में रामगढ़ जिले में पदस्थापित इंस्पेक्टर राजेश कुमार, विपिन कुमार और विद्याशंकर को अलग अलग जिले में ट्रांसफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक राजेश कुमार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और विपिन कुमार को अपराध अनुसंधान विभाग, रांची के लिए ट्रांसफर किया गया है। इसके अलावा विद्याशंकर को सिमडेगा जिले में पदस्थापित किया गया है।

### मांडू में गायत्री महायज्ञ शुरू



मांडू। मांडू प्रज्ञापीठ बलसगरा रोड गायत्री मंदिर निर्माण स्थल में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा से हुआ। प्रज्ञापीठ स्थल से सैकड़ों महिलाओं और कन्याओं ने कलश लेकर कलश यात्रा का शुरूआत करते हुए बलसगरा रोड होते हुए मांडू चट्टी ,एनएच 33, प्रखंड मुख्यालय होते हुए दूधी नदी में जाकर कलश में विधि पूर्वक जल भरा। इसके उपरांत श्रद्धालु माथे पर कलश रख वापस यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां कलशों को विधि पूर्वक स्थापित किया गया। महायज्ञ को लेकर प्रत्येक दिन रात 7:00 बजे प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन एवं 8:00 बजे से प्रतिदिन महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। 29 अप्रैल को 24 कुंडीय महायज्ञ का हवन एवं पुर्णाहूतिके साथ समापन होगा।

### श्याम महोत्सव को ले भजन-कीर्तन

**कुजू।** एमआर कॉम्पलेक्स कुजू में मंगलवार को श्याम परिवार कुजू के नेतृत्व श्री श्याम महोत्सव के आयोजन पर खाटू वाले बाबा का अद्भुत अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, पूजार्चना के अलावे कीर्तन भजन किया गया। भजन-कीर्तन में रामगढ़ रांची और देवघर के कलाकारों ने श्याम प्रभु का गुणगान करते हुए मौजूद श्याम प्रेमियों को झूमने पर विवश किया। महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ विक्की पाठक द्वारा यजमान बने विजय केसरी व धर्मपत्नी रेखा देवी को विधिवत पूजार्चना कर ज्योत जलाकर किया गया। वही, झारखंड के भजन गायक मदन सोनी, पवन शर्मा, तनय काठपाल, कमल बगड़िया ने अपनी मधुर वाणी से एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की प्रस्तुति दी।

### पार्किंग शुल्क में वृद्धि वापस ले परिषद

**रामगढ़।** टेंपो एवं ट्रेकर मालिक एवं चालकों के प्रतिनिधि मंडल ने छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। मालिक व चालकों ने बताया कि ऐसी जानकारी मिल रही है की छावनी परिषद की ओर से टेंपो का पार्किंग शुल्क 5 रूपए से बढ़ाकर 10 रूपए एवं ट्रेकर का पार्किंग शुल्क 15 रुपए से बढ़ाकर 20 रु पए किये जाने की योजना बनायी जा रही है। ज्ञापन में कहा है की टेंपो के पार्किंग शुल्क में 100 प्रतिशत की वृद्धि की जा रही है। जबकि ट्रेकर का पार्किंग शुल्क 5 रुपए बढ़ाये जाने की सूचना है। टेंपो के मालिक की प्रतिलिपि अध्यक्ष छावनी परिषद रामगढ़, निदेशक मध्य कमान, रक्षा मंत्रालय, लखनऊ, नामित सदस्य छावनी परिषद रामगढ़ को भी प्रेषित की गई है। ज्ञापन सौंपनेवालों में रवि कुमार, मो हमीद, मो इकबाल, मो जावेद, टिंकू खान, वसीम अक रम, वशीर, अमर कुमार, संजय कुमार, बिटू सिंह, प्रदीप, कृष्णा कुमार, बुलबुल, महेश गोप, विनय गुप्ता, अमित कुमार, राजू आदि का नाम शामिल है।

### साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज में विनोब भावे विश्वविद्यालय के फोर इयर अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम सेमेस्टर दो के तहत बुधवार को साइबर डिफेंस पाठ्यक्रम से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि साइबर एक्सपर्ट वेंकटेश बालाजी एवं ममता वर्मा उपस्थित हुईं। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा का परिचय, साइबर अपराध और साइबर कानून, सोशल मीडिया अवलोकन और सुरक्षा, डिजिटल सुरक्षा, ई-कमर्स और डिजिटल भुगतान से सम्बंधित जानकारी, साइबर सुरक्षा का अवलोकन, डेटा गोपनीयता व डेटा सुरक्षा, साइबर सुरक्षा प्रबंधन, अनुपालन और शासन आदि के बावत पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारी देना था। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य ड विद्यानन्द तिवारी ने किया। मौके पर सचिव ड बक्शी, ओम प्रकाश सिन्हा, शिक्षक प्रतिनिधि अरविन्द कुमार सिंह, गिरिधर पाठक, बिरेन्द्र कुमार सिंह, कंप्यूटर संचालक रामजीवन सिंह सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थें।

### अभिभावकों व शिक्षकों की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौन्दा डी पंचायत के वर्ड सौन्दा मध्य विधालय मे मंगलवार को अभिभावकों और शिक्षकों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा और संचालन प्रधानाध्यापक मटुक राम ने किया। बैठक में पीटीएम योजना के सरकारी दिशानिर्देश पर अभिभावक और शिक्षक ने वार्षिक परीक्षा, नये शैक्षणिक सत्र, अगले सत्र में बच्चों के नामांकन पर चर्चा विस्तार पूर्वक चर्चा किया। कहा गया कि बच्चे देश के भविष्य हैं इनका सर्वांगीण विकास जरूरी है। बच्चों के बेहतर पठन-पाठन के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि डब्लू पाण्डेय, विद्यालय समिति अध्यक्ष शकुंतला देवी सहित दर्जनों अभिभावक मौजूद थे।

# मन की बात के 100वें भाग सुनें

## रामगढ़ में भाजपा नेताओं ने बैठक में कार्यकर्ताओं से अपील

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** हाथमारा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार को पार्टी पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें भाग का प्रसारण पूरे रामगढ़ विधानसभा में प्रमुखता से सुनने पर बल दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने एवं मंच संचालन महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू ने किया। मौके पर पदाधिकारियों ने महापुरुषों की तस्वीर पर माल्यार्पण का नमन किया । तत्पश्चात बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा रामगढ़ प्रभारी शशिभूषण भगत ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देश में हो रहे विकास,अविष्कार और सुदूरवर्ती ग्रामीण द्वारा कृषि में अनोखे प्रयोग जैसी जानकारियों से पूरे देश को परिचित करवाने की जो श्रृंखला चलायी है वह आज पूरे विश्व में लोकप्रिय हो चुका है। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों से कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सुझाव मांगते हुए कहा की आगामी रविवार को इस कार्यक्रम का सौवां प्रसारण होना है । अतः पार्टी द्वारा पूरे विधानसभा क्षेत्र के 100 बूथों को चिन्हित कर कार्यक्रम को वृहत पैमाने में सुनने हेतु आसपास के तीन बूथ को एक साथ मिलाकर वहां भारी संख्या में कार्यक्रम को सुनना है। साथ हीं इस सौवें भाग को कार्यकर्ताओं के साथ साथ बूथ के आस पास निवास करने वाले महिला पुरुष मतदाताओं की भागीदारी भी सुनिश्चित करनी है ।ताकि वे इस कार्यक्रम को सुन कर लाभ उठा सकें। धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री छोटन सिंह ने दिया। मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी,प्रो.संजय सिंह,अखिलेश सिंह,बलराम महतो, मंत्री खुशीलाल महतो,राजेंद्र कुशवाहा, संजीव कुमार बावला,वसुध तिवारी, महेंद्र प्रजापति,दिलीप सिंह, राजीव पामदत्त,मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,सोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू, राकेश पांडा,उमेश प्रसाद, कुमेल उरांव, नीरज झा, अवितेश सिंह, सैय्यद किरमानी,योगेश दांगी,विजय जयसवाल, संजय शाह,गणेश स्वर्णकार, अशोक कुमार,बबलू साव,सतीश मोहन मिश्रा, महेंद्र सिंह,राजाराम प्रजापति,नरेश कुमार, ललन सिंह,राजेंद्र महतो, हरिनारायण कुशवाहा आदि मौजूद थे।

# डीएमएफटी मद से बनेगा 14 मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र : डीसी

**केंद्र पर गर्भवतियों और बच्चों को मिलेंगी सुविधाएं: सुनीता चौधरी**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़ ।** गोला प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत में बुधवार को डीएमएफटी मद से बने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन विधायक सुनीता चौधरी ने किया। इस मौके पर मौजूद डीसी माधवी मिश्रा ने बताया कि आम लोगों को सुविधा देने के लिए मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है।

आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन के बाद जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा, जिला परिषद सदस्यों अन्य जनप्रतिनिधियों आदि ने बच्चों को पठन सामग्री का वितरण किया गया। विधायक सुनीता चौधरी ने जिला प्रशासन के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से न केवल बच्चों, गर्भवती महिलाओं आदि को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी बल्कि रामगढ़ जिले के विकास में भी इससे गति आएगी। डीसी माधवी मिश्रा ने कहा कि रामगढ़ जिले में एक हजार से अधिक आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हैं, लेकिन लगभग 50 फीसदी आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन अस्थाई भवनों अथवा किराए के भवनों में हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए डीएमएफटी के माध्यम से जिले में योजनाबद्ध तरीके से मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण का निर्णय लिया गया। डीसी ने बताया कि प्रथम चरण में जिले के अलग-अलग प्रखंडों में कुल 14 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज इस नवनिर्मित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि शेष निमार्णाधीन मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

### जन्म दिन पर फलदार वृक्ष दें : होरिल शर्मा

**चरही।** चुरचू में पूर्वी वन प्रमंडल हजारीबाग की ओर से बुधवार को वृक्ष रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन भोडा टोंगरी और टोंगरिया जंगल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संचालक वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष होरिल शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के लिए पेड़ पौधे होना अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है।पेड़ पौधे द्वारा ही ऑक्सीजन प्राप्त होता है।पेड़ पौधे मानव जीवन संभव नहीं है।प्रत्येक ग्रामीणों का कर्त्तव्य है कि अपने-अपने जमीन पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संतुलित बनाएं। श्री शर्मा ने ग्रामीणों से अपील किया है कि अपने हर जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगाएं।तथा उपहार स्वरूप एक व्यक्ति को फलदार वृक्ष भेंट करें। झारखंड बिरसा इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षा संकल्प लिया।इस कार्यक्रम में राजू पांडे, झारखंड बिरसा इंटर कॉलेज के विद्यार्थी, वनपाल रामानंद राम,वनरक्षी आशीष कुमार,अजीत कुमार, अभिषेक कुमार,सहित विभिन्न गांव के महिला पुरुष शामिल थे।

### आचार्य परीक्षा में शामिल होंगे 5340 छात्र : अजय तिवारी



हजारीबाग। विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित आचार्य की चयन परीक्षा पीआरटी, टीजीटी एवं पीजीटी के लिए कुल 5340 परीक्षार्थी शामिल होंगे' विद्या विकास समिति, झारखंड के प्रदेश सचिव मान्यवर अजय कुमार तिवारी नेबताया कि विभिन्न विषयों के लिए आयोजित होने वाली आचार्य चयन परीक्षा के लिए आवेदन मंगाए गए थे। झारखंड में संचालित सरस्वती शिशु मंदिरों के लिए वर्ष में एक बार आचार्य चयन परीक्षा आयोजित होती है' इस बार पूरे झारखंड में यह परीक्षा 11 केंद्रों पर होनी है। आचार्य चयन परीक्षा 29 अप्रैल को निर्धारित केंद्रों पर होगी ।

## 20 सूत्री की बैठक में जल मीनार की चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**खबर मंत्र में आधी-अधूरी कार्य की छपी थी खबर**

बिष्णुगढ़। बिष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र में पीएचईडी विभाग द्वारा जल नल योजना के तहत चल रहे कार्य और कि गई आधी अधूरी कार्य से एक और जहां सरकार की महत्वाकांक्षा पूरी होती नहीं दिख रही है तो वहीं केवल टाइम की और टावर लगाए जाने से ग्रामीणों में भी संवेदक व इसके दलालों के खिलाफ रोष है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों नवादा बरह मोरिया रोड,गैड़ा पंचायत के बसरिया, और अलपिटो के हेठली बोदरा में लगे सोलर जल मीनार यूँ हीं खराब अवस्था में पड़े होने की खबर खबर मंत्र ने प्रमुखता से छापी थी। जिसके बाद लोगों का ध्यान इस ओर गया था। वहीं मंगलवार को 20 सूत्री की बैठक में संबंधित मामले को उठाया गया। देखना यह होगा कि प्रखंड सभागार में जनप्रतिनिधियों, 20 सूत्री सदस्य, प्रखंड प्रशासन की मौजूदगी में उठे सवाल पर भविष्य में कितना असर होता है या फिर लोगों की बैठके यूँ हीं हवा हवाई होगी यह देखना दिलचस्प होगा।

बताते चलें कि बिष्णुगढ़ प्रखंड के जोबर ,के अंबा टांड़, बंदखारो आदि पंचायतों का दौरा करने से स्पष्ट होता है कि एक से आधे किलोमीटर के रेंज में लगभग आधे दर्जन सोलर जल मीनार यूं ही प्रदर्शनी के लिए खड़े है। बिष्णुगढ़ प्रखंड के दो पत्रकार विभाग के कार्यों के पड़ताल के लिए निकले थे। लेकिन दोनों पत्रकारों को खड़े जल मीनार से एक बोतल पानी भी नसीब नहीं हो सका।

जोबर के अम्बाटांड में सड़क किनारे खड़े जानेमन स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग के नाम के बोर्ड के साथ खड़ा जल मीनार के बारे में लोगों से पूछे जाने पर कहा कि बनने के बाद से इसी तरह खड़ा है।

इस संदर्भ में आजसू के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने कहा कि सरकारी राशि की बंदरबांट और लूट की खुली छूट का खेल हेमंत सरकार के कार्यकाल में खूब खेला जा रहा है। साथ ही जन सरोकार से जुड़े मामले पर स्थानीय स्तर के जनप्रतिनिधि मुक दर्शक बनना भी कई सवाल खड़े करते हैं?

# विद्यालय भवन निर्माण में अनियमितता

खबर मन्त्र संवाददाता



**दारू (हजारीबाग)।** प्रखंड के महेशरा + 2 उच्च विद्यालय में चारदीवारी , लाइब्रेरी सहित 10 कक्षा व पांच शौचालय बनाने की योजना जिला के द्वारा स्वीकृत किया गया । यह योजना डीएमएफटी फंड से जिला परिषद विभाग द्वारा 3 .15 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। योजना का संवेदक सुरेंद्र मेहता है। इस योजना का शुभारम्भ सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा शिलान्यास कर किया गया था।वर्तमान में विद्यालय का चारदीवारी का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है।

संवेदक द्वारा लगातार चारदीवारी कार्य मे भारी अनियमितता बरती गई है।कार्य की अनियमितता को लेकर जिनगा , रामदेव खरिका , जोनियां, महेशरा, कोय, आदि कई पंचायत के लोग नाखुश थे। इस संदर्भ में ग्रामीण संवेदक से गुणवत्तापूर्वक कार्य करने की आग्रह व शिकायत करते रहे परन्तु संवेदक हमेशा अनसुना करता रहा। संवेदक के इस रवैया को लेकर प्रखंड के ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में संवेदक के पार्टनर विनोद मेहता के साथ बुधवार को एक बैठक किया। बैठक में आए ग्रामीणों ने चारदीवारी का अवलोकन किया । जहां लोगों ने किए गए कार्य से काफी असंतुष्ट दिखे। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्य ने आरोप लगाया कि चारदीवारी निर्माण में पिलर के लिए किया गया गड्ढा प्राक्कलन से एक फीट कम किया गया साथ ही साथ पिलर निर्माण से पहले तीन इंच बालू , तीन इंच ईंट सोलिंग व तीन इंच कंक्रीट से ढलाई किया जाना था जो संवेदक के द्वारा नही करने का आरोप लगाया है।साथ ही साथ संवेदक के द्वारा ग्रामीणों पर मामला दर्ज करने की धमकी के भी आरोप लगाया है।इसके अलावा विद्यालय परिसर में कक्षा के लिए बनाए जाने वाला कमरा को गलत जगह ले आउट किया गया है।इसका भी ग्रामीणों ने विरोध किया है। इन सारी बातों को बैठक में आने के बाद उपस्थित लोगों ने संवेदक द्वारा किया गया कार्य की जांच को लेकर उपायुक्त के नाम से आवेदन भी लिखा है। ग्रामीणों द्वारा तैयार आवेदन की प्रति लिपि प्रधानमंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री झारखंड सरकार व जीप अध्यक्ष हजारीबाग को भी जांच के लिए भेजने का निर्णय लिया।

**पूर्व मुखिया लक्ष्मी देवी ने संवेदक के पार्टनर को लगायी फटकार**

**कभी भी गिर सकता चारदीवारी** : चाहरदीवारी का काम लगभग पूर्ण हो चुका है। कार्य को देखते हुए काफी आक्रोशित हो गए। प्रमुख कुमारी स्वेता , मुखिया गीता देवी , जीप सदस्य प्रतिनिधि सोनू साव, जिनगा पंचायत के पूर्व मुखिया लक्ष्मी देवी ने संवेदक के पार्टनर विनोद मेहता को जमकर फटकार लगाई।जनप्रतिनिधियों ने कहा कि आप जो चारदीवारी का काम किए है इतना घटिया है कि चारदीवारी कभी भी गिर सकता है। मौके पर प्रमुख कुमारी स्वेता, जिनगा पंचायत मुखिया पिंकी देवी, पूर्व मुखिया लक्ष्मी देवी, जिला परिषद् सदस्य के पति सोनू साव, वार्ड सदस्य संजू देवी, सरिता देवी, संदीप कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश साव सह सभी सदस्य, प्रमोद राम, विक्की कुमार, कृष्णा यादव, मनोज सिंह, नवकुमार मिश्रा, प्रदीप यादव, उमेश रविदास, राहुल मिश्रा, मो सिराजुद्दीन, पप्पू रविदास,झमन ठाकुर इत्यादि पंचायत के कई महिलाएं एवं पुरुष शामिल थे।

## एक नजर में

### मुखिया ने खिलाड़ियों को दिया खेल सामग्री



**बरही।** पश्चिमी पंचायत भवन में मुखिया शमशेर आलम के नेतृत्व में पंचायत के खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया। इस दौरान मुखिया समशेर आलम ने कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ियों में खेल प्रतिभा को लेकर काफी प्रतिभावान खिलाड़ी है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वह अपने खेल का जौहर मैदान में दिखाएं और गांव शहर व जिला का नाम रौशन करें। खिलाड़ियों में पंचम कुमार, डब्लू कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, राकेश कुमार सिंह, सूरज कुमार पांडे, राहुल कुमार, सुमन कुमार, रोहित कुमार, प्रमोद कुमार, अंशु कुमार, आयुष कुमार, डब्लू कुमार सिंह, बिट्टू कुमार, गोलू कुमार पांडे, बादल कुमार, अंशु कुमार, रितेश कुमार, हैदर अली, रौशन आलम शामिल थे। मौके पर मुखिया शमशेर आलम, कैलाशपति सिंह, नागेश्वर प्रसाद केशरी, राजकुमार राणा, कृपाल राणा, विक्की सिंह, बाबूलाल पासवान, मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, मोती कुमार सिंह, चेतलाल साव, रविशंकर, राकेश कुमार सिंह, टिंकू, विक्की सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### चरही में अवैध कोयले से लदा ट्रैक्टर जब्त

**चरही।** मंगलवार रात वन विभाग के कर्मियों ने अवैध कोयले से लदे ट्रैक्टर को पकड़ा। मांडू रेंजर विनोद नंद राय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रैक्टर जोजो बेड़ा के 15 माइल जंगल से अवैध कोयला लादकर निकल रहा है।रेंजर ने दल-बल के साथ त्रिवेणी हार्डकोक के समीप पहुंचे चालक की नजर वन विभाग की जिप्सी वाहन पर पड़ी। चालक अंधेरे का लाभ उठाकर कोयला लोड ट्रैक्टर को छोड़कर भाग निकला। उस ट्रैक्टर पर 2 टन अवैध कोयला लदा है। कर्मियों ने पकड़े गए उक्त ट्रैक्टर को मांडू रेंज कार्यालय लाया गया। ट्रैक्टर मालिक मांडूडीह निवासी ओमकार साव पिता जयनाथ साव,दो कोयला व्यापारी 15 माइल निवासी देवेंद्र कुमार उर्फ पेमा साहू पिता रामेश्वर साव और इसी गावं के कोठियाटांड़ निवासी अशोक महतो उर्फ खैटा महतो पर मामला दर्ज किया गया है।

### जनता की आवाज बुलंद करेगा आजसू : संदीप



**बड़कागांव।** आजसू प्रखंड कमिटी की बैठक बड़कागांव गुरूचट्टी आवासीय कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कार्यकरी अध्यक्ष फिरोज आलम एवं संचालन प्रखंड सचिव मनोज दांगी ने किया। केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि राज्य में अराजकता का माहौल है जिससे जनमानस त्रस्त हैं, युवा रोजगार की प्रतीक्षा में हैं, महिलाएं असुरक्षित हैं। दिन प्रतिदिन अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। पर इस मामले में आजसू चुप नहीं बैठेगी। आजसू आम जनता के हित के लिए आंदोलन हेतु कमर कस लिया है और 30 अप्रैल को आजसू पार्टी राज्यधानी रांची में सामाजिक न्याय मार्च कर आम जनता की आवाज बुलंद करेगी।बैठक में प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस,कामेश्वर महतो,योगेंद्र महतो,अहमद रजा,सुनील कुमार,राजेश महतो,सुरेश कुमार दांगी,दिनेश महतो,कुलेश्वर महतो, अर्जुन महतो,सुनील कुमार, रामेश्वर महतो, नागेश्वर तुरी आदि शामिल थे ।

२६ है पी १: बैठक में शामिल लोग

### चरही : भारतीय मजदूर संघ ने किया प्रदर्शन



**चरही ।** भारतीय मजदूर संघ ने हजारीबाग समाहरणालय के समक्ष संघ के जिला अध्यक्ष नवीन सिन्हा और जिला मंत्री नीरज सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। इसके माध्यम से जिला उपायुक्त को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। नेता द्वय ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ का 20 वां त्रैवार्षिक अखिल भारतीय अधिवेशन 7 और 9 अप्रैल को पारित प्रस्ताव के संबंध में यह ज्ञापन दिया गया है।आगे कहा कि यह 20 वां त्रयवार्षिक अधिवेशन पटना में संपन्न हुआ था।जिसमें देशभर के करीब 2500 प्रतिनिधयों ने भाग लिया था।इस अधिवेशन में चार प्रस्ताव को पारित किए गए हैं।जिसमें सामाजिक सुरक्षा सभी को मुहैया हो। ठेका प्रथा के अंधानुकरण पर रोक लगाने तथा ठेका अधिनियम 1970 में न्यायोचित संशोधन करें।आर्थिक विकास के लिए राष्ट्रीय श्रम नीति बने।न्यूनतम मजदूरी के स्थान पर जीविका मजदूरी तय हो।इसके अलावा मजदूर हित के अन्य मांगों को भी ज्ञापन में लिखा गया।मौके पर जिलाध्यक्ष नवीन सिन्हा,जिला मंत्री नीरज कुमार सिंह,जिला कोषाध्यक्ष स्वेता सिन्हा , गैलेक्सी गौरव , जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र कुमार,रण विजय सिंह,पप्पू दुबे,धर्मेंद्र सिंह, रितेश सिंह,निखिल सिंह,हर्ष सिंह, अनुराग सिंह,संतोष कुमार, कासिम,गुरमीत सिंह,जयहिंद्र चौहान, अशोक, ज्योति विद्यार्थी,जुगेश्वर नोनिया सहित कई मजदूर शामिल थे।

### 30 अप्रैल तक बदलेगा ट्रांसफार्मर : अरुण साहू



**बरही।** विगत कई महीनों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने को लेकर बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा प्रखंड अंतर्गत पिंडारकोन के ग्रामीणों ने तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्य रूप से महिला नेत्री साबी देवी भी उपस्थित रही। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पिंडारकोन में पिछले 4 महीनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है, जिसके कारण ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों को पढ़ाई में काफी समस्या हो रही है। साथ ही साथ किसानों को खेत में पानी पटाने को लेकर भी काफी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। इस विकराल गर्मी में भी बिजली उपलब्ध ना होने के कारण ग्रामीणों को काफी समस्याये हो रही है। इस संबंध में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर बताया कि बरही विधानसभा क्षेत्र के कई गांवो से ग्रामीणों द्वारा ट्रांसफार्मर खराब पड़े रहने की जानकारी मिली है। इस संबंध में पिंडारकोन के ग्रामीण भी फरियाद लेकर उनके पास पहुंचे। उन्होंने बताया कि बरही विधानसभा में यदि किसी भी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर की समस्या हो तो बिजली विभाग 30 अप्रैल तक बदलने का कार्य करें या हमें एनओसी प्रदान करें ताकि अपने फंड से ट्रांसफर लगाने का कार्य कर सकू ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार का कोई समस्या ना हो। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 30 अप्रैल तक यदि विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर को नहीं बदला जाता है तो हजारों की संख्या में ग्रामीणों के साथ विभाग का घेराव कर आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें मौका देती है तो वह सबसे पहले बड़ी विधानसभा में बिजली और पानी की समस्या से निजात दिलाएंगे। मौके पर मुख्य रूप से बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, बरही मीडीया प्रभारी बबलू साहू, बरही प्रखंड प्रवक्ता छोटी राम, युवाध्यक्ष सन्नी गुप्ता, चौपारण प्रखंड युवाध्यक्ष मनोज साव, दीपक कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### हरिहरगंज : ईंट लदा ट्रैक्टर की ट्रॉली पलटने से किसान की मौत



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के बलहा विशुनपुर गांव के समीप ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से 50 वर्षीय तपसी यादव नामक किसान की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार की देर शाम को है। मृतक अपने घर से चहका पर स्थित खेत के पाही पर सोने जा रहा था। इसी दौरान ईंट लादकर तेज गति से जा रहे ट्रैक्टर की ट्रॉली पलट गई। इससे दबकर उक्त किसान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह दलबल के साथ जाकर शव को कब्जे में ले लिया। वही पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव बुधवार को बलहा स्थित घर पहुंचा। जहां शव को देखकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

### मिनी ट्रक और स्कॉर्पियो में टक्कर बाल-बाल बचें गाड़ी में सवार लोग



**हैदरनगर, पलामू।** अनुमण्डल क्षेत्र के हैदरनगर-जपला मुख्य पथ पर बहेरा गांव के समीप बुधवार की सुबह हैदरहगर की ओर से जा रही तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने स्कॉर्पियो कार में जोरदार टक्कर हो गया। टक्कर इतना जोरदार था कि स्कार्पियो कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही स्कॉर्पियो चालक को मामूली चोट आई है। जबकि सवारी बाल बाल बच गए। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। हालांकि मिनी ट्रक चालक दुर्घटना के तुरंत बाद फरार हो गया। बुधवार के दोपहर ग्यारह बजे विपरीत दिशा से छत्तीसगढ़ जा रही स्कोर्पियो का टेम्पू को बचाने के क्रम में जोरदार टक्कर हो गया। कार में सवार नवलकिशोर पांडये और ड्राइवर अम्बा धमनी अपने गांव से बैकुंठपुर जा रहे थे।

### गरीबों के लिए एयर एंबुलेंस सेवा फ्री होनी चाहिये : राकेश तिवारी



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार द्वारा राज्य में एयर एंबुलेंस सेवा प्रारंभ की गई है। इसमें तीन लाख से लेकर आठ लाख रुपये तक एंबुलेंस की भाड़ा तय की गई है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आप पार्टी नेता राकेश तिवारी ने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि झारखंड राज्य के सभी जिला के वासी अति पिछड़ा गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं। अपना इलाज पैसे के अभाव में वे नहीं करा पाते हैं।तो गंभीर रोग को इलाज कराने के लिए एयर एंबुलेंस का भाड़ा कहां से चुका पाएंगे। जो राज्य सरकार ने तीन लाख से लेकर आठ लाख रुपए तक का भाड़ा निर्धारित किया है जो यह राज्य हित में उचित नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि एंबुलेंस सेवा को झारखंड के गरीब, मध्यमवर्गीय परिवार के लिए निःशुल्क सेवा करना चाहिए। ताकि लोग अपना इलाज किसी दूसरे राज्य में जाकर करा सकें।

### पीड़ितों के बीच 28 लाख का चेक वितरण

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे मंगलवार को दुष्कर्म पीड़िता व हत्या के मामले में पीड़ित चार लोगों के बीच 28 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। विदित हो कि झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत यह राशि प्रदान की गई है। विदित हो कि क्रिमिनल इंजुरी कंपनसेशन बोर्ड के बैठक में पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने पीड़िता व उनके परिजनों को 28 लाख रुपये का चेक देने का निर्णय लिया था। क्रिमिनल इंजुरी कंपनसेशन बोर्ड की बैठक में सरकार से राशि मिलने के बाद मंगलवार को पीडीजे प्रदीप कुमार चौबे ने पीड़िता व उनके परिजनों को चेक प्रदान किया। इस मौके पर पीड़िता के माता-पिता व परिजन भी उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी।

### गुरु दक्षिणा में विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में लगाने होंगे पौधे



**सतबरवा पलामू।** राजकीय बुनियादी विद्यालय पोलपोल, बाल-संसद की बैठक प्रधानमंत्री उषा कुमारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बाल-संसद के सदस्यों के द्वारा विद्यालय विकास, शतप्रतिशत उपस्थिति, स्वच्छता अपनाने सम्बन्धी समेत पर्यावरण संरक्षण के बिंदुओं पर गहन चर्चा-परिचर्चा की गई। इसी कड़ी में बाल संसद के उप प्रधानमंत्री मास्टर हरिनंदन कुमार पाल ने बैठक में पर्यावरण संरक्षण को लेकर नामांकन व परित्याग के समय विद्यालय परिसर में प्रत्येक विद्यार्थियों द्वारा अपने नाम का एक पौधा गुरु दक्षिणा के रूप में पौधा रोपण का प्रस्ताव दिया, जिसका सभी बाल सदस्यों ने सर्व सम्मति से पारित किया। इस प्रस्ताव का अनुमोदन आज के अभिभावक-संगोष्ठी में अभिभावकों के द्वारा सहर्ष किया गया। अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों का यह प्रस्ताव हमें मंजूर है तथा हम सब बच्चों के इस प्रस्ताव का अभिनन्दन करते हैं। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानध्यापक दिनेश कुमार शुक्ल ने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां यथा पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता को काफी सराहा और इस समझ व जागरूकता को समाज तक पहुंचाने के प्रयास को समाज का एक सफल इंसान व देश के सजग नागरिक बनने की कड़ी का प्रथम कदम के रूप में होने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राम उपेन्द्र पांडेय, रवीन्द्र कुमार पाल,प्रेमचंद कुमार समेत बाल संसद के दर्जनाधिक सदस्यगण उपस्थित थे। सदस्या अमृता पाल के द्वारा सभा में उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

### सर्पदंश से ईंट भट्ठा मजदूर की मौत

**हरिहरगंज (पलामू)।** थाना क्षेत्र के ढाब जहाना में वीआईपी ईंट भट्ठा पर कार्यरत मजदूर शिवनाथ भुइयां (30) की सर्पदंश से मौत हो गई। मृतक विश्रामपुर थाना क्षेत्र के भलुआनी गांव का निवासी था। जानकारी के अनुसार शिवनाथ भुइयां पिछले कई वर्षों से सुरेंद्र मेहता के बीआईपी ईंट भट्ठा पर काम करता था। इसी बीच मंगलवार की रात शिवनाथ भुइयां ईंट भट्ठा पर जमीन पर सोया हुआ था। तभी करैत सांप ने काट लिया।इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान स्थानीय मजदूरों के द्वारा उसे झाड़-फूंक करवाने के लिए ले जाया गया। बावजूद उसकी स्थिति गंभीर बनी रही। घटना की जानकारी मिलते ही स्वजन ईंट भट्ठा पर पहुंचकर इलाज के लिए उसे मेदिनीनगर सदर अस्पताल ले गए। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक की पत्नी बिमला देवी और बच्चों का रोरोकर बुरा हाल है।

## न्यू महिंद्रा बोलेरो पिकअप मैक्स का फीचर लाजवाब : आकर्ष

- महिंद्रा के अग्रणी डीलर आनंद मोटर्स में न्यू महिंद्रा बोलेरो पिकअप मैक्स का लॉन्चिंग





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महिंद्रा के अग्रणी डीलर आनंद मोटर्स में न्यू महिंद्रा बोलेरो पिकअप मैक्स का बुधवार को लॉन्चिंग किया गया।

नावा टोली स्थित शोरूम में आयोजित लॉन्चिंग समारोह में आनंद मोटर्स के निदेशक आकर्ष आनंद, महिंद्रा फाइनेंस के राजेश पांडेय एचडीबी फाइनेंस के नवीन कुमार एवं चोलामंडलम फाइनेंस के अमित सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की इस मौके पर आनंद मोटर्स के महाप्रबंधक प्रमोद श्रीवास्तव एवं सेल्स मैनेजर गणेश प्रसाद ने बताया कि न्यू महिंद्रा बोलेरो पिकअप मैक्स अनेक खूबियों से भरा है तथा उसके बेहतरीन फीचर दमदार लुक बेहतर माइलेज एवं ज्यादा माल ढोने की क्षमता ही इसकी अपनी पहचान है। यह गाड़ी 2 वेरिएंट्स में आती है एचडी सीरिज और सिटी सीरीज में यह गाड़ियां उपलब्ध है 100% ऋण की सुविधा इस गाड़ी पर फाइनेंस कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई है लॉन्चिंग के अवसर पर 11 गाड़ियों की बुकिंग की गई एवं एक गाड़ी की डिलीवरी भी की गई यह गाड़ी 2 टन में पासिंग है साथ ही इसका डाला 10 फीट लंबा तथा 5.9 फीट चौड़ा चौड़ा है। इसका इंजन 80 बीएचपी पावर का है इसमें आईमैक्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। जो ग्राहकों के लिए बहुत सुविधाजनक है इस गाड़ी को लेकर ग्राहकों में काफी उत्साह देखा गया एचडी सीरीज का शुरूआती मूल्य 9.47 लाख से है, जबकि मैक्स सिटी का शुरूआती मूल्य 7.91 लाख है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन मनप्रीत सिंह के द्वारा किया गया।

इस मौके पर एचडीबी फाइनेंस के ब्रांच मैनेजर अनूप पाठक, महिंद्रा फाइनेंस के रवि पाठक,आनंद मोटर्स वर्कशॉप मैनेजर अगस्त तिवारी, सेल्स मैनेजर निखिल कुमार, आलोक राज, राजमणि विश्वकर्मा, एचआर मेनेजर कृति सिन्हा, स्वेता सिंह, अर्चना सिंह, आरती कुमारी, पूजा रानी आदि लोग मौजूद थे।

## किसानों को परंपरागत खेती हेतु कृषि विज्ञान केंद्र में कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सहभागी शिक्षण केंद्र झारखंड द्वारा एलआईसी एचएफएल के सहयोग से ह्रदय परियोजना के बैनर तले हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरि एवं लोटनिया पंचायत के 55 सक्रिय किसानों का शैक्षणिक भ्रमण कृषि विज्ञान अनुसंधान केंद्र चियांकी में दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमे परंपरागत तरीके से खेती करना, वर्मी कम्पोस्ट को बनाना एवं साथ ही साथ कैश प्लांट को लगाने पर होने वाले आर्थिक फायदो पर कृषि विज्ञान अनुसंधान केंद्र चियांकी के वैज्ञानिक अखिलेश साह और जुगेश्वर द्वारा विस्तार से बताया गया। जिसमे मूंग, उरद, वर्मी कम्पोस्ट बनाने पर जानकारी देते हुए सभी का सीधे फील्ड में डेमोस्ट्रेशन दिया गया।

बताया गया कि परंपरागत खेती करने और कैश प्लांट आम, नींबू, अमरूद को भी लगाना चाहिए। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। साथ ही साथ आय में भी बढोत्तरी होगी।

## डीसी ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

### बालू घाटों से बालू की आपूर्ति सुनिश्चित करें : दोड्डे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने बुधवार को वर्चुअल मोड के माध्यम से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की। इसमें जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि माह मार्च व अप्रैल 2023 में अवैध खनन/परिवहन/भंडारण से जुड़े कुल 36 मामले आये जिससे बतौर जुर्माना 10 लाख 37 हजार रुपये की वसूली की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त दोड्डे व एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर अलग से निर्देशित किया। वर्चुअल मोड में आयोजित बैठक एनआईसी के सभागार से आयोजित की गई। बैठक में डीसी, एसपी, एसी सुरजीत कुमार सिंह, डीएमओ आनंद कुमार थे। जबकि तीनों एसडीओ, सभी बीडीओ-सीओ व थाना प्रभारी समेत अन्य पदाधिकारी वर्चूवल माध्यम से जुड़े थे।



बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में संचालित विकास योजनाओं में बालू की आपूर्ति कैटेगरी-1 के तहत चिन्हित बालूघाटों से किया जाना है, जिसका चालान संबंधित मुखिया द्वारा नियम एवं प्रावधानों के अनुरूप जारी किया जाएगा। सभी पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रधानमंत्री आवास योजना में बालू कि आपूर्ति इन्हीं कैटेगरी-1 के तहत चिन्हित बालू घाटो से हो। उन्होंने कहा कि इन बालूघाटों से उठाव किए गए बालू का उपयोग निजी, गैर व्यावसायिक, सामुदायिक उद्देश्य, सरकार द्वारा प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिये ही होगा। उन्होंने कहा कि अगर कहीं से बालू का उपयोग व्यवसायिक कार्यों के लिये किया जाता है तो संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। डीसी ने इन घाटो से बालू का परिवहन में ट्रैक्टर के अलावा अन्य किसी वाहन से नहीं कराने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि सभी ट्रैक्टरों पर वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर स्पष्ट रुप से दिखाई दे। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 44 बालूघाट कैटेगरी-1 के तहत चिन्हित किया गया है, जिसका संचालन संबंधित मुखिया द्वारा किया जायेगा।

### अवैध माइनिंग पर होगी कार्रवाई

बैठक में उपायुक्त दोड्डे ने सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी को संयुक्त रूप से लघु खनिज की जांच करने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने कहा कि अवैध माइनिंग से जुड़ी शिकायत कहीं से प्राप्त होती है तो संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारी के विरुद्ध त्वरित एक्शन लिया जाएगा। अवैध माइनिंग से संबंधित प्राप्त सभी मामलों की जांच एक सप्ताह के भीतर करना सुनिश्चित करें।

## राज्य जनसेवक संघ ने मंत्री, कृषि सचिव और कृषि निदेशक का किया पुतला दहन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ (पलामू इकाई) के बैनर तले स्थानीय छह मुहान चौक मेदिनीनगर में झारखण्ड कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, कृषि सचिव अबुबकर सिद्दकी एवं कृषि निदेशक चंदन कुमार का विरोध में पुतला दहन किया गया। विदित हो कि 2012 में झारखण्ड सरकार में तत्कालीन कृषि एवं गन्ना विकास विभाग जो अब कृषि पशुपालन व सहकारिता विभाग के द्वारा कृषि क्षेत्र में सवार्गीन विकास के लिए 1836 रिक्त पदो के लिए जनसेवकों की नियुक्ति हुई थी। जनसेवकों के विज्ञापन में स्पष्ट रूप से वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे 2400 के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना दी गई थी। नियुक्ति के 10 वर्षों के उपरांत दिनांक 25.04.2023 को कृषि निदेशक झारखण्ड के पत्रांक के द्वारा 2400 ग्रेड पे को घटाते हुए 2000 करने आदेश निर्गत किया गया है जो सरासर गलत है। इसके विरोध में झारखण्ड राज्य के जनसेवकों में उबाल है। बताते चले नियुक्ति काल से ही राज्य के विभिन्न विभागों आदि में जनसेवकों के सहयोग से कार्यों का निष्पादन किया जाता रहा है। अर्थात एक वेतन काम अनेक। यह सरकार की मनमानी नही चलने दिया जायेगा।

मौके पर जिला अध्यक्ष आलोक पाण्डेय, सचिव अभिषेक कुमार, उपाध्यक्ष ललन कुमार, मिडीया प्रभारी शिव नारायण उरांव, अमरेश कुमार, पंकज कुमार, सुशांत पाठक, देवप्रिय, अजीत मिश्रा, मनोज कुमार समेत सैकड़ों जनसेवक उपस्थित रहे।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने यक्ष्मा रोगियों के बीच कीट का किया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा पलामू जिला के गोद लिए अति पिछड़े वर्ग के यक्ष्मा मरीजों के बीच चौथे माह का फुड बेसकीट का वितरण रेडक्रॉस भवन में किया गया। इस मौके पर रेड क्रॉस के सचिव डॉक्टर सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा 18 रोगियों को गोद लेने के लिए निर्देशित किया गया था। इस आलोक में रेड क्रॉस द्वारा 18 यक्ष्मा रोगियों को फुड बेसकीट का वितरण छःह माह तक करना है। जो आज चौथा माह के किट का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने यक्ष्मा रोगियों को सलाह देते हुए कहा कि यह रोग लाइलाज नहीं है। इस पर अपनी सावधानी रखते हुए इसे ठीक किया जा सकता है। पौष्टिक आहार ले इस कीट का सदुपयोग सिर्फ अपने लिए ही करें। जब आप स्वस्थ होंगे तभी परिवार की जवाबदेही संभाल पाएंगे। इस मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सुधीर अग्रवाल, गिरधारी गर्ग व अन्य लोग उपस्थित थे।

## एड्के एकेडमी ने खोला पनशाला

### रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सुन-अविनाश देव



**सतबरवा पलामू।** बढ़ती तापमान व भीषन गर्मी को देखते हुए एड्के अकेडमी सतबरवा के निदेशक आफताब आलम ने पनशाला खोला। इसका उद्घाटन झारखण्ड स्टेट स्कूल एशोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव ने फीता काट कर व राहगीरों को पानी पिलाकर किया। इस मौके पर देव ने कहा कि जहां पलामू में भीषण गर्मी का पारा 43 पार कर गया हो। नदी, नाले, आहर, पोखर, तालाब के पानी सूख गए हों भू-गर्भिये जल पाताल पकड़ लिया है। चारों तरफ पानी के लिए हाहाकार मचा है।तब ऐसी विकट स्थितियों में पनशाला खोलना बहुत ही सराहनीय कार्य है। क्योंकि जल ही जीवन है और इसी को रहीम ने कहा है कि रहीमन पानी राखिये बीनू पानी सब सुन।उन्होंने आफताब आलम से कहा कि इन्शान के अलावे भी अन्य जीव हैं। कमसे कम पक्षियों के लिए भी पानी का इंतजाम करे तो बड़ी मेहरबानी होगी। इस मौके पर झारखण्ड स्टेट स्कूल एशोसिएशन के संस्थापक सदस्य गिरिज कुमार,नंदकिशोर भारती,रमाकांत मेहता के अलावे अन्य लोग मौजुद थे।

### तरहसी : फरार अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**तरहसी पलामू।** गुप्त सूचना के आधार पर तरहसी एवं पिपराटांड़ थाना के संयुक्त छापामारी के क्रम में तरहसी थाना के फरार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि एन डी पी एस एक्ट एवम 33 वन अधिनयम के प्राथमिकी अभियुक्त मनोज सिंह पिता दामोदर सिंह ग्राम गोइंदी थाना तरहसी के रहने वाले हैं। जोफरार चल रहे थे। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि मनोज सिंह 2020 में पोस्ता, अफीम की खेती व बिक्री किया करते थे। जिसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। तब से वह फरार चल रहा था। छापामारी दल में पुअनि सुमित कुमार दास, सअनि मंटू कुमार सिंह ओ.पी. कसमार, पुअनि गौतम कुमार पिपराटांड़ थाना, सकेंद्र कुमार, कुलदीप कुमार राजदेव राम व अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष बने अरविंद सिन्हा

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पलामू के अंतर्गत संचालित लिला महथा स्मृति न्यास की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम श्रीवास्तव के आवास पर सम्पन्न की गई। बैठक मे अगले दो वर्षो के लिए पदाधिकारीयो का चयन किया गया। इसमें अरविंद कुमार सिंहा को अध्यक्ष,कमल किशोर को महासचिव तथा प्रसुन्न कुमार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।यह निर्णय लिया गया कि न्यास द्वारा राशी प्राप्त करने वाले चित्रांश परिवार का नाम अथवा फोटो प्रचारित नही किया जाएगा। सर्वसम्मति से एक चित्रांश लड़की स्वेता काल्पनिक नाम को शादी के अवसर पर इक्कीस हजार रुपए उपहार स्वरूप देने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष दो और ईच्छुक चित्रांश के पुत्री की सादी मे उपहार स्वरूप राशि देने का निर्णय लिया गया।बैठक अगले माह अध्यक्ष के विवेक पर की जायेगी। बैठक मे अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव अरूणजय नारायण सिंहा, प्रदेश सचिव स्नेह रंजन श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष कमल किशोर, जिला उपाध्यक्ष प्रसुन्न कुमार, प्रचार मंत्री विनय कुमार सिंहा, वरिष्ठ सदस्य अरविन्द कुमार सिंहा, शरद शरण आदी उपस्थित थे।

### शिक्षा के प्रति अभिभावकों का थोड़ा सा ध्यान है बड़ा समाधान



**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में 'विशेष शिक्षक-अभिभावक बैठक' का आयोजन किया गया। बैठक में वार्षिक परीक्षा के दौरान बच्चों की नियमित उपस्थिति व तैयारी में आवश्यक सहयोग,नये सत्र का शुभारंभ एवं नामांकन, लू व गर्म हवाओं से बचाव की जानकारी तथा विद्यालय विकास में सामुदायिक सहयोग आदि विषयों पर अभिभावकों के साथ संवाद किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा बच्चों की पढ़ाई के प्रति अभिभावकों का थोड़ा सा ध्यान बड़ा समाधान है। संतान के प्रति माता-पिता का यही सच्चा प्रेम है। शिक्षक-अभिभावक बैठक को सफल बनाने में निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी व विजय कुमार ठाकुर ने सक्रिय सहयोग किया।

## चोरी के आरोप में 3 को जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पितांबरपुर।** चोरी करने एवं चोरी के सामान खरीदने वाले को ग्रामीणों ने पकड़ कर लेस्लीगंज थाना पुलिस को सुपुर्द किया। जिसे थाना पुलिस के द्वारा बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जेल भेजे गए चोर नवरंगा ग्राम निवासी बिरजू शर्मा के 21 वर्षीय पुत्र दिवाकर कुमार तथा महेंद्र चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार है। वहीं चोरी के सामान खरीदने वाला सदर 20 सूत्री अध्यक्ष तेजू साहू के 31 वर्षीय पुत्र रविंदर कुमार है। दिवाकर ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 8:30 बजे वह अपना मित्र दिलीप कुमार के साथ सेहरा के कोयल नदी के किनारे घूम रहा था। जहां उसने खेत में सोलर एवं मोटर पंप लगा पाया। जिसे खोल लिया। इसके पहले वे लोग रेवारा तू गांव से एक टीवीएस मोटरसाइकिल चोरी किया था। जिसे रविंदर कुमार को उसके कबाड़ी दुकान में बेचने गया था। मामले पर एसआई बिट्टू कुमार ने बताया कि थाना को दिए बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।

## इप्टा और प्रगतिशील लेखक संघ ने उमेश नजीर को किया याद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा के सक्रिय रंगकर्मी, लेखक, साहित्यकार, प्रगतिशील चिंतक और कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता रहे कामरेड उमेश नजीर की दूसरी पुण्यतिथि पर इप्टा और प्रगतिशील लेखक संघ की पलामू इकाई ने उन्हें याद किया। बुधवार को इप्टा कार्यालय में उनकी विरासत और संघर्षों को याद करते हुए श्रद्धांजलि सभा सह मुशायरा का आयोजन हुआ। सबसे पहले साथी नजीर की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि कर सबों ने उन्हें अपना सलाम पेश किया। इसके बाद इप्टा के कलाकारों ने उनके द्वारा लिखे गीत बोल रे भाई झारखंडी गाकर उन्हें याद किया। मौके पर वरिष्ठ वामपंथी नेता केडी सिंह ने याद करते हुए कहा कि वे सक्रिय कार्यकर्ता, समाजसेवी, साहित्य प्रेमी, गीतकार और कवि थे। शिवशंकर प्रसाद ने कहा कि छात्र जीवन से ही क्रांतिकारी विचारों की लड़ाई लड़ी। प्रो अब्दुल हमिद ने कहा कि उनके किए गए कार्यों पर एक नाटक तैयार कर मंचन करना चाहिए।

## आकांक्षी प्रखंड योजना को लेकर नीति आयोग की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड सभागार में बुधवार को नीति आयोग द्वारा निर्देशित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत सक्षम ग्राम पंचायत निर्माण को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मियों की बैठक हुई इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण ने किया बैठक में पीरामल फाउंडेशन के अनिल शर्मा, शाहिन तथा अभिनव कुमार के द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, जल संसाधन, कौशल विकास, आधारभूत संरचना तथा सामाजिक विकास के क्षेत्र में प्रखंड को सक्षम बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही इसके लिए कार्य योजना बनाने पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामानंद सिन्हा, बीपीएम रेखा कुमारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार, बीपीएम संजय कुमार सिंह, तेजस्विनी परियोजना प्रखंड समन्वयक आदित्य रंजन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सच्चिदानंद, महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, सीआरपी जितेंद्र कुमार, अजीत मिश्रा, संजय कुमार, बीआरपी अनुज मिश्रा, प्रधानाध्यापिका ममता कुमारी, अभिलाषा कुमारी, अशोक यादव, सहित बड़ी संख्या में प्रखंड कर्मी, शिक्षक, आंगनवाड़ी सेविका, सहिया तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

### घाघरा प्रखंड के दुरूह क्षेत्र हरडुबा में बीडीओ ने लगाया जनता दरबार, बोले

## जनता दरबार में नहीं आने वाले विभागीय अधिकारी होंगे सस्पेंड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड के आदर पंचायत के हरडुबा में प्रखंड प्रशासन ने बुधवार को जनता दरबार लगा कर लोगों की समस्या से प्रखंड प्रशासन रूबरू हुआ। इस दौरान प्रत्येक विभाग के पदाधिकारी व कनीय अभियंता जनता दरबार में मौजूद रहे। बीडीओ के अलावा प्रत्येक विभाग के कनीय अभियंता गांव में घूम घूम कर योजनाओं का चयन किये और योजना जल्द से जल्द प्रारंभ करने की बात कही। इस दौरान कई योजनाओं का लाभ ऑन द स्पॉट लाभुकों को दिया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कुल 32 योजनाएं हैं जो भी योजना ग्रामीणों के अनुसार उपयोगी है उसे मुहैया करायर जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी कर्मचारियों को कुर्सी छोड़कर ग्रामीण के साथ बैठकर योजनाओं का लाभ देने के लिए आवेदन भरने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा जिस विभाग के अधिकारी जनता दरबार में मौजूद नहीं होंगे उन्हें सस्पेंड किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से बात करते हुए कहा किसी भी योजनाओं की या किसी भी तरह की समस्या यदि हो तो पंचायत के जनप्रतिनिधि से संपर्क करें। उसके बावजूद भी यदि काम ना हो तो प्रखंड कार्यालय आये मै खुद आप लोगों का काम करूंगा। अब गांव में विकास की गंगा बहेगी। सबके घरों तक जल जीवन मिशन के तहत पानी पहुंचाया जाएगा।

दो दिन के बाद पुनः संबंधित पंचायत के पंचायत सेवक, राजस्व कर्मचारी, रोजगार सेवक व जनप्रतिनिधियों के द्वारा एक कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास सहित जितने भी योजनाएं हैं। जिसका लाभ जनता दरबार में ग्रामीण नहीं ले पाये हैं उनके घर घर जाकर आवश्यकता के अनुसार योजना देते हुए ग्रामीणों को लाभ पहुंचाएंगे।

इस दौरान पहाड़ के नीचे बस्ती में जहा आदिम जनजाति के लोग रहते है। वहां बीडीओ के अलावा कई अधिकारी बड़े मशक्कत के बाद उतरे और जिस चुंआ का पानी पीते लोग पीते है उसे प्यास बुझायी और लोगो से बाते कर समस्या को जाना। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि हिंडालको कंपनी के खनन क्षेत्र में जो लोग प्रभावित हैं उनके गांव की किस्मत नहीं बदली है।

स्पीड न्यूज

### नारायण आइटीआई में याद किये गये श्रीनिवास रामानुजन्इयंगर



जमशेदपुर। बुधवार को नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में श्रीनिवास रामानुजन इयंगर की पुण्यतिथि मनाई गई एवं उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक प्रोफेसर डा.जटा शंकर पांडे ने कहा की श्रीनिवास रामानुजन बचपन से ही विलक्षण प्रतिभावान थे। इन्होंने खुद से गणित सीखा और अपने जीवनभर में गणित के 3,884 प्रमेयों का संकलन किया। इनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किये जा चुके हैं। हाल में इनके सूत्रों को क्रिस्टल-विज्ञान में प्रयुक्त किया गया है। इनके कार्य से प्रभावित गणित के क्षेत्रों में हो रहे काम के लिये रामानुजन जर्नल की स्थापना की गई है। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित थे अधिवक्ता निखिल कुमार , संस्थान के प्राचार्य जोयदीप पांडे, शान्ति राम महतो, पवन कुमार, गौरव महतो, निमाइ मण्डल आदि मौजूद थे।

### नारी का सामान करें पूर्व मंत्री : बाबर खान

जमशेदपुर। झामुमो नेता बाबर खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि इन दिनों राजनीति अस्तर बहुत गिर चुका है। नारी सशक्तिकरण पर बात करने वाले नारी की इज्जत को नीलाम करने में लगे हुए हैं। बाबर खान ने कहा राजनीति का मुद्दा महिलाओं पर कीचड़ उठा कर करना बंद करे। और जो आरोप लगाया गया है। उस के सत्यापन का इंतजार करना होगा। पूर्व मंत्री का आरोप वर्तमान मंत्री पर जारी है। उस पर विराम लगे। नारी का सामान करें। किस की बेटी, किस की पत्नी, बहु, मां की इज्जत तार तार करने से बचें। बाबर खान ने कहा कि नारी का रूप में मां दुर्गा, मां काली भी होती है। उनके लिए समान स्थान दिल में रखें।

### ईंचागढ पुलिस ने अवैध शराब भट्टी को किया नष्ट

चांडिल। ईंचागढ पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ईंचागढ थाना क्षेत्र के झडुआ गांव में ईंचागढ पुलिस के द्वारा अवैध शराब भट्टी को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने कहा इस गांव में अवैध शराब भट्टी संचालन की सूचना मिली थी सूचना कि सत्यापन को लेकर सशस्त्र बल के साथ अवैध शराब भट्टी को नष्ट किया गया। इस दौरान ईंचागढ पुलिस ने वहां पर रखें जावा महुआ को भी विनिष्ट किया गया। थाना प्रभारी गौरव मिश्रा ने कहा अवैध शराब भट्टी संचालन करने वाले को चिन्हित कर कार्रवाई कि जा रही है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से मोपेड सवार घायल

गम्हरिया। कांड्रा-सरायकेला मुख्य मार्ग मार्ग पर चाडरी डुंगरी के समीप अज्ञात वाहन की ठोकर से मोपेड सवार कोलाबीरा के निमायडीह निवासी उज्ज्वल सरदार नामक व्यापारी घायल हो गया। कांड्रा पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए सरायकेला सदर अस्पताल ले जाया गया। उज्ज्वल अपने मोपेड से गम्हरिया स्थित रामचंद्रपुर बाजार आम बेचने जा रहा था।

### राज्य स्तरीय कुश्ती ट्रायल प्रतियोगिता 29 को

गम्हरिया। झारखंड राज्य कुश्ती संघ के तत्वावधान में रांची के होटवार खेलगांव में आगामी 29 अप्रैल को आयोजित अंडर-20 जूनियर झारखंड पुरुष फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल एवं फ्री स्टाइल महिला राज्य स्तरीय कुश्ती ट्रायल प्रतियोगिता में सरायकेला-खरसावां जिला की टीम भी भाग लेंगी। इस टीम के चयन के लिए जिला कुश्ती संघ की ओर से शुक्रवार,28 अप्रैल को गम्हरिया के आदित्यपुर कॉम्प्लेक्स कॉलोनी स्थित अरुणोदय क्लब प्रांगण में एक दिवसीय अंडर-20 जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता (पुरुष /महिला) का आयोजन प्रातः नौ बजे से किया गया है। जानकारी देते हुए जिला कुश्ती संघ के सचिव अखिलेश्वर प्रसाद व प्रशिक्षक सुरेश नारायण चौधरी ने बताया कि प्रतियोगित में भाग लेने के इच्छुक वैसे खिलाड़ी जो सरायकेला-खरसावां जिले के निवासी हो, अपने पहचान पत्र व आधार कार्ड की छाया प्रति और चार पासपोर्ट साइज फोटो, मेडिकल सर्टिफिकेट एवं पैरंटरल सर्टिफिकेट के साथ भाग ले सकते

# मन की बात के 100 वें संस्करण के भव्य प्रसारण की तैयारी में भाजपा

## पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में 100 स्थानों पर होगा प्रसारण, पूर्व सीएम रघुवर दास ने मंडल अध्यक्षों संग की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



पूर्व सीएम रघुवर दास की फाइल फोटो।

जमशेदपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' का 100वां एपिसोड 30 अप्रैल, रविवार को प्रसारित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें संस्करण को लेकर भाजपा व्यापक तैयारी कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वें 'मन की बात' में भाजपा कार्यकर्ताओं के संग आमजनों की बड़ी संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर बुधवार को पूर्वी विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री एवं पूर्वी विधानसभा में निवास करने वाले भाजपा जिला पदाधिकारी व मोर्चा जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक में 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को भव्य स्तर पर प्रसारित करने को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कार्यकर्ताओं से चर्चा कर कई निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोनाकाल के विषम परिस्थितियों में जिस तरह से भाजपा कार्यकताओं ने 'सेवा ही संगठन' के मंत्र को आत्मसात कर करोड़ों लोगों तक निःस्वार्थ भाव से मदद पहुंचाकर विश्व कीर्तिमान बनाया। उसी प्रकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वें 'मन की बात' एपिसोड का अधिक से अधिक स्थानों पर प्रसारण कर आम नागरिकों को जोड़ते हुए हमें कीर्तिमान बनाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा मंडल अध्यक्षगण जमशेदपुर महानगर अंतर्गत सभी विधानसभा समेत पूरे कोल्हान क्षेत्र में 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रसारण की रूपरेखा बनाएं, जिससे कि अधिक से अधिक लोग पीएम नरेंद्र मोदी के विचारों का श्रवण कर सके।

उन्होंने कहा कि सभी सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारीगण अपने बूथ पर कार्यकताओं के संग 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण करेंगे। इस दौरान कई महत्वपूर्ण सुझावों को अंकित किया गया। तय हुआ कि जमशेदपुर के पूर्वी विधानसभा अंतर्गत सात मंडलों के 100 स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजनों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा जिसमें बारीडीह मंडल अंतर्गत सिदगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल एवं बमामाइंस मंडल अंतर्गत उत्सव भवन में हजारों कार्यकर्ता 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के लाइव प्रसारण का श्रवण करेंगे। वहीं, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया कि 100वें मन की बात कार्यक्रम को लेकर बूथ स्तर पर टीम का गठन किया गया है ताकि सभी भवन एवं बूथों पर कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो। उन्होंने कहा कि पूर्वी विधानसभा के साथ जमशेदपुर महानगर अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथों पर 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रसारण की खास तैयारी की जा रही है। बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम जन-मानस को भी इस आयोजन से जोड़ने की तैयारी हो रही है। पार्टी इसका सदुपयोग जनता से जुड़ाव व संवाद को मजबूत करने के लिए करेगी, इसके साथ ही क्षेत्र की समस्याओं को भी सूचीबद्ध कर उनके निदान के लिए प्रयास करेगी।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में अब तक 148 छात्राएं कोरोना पॉजिटिव

## डीसी के निर्देशानुसार आवासीय विद्यालयों में चलाया गया कोरोना जांच अभियान

कोरोना पॉजिटिव छात्राओं की हुई पुष्टि, सभी छात्राओं को किया गया आईसोलेट

खबर मन्त्र ब्यूरो



एक छात्रा की जांच करती मेडिकल टीम।



विद्यालय परिसर को सैनिटाइज करता कर्मचारी।

जमशेदपुर। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, चाकुलिया में सोमवार को कोरोना संक्रमित छात्राओं की पुष्टि के बाद उपायुक्त विजया जाधव द्वारा सभी आवासीय विद्यालयों में सघन कोरोना जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। दिनांक 25 अप्रैल को सिविल सर्जन के नेतृत्व में चलाए गए कोरोना जांच अभियान में अबतक केजीबीवी चाकुलिया में कुल 69, केजीबीवी डुमरिया में 14, केजीबीवी पोटका में 10, तथा केजीबीवी जमशेदपुर में 55, कुल 148 छात्राओं के कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई है। सभी छात्राओं को स्कूल में ही कोरोना प्रोटोकॉल के साथ आइसोलेट किया गया है। साथ ही स्कूलों को पूरी तरह से आज सैनिटाइज भी कराया गया। उपायुक्त के निदेशानुसार सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी ने सभी आवासीय विद्यालयों वार्डन, टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के साथ वर्चुअल बैठक कर कोविड19 के सभी दिशा निर्देशों के अनुपालन का निर्देश दिया। कोरोना संक्रमितों के खान पान, दवा आदि से संबंधित सभी जानकारी दी गई। उपायुक्त द्वारा कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, व स्कूल कॉलेज में कोरोना जांच अभियान चलाने का निदेश दिया गया है ताकि कोरोना के प्रसार पर रोकथाम लगाया जा सके तथा संभावितों को चिन्हित कर ससमय उनका उचित देखभाल, उपचार शुरू किया जा सके।

### 5 पीडीएस दुकानों का लाइसेंस किया गया रद्द

जमशेदपुर। जिले की उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिलेभर के जनवितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण जिला स्तर के पदाधिकारियों, बीडीओ, सीओ, कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा पिछले 11 मार्च को किया गया था। जन वितरण प्रणाली की दुकान के संबंध में आवंटित राशन सामग्री की मात्रा के अनुसार लाभुकों के बीच वितरण नहीं करने की शिकायत मिल रही थी तथा विभाग द्वारा जारी आदेश का अनुपालन कई पीडीएस दुकानदारों द्वारा नहीं किया जा रहा था। इन शिकायतों के जांचोपरांत 5 दुकानदारों का लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की गई है। रद्द किए गए जनवितरण प्रणाली विक्रेंताओं में गुड़ाबांदा प्रखंड के भीम बास्के, पोटका में महिला विकास समिति, बोड़ाम प्रखंड में दुबराजपुर महिला समूह, मुसाबनी के अरशद आलम तथा जमशेदपुर अक्षेस में पीडीएस डीलर रामरतन साहू, अनुज्ञप्ति संख्या 178ल्/2007 शामिल हैं।

## झारखंड एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन का 3 दिवसीय सम्मेलन 28 से

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। झारखंड एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन ऑफ इंडिया कॉन्फ्रेंस के तत्वावधान में जेपिकॉन-2023 का आयोजन यहां बिष्टुपुर स्थित अलकोर होटल में होने जा रहा है। यह कॉन्फ्रेंस आगामी 28 अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी संस्था के झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष डॉ उमेश खान ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। इस अवसर पर उनके साथ संगठन के प्रांतीय सचिव डॉ विजय मूंदड़ा,आयोजन सचिव डॉ रामकुमार और मीडिया प्रभारी डॉ एच एस पाल भी उपस्थित थे। डॉ उमेश खान ने बताया कि देशभर में फिजीशियन की सर्वोपरि संस्था एपीआई है। संस्था की झारखंड इकाई ओर से आयोजित होने वाले कान्फ्रेंस में दिल्ली मुंबई कोलकाता बेंगलुरु जयपुर रायपुर,कटक, गुवाहाटी, पटना, भागलपुर आदि स्थानों से 25 वरिष्ठ फिजीशियन्स नें आने की स्वीकृति दी है। इसके अलावा झारखंड के विभिन्न शहरों से 2500 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है। एपीआई की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गिरीश माथुर, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ कमलेश तिवारी, इंडियन कॉलेज ऑफ फिजीशियन डॉ ज्योर्तिमय पाल एवं झापी पत्रिका के मुख्य संपादक डॉ मंगेश तिवासकर भी भाग लेंगे। डॉ उमेश खान ने बताया कि इस तरह के सम्मेलन में फिजिशियंस बीमारी के विभिन्न पहलुओं पर मंथन करते हैं एवं अंत में बीमारी के इलाज पर जो सहमति बनती है वह डॉक्टरों का स्मृति पटल पर बनी रहती है जो कि मरीजों के लिए लाभकारी होती है। इस बार सम्मेलन का मुख्य विषय है असहमति से सर्वसम्मति की ओर। सम्मेलन के दौरान विभिन्न बीमारियों के उपचार पर बनी सहमति डॉक्टरों द्वारा मरीजों के इलाज में निश्चित रूप से मददगार साबित होगी। इस कार्यक्रम में पोस्टग्रेजुएट पढ़ाई करने वाले डॉक्टरों की सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पीजी डॉक्टर सम्मेलन के पहले दिन करीब 15 पेपर प्रस्तुत करेंगे।

## विधायक रामदास सोरेन के बेटे के रिसेप्सन में पहुंचे सीएम हेमंत



नवदंपति को शुभकामना व आर्शीवाद देते सीएम हेमंत सोरेन। साथ में रामदास सोरेन, मंत्री जोबा मांझी व अन्य।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज घाटशिला के विधायक श्री रामदास सोरेन के पुत्र श्री रॉबिन सोरेन के विवाह के उपलक्ष्य में आयोजित आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए । इस अवसर पर उन्होंने नव दंपती को खुशहाल जीवन के लिए बधाई, शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया।

## संकुल स्तरीय एथलेटिक्स मीट-2023 का विजेता बना नवोदय विद्यालय सरायकेला



विजेताओं को पुरस्कृत करते सिजुलता यूनिट के प्राचार्य संजय कुमार उपाध्याय।

जमशेदपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय सिजूलता, सरायकेला में दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आज संपन्न हुई। इस आयोजन में झारखंड झारखंड राज्य के कुल 15 जिलों में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के कुल 257 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दो दिवसीय एथलेटिक्स मीट में जवाहर नवोदय विद्यालय सरायकेला प्रथम, पश्चिमी सिंहभूम द्वितीय एवं चतरा तृतीय स्थान पर रहे। बता दें कि गत 25 अप्रैल 2023 को प्रतियोगिता का प्रारंभ एवम दिनांक 26 अप्रैल 2023 को समापन समारोह आयोजित हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन एवं संचालन अनुशासित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में विद्यालय के कुशल कर्मचारियों के सहयोग से एवं प्राचार्य संजय कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। झारखंड राज्य के विभिन्न खेलों से जुड़े हुए अनुभवी खेल प्रशिक्षकों ने निर्णायक की अपनी अहम भूमिका निभाई। प्राचार्य ने सफलतापूर्वक आयोजन होने के लिए प्रतिभागी नवोदय विद्यालयों की टीमों एवं उनके खेल प्रशिक्षकों की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

# बाबू कुंवर सिंह जैसे देशभक्तों के बलिदान से आजादी मिली: राकेश्वर पांडेय

नमन परिवार ने बाबू वीर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले मेरे लिए देवता तुल्य : काले

खबर मन्त्र ब्यूरो



बाबू वीर कुंअर सिंह को श्रदधांजलि देते काले व नमन परिवार के लोग।

जमशेदपुर। 1857 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के शहादत दिवस पर नमन परिवार द्वारा साकची स्थित कार्यालय में संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं शहर के गणमान्यो की गरिमामय उपस्थिति में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि शंभू सिंह ने कहा कि मां भारती की रक्षा के लिए कर्तव्य का पालन करते हुए बलिदान दिया। उन्होंने देशभक्ति में वे आदर्श स्थापित किये जिसके लिए सम्पूर्ण देश उनका सदैव ऋणी रहेगा।

मातृभूमि के लिए उनका बलिदान आज भी देश के नागरिकों में देशभक्ति की भावना का संचार करता है। आजसू नेता चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि उन्होंने भारत की आजादी के लिए अपनी कुबार्नी दी, जिसको कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

वें सदैव हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। इंटक नेता व नमन के मुख्य संरक्षक राकेश्वर पांडेय ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह भारत के उन अमर स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे जिन्होंने मातृभूमि की गुलाभी की बेड़ियों को तोड़ने में अपनी ओर से पूरा प्रयत्न किया। ऐसे ही कई देशभक्तों के बलिदानों के पश्चात देश को आजादी प्राप्त हुआ। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद ने कहा कि हमें अपनी आजादी की रक्षा इन महान विभूतियों के आदर्शों पर चलकर ही करना होगा। उन्होंने देश के नवनिर्माण का जो स्वप्न देखा था, उसे हम उनके बताए मार्ग पर चलकर साकार कर सकते है। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व अध्यक्ष व नमन के संरक्षक वरुण कुमार ने कहा जी बाबू वीर कुंवर सिंह जैसे क्रांतिकारियों का देश सदा कृतज्ञ रहेगा। मौके पर नमन संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह निडर और बहादुर इंसान थे उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन को तेज धार देने के साथ-साथ समाज के हितों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रहे। मातृभूमि के लिए उनका त्याग और बलिदान अतुलनीय है। उनकी देशभक्ति, साहस और आत्म-बलिदान आज भी प्रेरणा बनकर हमारे हृदयों में विद्यमान हैं, इतिहास उन्हें कभी नहीं भुला सकता। मातृभूमि के लिए उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। इस कार्यक्रम में वरिय समाजसेवी वाई.पी. सिंह, पार्षद कविता परमार, उत्तर प्रदेश संघ के रामकेवल मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किए, संचालन राजीव कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन महेश मिश्रा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जसवंत सिंह भोमा, बालविंदर सिंह, कश्मीर सिंह, दलबीर सिंह गोल्डी, नरेंद्र सैनी, संतलाल पाठक, कैलाश झा, गोपी कांत, सरजू राम, राजपति देवी, प्रमिला शर्मा, लख्खी कौर, आरती मुखी, काकुली मुखर्जी, बिंदिया मुखी, रिंकू दुबे, डी स्वाति देवी, उषा देवी, के विजयालक्ष्मी, प्रीति श्रीवास्तव, चंदना रानी, सविता यादव, जमुना दास, रेखा देवी, पूनम राणा, शुक्ला हलधर, गीता मुखी, ममता मुखी, नीतू देवी एवं अन्य ने सम्मिलित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

खबर एक नजर में

### ऑल इंडिया संथाली राइटर्स एसोसिएशन का सम्मेलन असम में शुरू



गुवाहाटी, असम। कल ऑल इण्डिया संताली राइटर्स एसोसिएशन तथा जाहेर थान कमिटी का ओल चिकि एवं संताली भाषा मिशन के तहत प्रथम पहर में कुमाली देवी हॉल, कवाईमारी, सोनितपुर में संताली साहित्य सभा तथा ऑल असाम संताली स्टूडेंट्स यूनियन के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका अध्यक्षता संताली साहित्य सभा के अध्यक्ष डमरूधर सोरेन ने किया, स्वागत भाषण संताली साहित्य सभा के महासचिव बिजय टुडू ने किया संचालन ऑल इण्डिया संताली राइटर्स एसोसिएशन के महासचिव रबिन्द्र नाथ मुर्मू ने किया। कार्यक्रम का परिचयात्मक भाषण ऑल इण्डिया संताली राइटर्स एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष श्री मदन मोहन सोरेन ने किया, बीज भाषण ऑल इण्डिया संताली राइटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मण किस्कू ने दिया, बाबूराम सोरेन, मानसिंह माझी, गोपाल सोरेन, वीर प्रताप मुर्मू, कुशाल हांसदा, ऑल असाम संताली स्टूडेंट्स यूनियन के अध्यक्ष मिंटू हेम्ब्रम ने वक्तव्य दिया तथा संताली साहित्य सभा के सलाहकार श्री प्रेमा कान्त सोरेन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। ऑल इण्डिया संताली राइटर्स एसोसिएशन तथा जाहेर थान कमिटी के प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न मंत्रियों तथा संयोजक से मुलाकात किया। बुधवार प्रातः 8.00 बजे केंद्रीय आदिवासी कल्याण राज्य मंत्री बिशेश्वर टुडू का अरुणाचल दौरा के गौहाटी में विश्राम के दरम्यान ऑल इण्डिया संताली राइटर्स एसोसिएशन के सलाहकार पृथ्वी माझी के अगवाई में गौहाटी विमानतल के गेस्ट हाउस में में मुलाकात कर आसाम में 'ओल चिकि' लिपि एवं संताली साहित्य के विकास से सम्बंधित तथा राज्य के संतालों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने हेतु ज्ञापन दिया। दोपहर 1.00 बजे आसाम सरकार के शिक्षा मंत्री डा. रोनोज पेगु से उनके सचिवालय में मुख्यमंत्री हेमन्त विश्वसर्मा के प्रेषित एक ज्ञापन पत्र सौंपा जिसमे निम्नलिखित मुख्य मांगे राखी गयी- असाम राज्य में संताली भाषा एवं साहित्य की पढ़ाई ओल चिकि लिपि में के जी से पी जी तक किया जाय, संताली भाषा को असाम राज्य में अल्पसंख्यक भाषा के श्रेणी में शामिल किया जाय, संताली भाषा एवं साहित्य के विकास के लिए आसाम संताली अकादमी का गठन किया जाय। शिक्षा मंत्री रोनोज पेगु ने ज्ञापन के सम्बन्ध में प्रतिक्रिया देते हुए आश्वासन दिया कि आसाम सरकार इन सभी बिंदुओं पर सकारात्मक निर्णय लेगी। संध्या 7.00 बजे प्रतिनिधि मण्डल असाम के मुख्य मंत्री हेमंत विस्वासर्मा तथा साहित्य अकादमी दिल्ली के असामी भाषा के संयोजक दिगणय विस्वासर्मा को ज्ञापन की प्रति सौंपी गई। उन्होंने असाम साहित्य अकादमी का गठन करने तथा उसमें सांतली भाषा को भी शामिल करने का आश्वासन दिया। अंत में पृथ्वी माझी के गौहाटी आवास में ऑल इण्डिया संताली राइटर्स एसोसिएशन तथा जाहेर थान कमिटी के सभी प्रतिनिधि तथा आसाम के संगठन अरएउअ असाम, संताली साहित्य सभा, माझी मण्डल एवं ऑल असाम संताली स्टूडेंट्स यूनियन के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिसमें सर्वसम्मति से एक समन्वयक समिति गठन करने हेतु श्री पृथ्वी माझी को मुख्य संयोजक चुना गया।

### एक मई को दलमा अभयारण्य में विशु सेंदरा वन विभाग शिकार रोकेगा



सीसीएफ एसआर नटेश वन विभाग की टीम को निर्देशित करते हुए। साथ में दलमा अभ्यारण्य के डीएफओ डा अभिषेक कुमार।

जमशेदपुर। एक मई को दलमा में आदिवासी समाज के लोग विशु शिकार (सेंदरा) पर्व मनाएंगे। पांच राज्यों से सेंदरा वीरों के दलमा में जुटने की संभावना है। 30 अप्रैल की शाम दलमा की तराई में पहुंच दलमा राजा आह्वान करेंगे। वहीं एक मई की सुबह पूजा पाठ करने के बाद सेंदरा वीर शिकार के लिए दलमा की चढ़ाई करेंगे। सेंदरा वीरों को रोकने के लिए वन विभाग ने भी कमर कस ली है। उन्हें रोकने के लिए जगह जगह पर चेकनाका बनाया जायेगा। दलमा में वन विभाग की टीम पेट्रोलिंग करेगी। कई डीएफओ भी दलमा में तैनात रहेंगे। मानगो वन परिसर में सीसीएफ वाइल्ड लाइफ एसआर नटेश, डीएफओ दलमा डा अभिषेक कुमार और रेंजर दिनेश चंद्रा ने संयुक्त रूप से पर्यावरण के लिए वन्य जीव जंतुओं के महत्व की जानकारी देते हुए मीडिया के माध्यम से सेंदरा वीरों से अपील करते हुए कहा कि आप अपनी परंपराओं का निर्वहन जरूर करें, लेकिन वर्तमान परिदृश्य में जानवरों को मारने नहीं बचाने की आवश्यकता है। साथ ही विभाग ने इको विकास समितियों के साथ ओरिएंटेशन प्रोग्राम (अभिविन्यास कार्यक्रम) का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को जंगल में जंगली जानवरों के रहने के महत्व को बताया। प्रोजेक्टर के माध्यम से वन ग्रामीणों को जंगली जानवरों पर आधारित फिल्म भी दिखायी गयी। सीसीएफ ने कहा कि शिकार पर्व आदिवासी समाज के लोग परपंपरा के रूप में मनाएं. जंगल में जाकर पूजा पाठ करें, लेकिन जंगली जानवरों का शिकार न करें। इससे अपना ही नुकसान होगा। सेंदरा पर्व मनाने की परंपरा काफी पुरानी है इसलिए इस परंपरा को रोका नहीं जा सकता लेकिन जंगली जानवरों का शिकार न हो इस पर काफी काम किया जा रहा है। पहले के मुकाबले विशु शिकार (सेंदरा) में काफी कमी आयी है।

**वनवासियों की जागरुकता से रुकेगा शिकार : डा अभिषेक**

मौके पर दलमा डीएफओ अभिषेक कुमार ने बताया कि जंगली जानवरों का शिकार न हो इसके लिए ग्रामीणों के बीच लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। दलमा में बसने वाले गावों में प्रोजेक्टर के माध्यम से जंगल और जंगली जानवरों के महत्व से संबंधित फिल्म लोगों को दिखाई जा रही है। कई जगहों पर नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किये जा रहे हैं।

### सूचना आयोग के आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं दक्षिण पूर्व रेलवे के जन सूचना अधिकारी

जमशेदपुर। केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश का उल्लंघन दक्षिण पूर्वी रेलवे चक्रधरपुर के जन सूचना पदाधिकारी रंगा एम हरिताश कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक अभियोजक परम पति भगत के द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत उक्त जन सूचना अधिकारी से दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर में कार्यरत कुछ रेलवे कर्मचारियों की नियुक्ति पत्र की छाया प्रति की मांग की थी। यह वे कर्मचारी हैं जिनकी नियुक्ति रांची उच्च न्यायालय के आदेश से हुई है और रेलवे में कार्यरत हैं। जन सूचना अधिकारी ने धारा 8 (1) जे के तहत सूचना देने से मना किया तो लोक अभियोजक ने आरटीआई की धारा 11 का हवाला दिया। इस पर प्रभावित पक्ष ने हामी भर दी परंतु अधिकारी द्वारा सूचना देने से दोबारा इनकार कर दिया गया। इस पर लोक अभियोजक में केंद्रीय सूचना आयोग का दरवाजा खटखटाया और वहां से संबंधित सूचना पदाधिकारी को निर्देश हुआ कि वह मांगी गई सूचना 15 दिनों के भीतर उपलब्ध करवा दें। इस आदेश को जारी हुए दो महीने बीत चुके हैं परंतु सूचना पदाधिकारी द्वारा ढिलाई बरती जा रही है। अब एक बार लोक अभियोजक ने पुनः केंद्रीय सूचना आयोग का दरवाजा खटखटाने का मन बना लिया है।

# शिक्षा विभाग की टीम ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण


झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंची शिक्षा विभाग की टीम।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय टीम ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने आये संजीव कुमार गुप्ता व गौरव कुमार ने बताया कि शैक्षणिक स्तर को बेहतर करने के लिए मॉनीटरिंग टीम द्वारा समय-समय पर निरीक्षण कर आकलन किया जाता है। आकलन में झारखंड शिक्षा कार्यक्रम के तहत एसएमसी, पोषण, मध्याह्न भोजन सहित विद्यालय से संबंधित अन्य जानकारी लेकर मुख्यालय में रिपोर्ट सौंपी जाती है।

उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों में नया मेन्यू लागू किया गया है। कई विद्यालयों में नये मेन्यू के आधार पर अब तक मध्याह्न भोजन नहीं बनाया जा रहा है। प्रखंड में सभी संचालित विद्यालय के शिक्षक व प्रबंधन समिति अध्यक्षों को नये मेन्यू के आधार पर मध्याह्न भोजन लागू करने का निर्देश दिया है। साथ ही, बताया कि सुदूरवर्ती गांव के विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बैंक खाता खोलवाने में परेशानी को देखते हुए अपने-अपने पोषक क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस में खाता खोलवा कर विद्यालय में मिलने वाली सभी लाभ लेने के लिए पोस्ट ऑफिस का खाता दे सकते हैं। टीम ने ठीक इसके पश्चात झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का चारों ओर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्डेन मालती कुमारी ने राज्य स्तरीय टीम व शिक्षा विभाग के सहायक कार्यक्रम प्रबंधक लातेहार मनोज कुमार मिश्रा को बताया कि मेरे विद्यालय का अपना भवन नहीं है। इससे कई तरह की परेशानी होते रहती है। इस पर राज्य स्तरीय टीम ने कहा कि सीमित संसाधन रहने के बावजूद भी बेहतर लाइब्रेरी है। लाइब्रेरी में समय-समय पर सभी छात्रा शिक्षण कार्य को पूरा करते रहती हैं। यह एक बहुत सकारात्मक पहल है। वहीं, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय भवन का निर्माण कार्य बंद पड़ा हुआ है। बंद पड़े निर्माण कार्य की रिपोर्ट सरकार को देने की बात कही।

मौके पर नरेश लाल राव, विकास कुमार, नितिश कुमार, नेलिजेन तिग्गा, कविता कुमारी सहित कई शिक्षा कर्मी मौजूद थे।

## 13 साल से फरार राज मुकुंद बेक को किया गया गिरफ्तार

**लातेहार।** नेतरहाट थाना क्षेत्र के ग्राम बराही अंतर्गत 13 साल से फरार 35 वर्षीय राज मुकुंद बेक (पिता ज्ञान बेक) को नेतरहाट थाने की पुलिस ने ग्राम बराही से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लातेहार मंडल कारा भेज दिया। मालूम हो कि राज मुकुंद बैक पिता ज्ञान वेब पर केस संख्या 2010 /376 में 13 साल से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी बंधन भगत को गुप्त सूचना मिली की 13 साल से फरार राज मुकुंद बेक अपने घर बराही आया हुआ है। तत्काल थाना प्रभारी बंधन भगत ने जिला पुलिस बल एवं सैट के जवानों के साथ पुअनि जानू कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की और राज मुकुंद को बराही से गिरफ्तार कर लिया।

## खबर एक नजर में

### मनिका में दो वाहनों की टक्कर, दो लोग घायल

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित बंदुआ रोड के समीप बुधवार को बाइक और सवारी वाहन में आमने–सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों के द्वारा दोनों घायल लोगों को इलाज के लिए निजी क्लिनिक माधव ड्रग स्टोर मनिका पहुंचाया गया जहां पर दोनों घायलों का डॉक्टर सत्येंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों में गहन लोहरा पिता तेतर लोहरा उम्र लगभग 40 वर्ष घर चीकू बंदुआ (मनिका) और रामप्यारी लोहरा पिता स्वर्गीय लहसन लोहरा उम्र लगभग 35 वर्ष घर दुंदु (मनिका) शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार होकर दोनों व्यक्ति अपने भांजे के घर जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रहे सवारी वाहन ने बाइक को सामने से टक्कर मार दिया जिसमें दोनों व्यक्ति घायल हो गए। डॉक्टर ने इलाज के दौरान बताया कि गहन लोहरा का बायां पैर टूट गया है और रामप्यारी लोहरा को भी काफी चोटें लगी है। वहीं दुर्घटना की जानकारी मिलने के तुरंत ही मनिका पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और सवारी वाहन को जब्त कर थाना ले आए।

### आंधी-तूफान से विद्यालय का सोलर जलमीनार क्षतिग्रस्त

**बारियातू।** तेज आंधी तूफान व बारिश से प्रखंड के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कटईटोला में विभाग द्वारा लगाए गए सोलर जलमीनार क्षतिग्रस्त हो गया। सोलर जलमीनार क्षतिग्रस्त होने से विद्यालय मे पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को मध्याहन भोजन बनाने के लिए पेयजल का काफी परेशानी हो रही है। गरमी की दस्तक से पेयजल की समस्या अधिक बढ़ गया है। सोलर जलमीनार क्षतिग्रस्त होने के संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक जितेंद्र उरांव ने बताया कि बीते दिन आए तेज आंधी तूफान के साथ हुई बारिश के कारण जल मीनार क्षतिग्रस्त हो गया। जिसकी सुचना पंचायत समिति सदस्य जया देवी को दिया गया। सूचना मिलते ही पंसस जया देवी विद्यालय पहुचें और क्षति का जायजा लिया। वहीं कहा कि विभाग से वार्ता कर जल्द ही दुरूस्त कराया जायगा। मौके पर शिक्षक कन्हाई शर्मा, रसोईया रूपो देवी, बांधो देवी सहित कई छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### पप्पू लोहरा व लवलेश गंझू के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**लातेहार।** लातेहार पुलिस के द्वारा प्रतिबंधित जेजेएमपी के प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के पप्पू लोहरा लवलेश गंझु एवं शिवा सिंह के विरुद्ध रंगदारी मांगने, गाली गलौज, धमकी देने एवं मारपीट करने के आरोपी है। इनके खिलाफ लातेहार कांड संख्या 61/21 दिनांक 12/03/2021 धारा 341/323/ 385/387/ 504/506/34 आईपीसी एवं 17 सीलए एक्ट के वादी विजय प्रसाद के लिखित आवेदन पर प्रतिवेदित हुआ है। इनके घर पुलिस ने बिते दिनों इश्तेहार चिपकाया गया है। मौके पर एसआई दिवाकर धोबी समेत सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

### अक्सी आजीविका न्याय सलाह केंद्र ने लोगों को किया जागरूक



**महुआडांड़।** प्रखंड के सभी ग्राम पंचायतों में जन जागरूकता लाने हेतु सभी समूहों एवं ग्राम संगठनों में जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय अक्सी आजीविका न्याय सलाह केंद्र द्वारा लिया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जेएसएलपीएस के माध्यम से किया गया। इस अभियान के द्वारा गांव–गांव तक पहुंचाने के लिए बैंक सखी वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में बैंक और जेएसएलपीएस के सामूहिक प्रयास से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित दीदियों को वित्तीय समावेशन अंतर्गत विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया। मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा योजना, डिजिटल लेन देन से लाभ एवं डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपाय भी बताए गए। मुद्रा लोन पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, मुखिया, वार्ड, सीएलएफ केअध्यक्ष आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### हरियाणा पुलिस ने चंदवा से ढाबा संचालक को किया गिरफ्तार

**चंदवा।** पानीपत हरियाणा पुलिस की टीम ने मंगलवार की रात्रि विशेष छापामारी अभियान चलाकर एनएच–75 रांची–मेदिनीनगर मुख्य पथ पर स्थित चंदवा के लाधूप के समीप स्थित आगरा ढाबा के संचालक जाकिर हुसैन पिता तासीर खान को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी। इस संबंध में चंदवा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि झारखंड के किसी व्यक्ति के पास हरियाणा पुलिस ने अफीम पकड़ा गया था तथा पानीपत थाना कांड संख्या 337/23 में एन डी पी एस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार व्यक्ति ने आगरा ढाबा के जाकिर हुसैन के बारे में अफीम डोडा की तस्करी के बारे में कई अहम जानकारी दी थी। इसी सिलसिले में पानीपत पुलिस चंदवा पहुंच कर उसे गिरफ्तार कर पानीपत ले गई है। गौरतलब हो कि बीते 17 मार्च 23 को चंदवा पुलिस ने ढाबा के सामने खड़ी एक ट्रेलर पकड़ा गया था जिसमे लगभग एक करोड़ का डोडा लदा था। 8 अप्रैल की रात्रि में 12 चक्का ट्रक पकड़ा गया था जिसमे डोडा लदा था।

### भारतीय मजदूर संघ ने पीएम के नाम का ज्ञापन सौंपा

**लातेहार।** भारतीय मजदूर संघ लातेहार जिला समिति ने प्रधानमंत्री के नाम एक आवेदन उपायुक्त लातेहार को सौंपा है। चार सूत्री इस आवेदन में ठेका प्रथा को रोकने व ठेका श्रम (निवारण व नियमितकरण) अधिनियम 1970 में संशोधन करने, न्यूनतम मजदूरी के स्थान पर जीविका मजदूरी देने, राष्ट्रीय श्रम नीति बनाने व सामाजिक सुरक्षा देने की मांग की गयी। आवेदन सौंपने वालों में जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिंह, अध्यक्ष ब्रजेश कुमार रवि, अनिल उरांव, रामपति सिंह, सरजू, रविन्द्र सिंह, मंटू सिंह, सोनू उरांव, देव कुमार, शंकर सिंह, दौलत सिंह आदि का नाम शामिल है।

### राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस संघ ने निकाली रैली

**बालूमाथ।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस संघ के बैनर तले बुधवार को बालूमाथ में एक भव्य रैली निकाली गई। रैली बालूमाथ के जोगियाडीह से प्रारंभ होकर प्रखंड कार्यालय शहीद चौक थाना चौक छठ तालाब होते हुए टमटम टोला पहुंची। रैली में शामिल लोगों ने तिरंगा लेकर मजदूर एकता जिंदाबाद ददई दुबे जिंदाबाद समेत कई नारे लगा रहे थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे कहा कि लातेहार जिला में खनिज संपदा का प्रचुर भंडार पड़ा हुआ है। यहां पर लोग मशीन से कार्य कर प्रत्येक दिन करोड़ों रुपए का खनिज संपदा बाहर ले जा रहे हैं और यहां के मजदूर बेरोजगार होकर बाहर के राज्यों में पलायन करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि अब मजदूर संगठित हो गया है यहां के मजदूरों को अधिकार और रोजगार से जोड़ना यह संगठन का मुख्य प्राथमिकता है। जिलाध्यक्ष शीतल साव ने कहा कि मजदूरों को संगठित करने एवं इसे रोजगार से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस संगठन के बैनर तले साप्ताहिक बैठक की जाएगी।

# क्यूआर कोड से निगरानी होगी तेज : अमित कुमार

## ई बीट पुलिसिंग : चंदवा में 29 स्थानों पर लगाये गये क्यूआर कोड


क्यूआर कोड लगाती पुलिस की टीम।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देशन में पुलिस निरीक्षक अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में चंदवा पुलिस के ने शहर में ई बीट पुलिसिंग के तहत क्यूआर कोड लगाया। ज्ञात हो कि कानून व्यवस्था एवं पुलिस पेट्रोलिंग पर बारीकी से नजर रखने के लिए झारखंड पुलिस की ओर से यह अनोखी पहल की गयी है।

पुलिस मुख्यालय द्वारा रक्षक नामक एक एप डेवलप किया गया है। इस एप के माध्यम से पुलिस पेट्रोलिंग पर पुख्ता नजर रखी जायेगी। साथ ही, थाना क्षेत्र में गश्ती की पूरी जानकारी एक क्लिक में पुलिस मुख्यालय के पास मौजूद रहेगी। किस इलाके में पुलिस गश्ती कितनी चौकस है, इसकी जानकारी भी मुख्यालय में बैठे अधिकारी हर क्षण ले पायेंगे। क्यूआर कोड के माध्यम से संवेदनशील इलाकों की हर जानकारी मुख्यालय पर मौजूद रहेगी।

पुलिस निरीक्षक श्री गुप्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र में कुल 29 स्थानों पर अब तक क्यूआर कोड लगाये गये हैं। इसमें थाना क्षेत्र के सीमा के अंदर एनएच, एसएच समेत शहर के प्रमुख स्थानों पर चौक चौराहे पर उक्त क्यूआर कोड लगा दिये गये हैं। पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को उस क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा, इसके साथ ही मुख्यालय को स्वतः ही जानकारी मिल जायेगी। मुख्यालय को यह भी जानकारी मिलेगी कि उस इलाके में अब तक पुलिस की गश्ती कितनी बार पहुंची है और कितनी देर रुकी है।

उन्होंने कहा कि क्यूआर कोड का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में निगरानी कार्य को दुरुस्त करना है। इससे अपराध नियंत्रण में काफी मदद मिलेगा।

## होंडा सर्विस सेंटर एंड स्पेयर्स का क्षेत्रीय निदेशक ने किया उद्घाटन


होंडा सर्विस एंड स्पेयर्स का उद्घाटन करते अतिथि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** अब हौंडा मोटरसाइकल और स्कूटर की स्मार्ट और बेहतरीन सर्विस के लिए ग्राहकों को दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित एनजी ऑटोमोबाइल होंडा शोरूम ने हौंडा कंपनी के सभी ग्राहकों के लिए स्मार्ट सर्विस सेंटर का शुभारंभ कर दिया हैं।

बुधवार को सर्विस सेंटर एंड स्पेयर्स का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि एचएमएसआई झारखण्ड के एरिया इंचार्ज सौरव कु.मिश्रा के साथ-साथ शोरूम के निदेशक देवराज अग्रवाल व उनकी पत्नी अंजु देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जहां सौरव मिश्रा ने बताया कि हौंडा के सम्मानित ग्राहकों की परेशानियों को देखते हुए एनजी ऑटोमोबाइल को सर्विस सेंटर और स्पेयर्स की स्वीकृति मिली है, जिसका आज उदघाटन किया गया है। हम अपने ग्राहकों को विश्वास दिलाते है कि उन्हें किसी तरह की कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी।

वहीं, देवराज अग्रवाल ने बताया कि हौंडा के देवतुल्य ग्राहकों को बाइक में आने वाली समस्याओं, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था, लेकिन अब हमारे यहां ग्राहकों के लिए सर्विस सेंटर की स्थापना और सभी स्पेयर्स पार्ट्स भी उपलब्ध कराए गए हैं।

## चंदवा में ददई ने इंटक कार्यालय का किया उद्घाटन


उद्घाटन के मौके पर मौजूद ददई दुबे व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा मिशन स्कूल के समीप बुधवार को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के कार्यालय का शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष ददई दुबे, लातेहार जिलाध्यक्ष शीतल साव समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया।

उद्घाटन के मौके पर चंदवा, बालूमाथ समेत पूरे जिले से सैकड़ो की संख्या में मजदूर शामिल हुए। उद्घाटन से पूर्व स्थानीय खेल स्टेडियम में सभा व चंदवा मुख्य बाजार में मार्च निकाली गयी। इस मौके पर ददई दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) एक ऐसा संगठन है जो मजदूरों के हित की बात करती है। संस्था का लक्ष्य देश के मजदूरों के दशा में सुधार एवं समानता का अधिकार दिलाना है। इसके अलावे शीतल साव समेत कई वक्ताओं ने मजदूरों को संगठित होकर संस्था के साथ जुड़ने की बात कही। मौके पर कामेश्वर उरांव, मुरली साव, अख्तर खान, दिलेश्वर उरांव, शिवकुमार राम, बुधमन उरांव, केदारनाथ साव, राजेंद्र उरांव समेत सैकड़ो मजदूर मौजूद थे।

## लातेहार कोर्ट परिसर में अधिवक्ता का हार्ट अटैक से निधन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार के समाजसेवी सह अधिवक्ता अंबाकोठी निवासी सुधीर कुमार सिंह का बुधवार को कोर्ट बरामदा पर हार्ट अटैक आने पर निर्धन हो गया। तत्काल उन्हें सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया जिसके बाद पोस्टमार्टम करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

इसके बाद कोर्ट परिसर में बुधवार को घटना के बाद मातम छा गया और कोर्ट की कार्यवाही बंद हो गई। घटना की सुचना मिलने पर अस्पताल से लेकर घर तक लोगों को हुजूम उमड़ पड़ा। लोग घटना की सुचना पाकर स्तब्ध है। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### अधिवक्ता संघ आज कार्य नहीं करेगा

**अधिवक्ता** सुधीर कुमार सिंह के आकस्मिक निधन पर जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा गुरुवार को विभिन्न अदालतों में कार्य नहीं किए जाने का निर्णय लिया गया है। जारी पत्र में बताया गया है कि गुरुवार को जिले की किसी भी अदालतों में अधिवक्ता कार्य नहीं करेंगे।

## मेधावी छात्रों की पढ़ाई में पैसा नहीं बनती रुकावट : मनोज सिंह


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक और छात्राएं।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के वंदना सभागार में प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी एवं भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मां भारती के चित्र के समीप दीप प्रज्वलित किए। इसके पश्चात श्री सिंह ने विद्यालय के नवम एवं दशम कक्षा के भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को आत्मविश्वासी होना चाहिए। विद्यार्थी जीवन के 5 साल (8 से 12 कक्षा तक) उनके भविष्य निर्माण में काफी महत्व रखता है। इसलिए पूरे मनोयोग से पढ़ाई करनी चाहिए। अभी भैया बहनों की उड़ान के लिए पूरा आकाश खाली है, पंख आपका है, जितना उड़ना है उड़ान भर ले, बहुत सारे मेधावी निर्धन छात्र सोचते हैं कि दशम के बाद पैसे के अभाव में मेरी पढ़ाई नहीं हो पाएगी, ऐसी बात नहीं है।

उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा ऐसे मेधावी निर्धन छात्रों को बिना रुकावट के शिक्षा लोन के रूप में 7 लाख 50 हजार तक की राशि दी जाती है और इसका ब्याज सरकार द्वारा वहन की जाती है। और बहुत सारी जानकारियां भैया, बहनों को दिया गया है जो जीवन उपयोग बना रहेगा। प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने इस अवसर पर सभी भैया, बहनों को बताया कि बैंक की जानकारी सभी को होनी चाहिए जो भविष्य में उपयोगी साबित होगी। इस कार्यक्रम में सभी आचार्य एवं दीदीजी उपस्थित थे।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय जबरा में पानी की सुविधा नहीं : प्रमिला

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की प्रदेश अध्यक्ष ने बारियातू के कई विद्यालय व आंगनवाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण


निरीक्षण करते राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के सदस्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कमार्ही, जबरा, भाट चतरा, मकरा, बेसरा व शिबला, तथा आंगनबाड़ी केंद्र जबरा कुसमाहा, मकरा व भाटचतरा का राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला कुमारी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम राजकीय मध्य विद्यालय कमार्ही गये। वहां शिक्षक मुक्तेश्वर कुमार पांडेय बरामदे के बाहर कुर्सी लगाकर सोये हुए थे।

उन्होंने बताया कि इसके बाद उत्क्रमित मध्य विद्यालय जबरा गये। वहां पानी और शौचालय की सुविधा नहीं मिली। साथ ही छात्र-छात्राओं ने बताया कि पढ़ाई भी नियमित रूप से नहीं हो रही है। इससे छात्रों के भविष्य पर असर पड़ रहा है। वहीं, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को भी हटाने की मांग की गयी। इधर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाटचतरा में प्रधानाध्यापक उनुपस्थित मिले। विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों ने उनके संबंध में भी एक्सीडेंट होने की बात कही। विद्यालय मे पानी की समस्या के कारण पेयजल सहित शौचालय का उपयोग नहीं किया जाता है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मकरा में विद्यालय भवन जर्जर स्थिति में है। साथ ही, रसोई घर में दरवाजा-खिड़की भी नहीं है। इससे जानवर प्रवेश कर जाते हैं। शिक्षक संजय सिंह ने बताया कि विद्यालय फंड में एक लाख अड़सठ हजार रुपये पड़े हुए हैं। अगर वरीय अधिकारी इसकी अनुमति देंगे, तो इस राशि का उपयोग कर खिड़की व दरवाजा लगाया जा सकता है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेसरा का भी निरीक्षण किया गया। राजकीय मध्य विद्यालय शिबला में 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को एक साथ पढ़ाया जाता है। जबकि, शिक्षक की संख्या 9 है और विद्यार्थियों की संख्या कुल 186 है। इन विद्यालय में ज्यादातर कंबाइंड कक्षा ली जा रही थी, जिससे नराजगी जतायी। आंगनबाड़ी केंद्र जबरा का निरीक्षण किया गया, जो बंद पाया गया। केंद्र भवन मे सीमेंट, छड़ और अनाज रखे पाया गया। इस केंद्र में पूर्व सेविका एक कमरा में निवास करती हैं। इस संबंध में उन्होंने कहा कि बीडीओ ने उन्हें आंगनवाड़ी केंद्र भवन का कमरा दे दिया है। ठीक इसके पश्चात भाटचतरा आंगनबाड़ी केंद्र भी निरिक्षण किया, जहां बच्चे उपस्थित नहीं थे। वहीं केंद्र बंद पाया गया। साथ ही, बताया की आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लगा हुआ था। इस संबंध संबंधित विभाग के अधिकारियों को लिखित सूचना देकर सुधार करवाने की बात कही। मौके पर जिला अध्यक्ष संदीप राम, महिला जिला अध्यक्ष सीमा कुमारी मौजूद थे।

## चाकू की नोक पर महिला से दुष्कर्म, बनाया वीडियो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में चाकू की नोक पर शादीशुदा महिला से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना बीते 18 अप्रैल की दोपहर की बतायी जाती है। उक्त मामले को लेकर पीड़ित महिला ने थाने में आवेदन दिया है।

पीड़िता ने आवेदन में कहा है कि उसके परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर गये हुए थे। वहीं, पति भी काम करने के लिए गांव से बाहर गये हुए थे। इसी का फायदा उठाकर नवागढ़ निवासी टीपू सुल्तान जबरन घर में प्रवेश कर गया और चाकू की नोक पर जबरदस्ती मेरे साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसका एक अन्य अज्ञात साथी ने इस घटनाक्रम का अश्लील वीडियो बना लिया। दोनों ने इसका खुलासा करने पर जान से मारने की धमकी दी।

### लातेहार सदर थाना क्षेत्र का मामला

पीड़िता ने आवेदन में बताया है कि हम लोगों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। लेकिन, जब इस मामले को लेकर आवाज उठानी चाही, तो मेरे परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दी गयी। इस कारण परिवार का कोई भी सदस्य घर से बाहर नहीं निकल रहा था। परंतु, कुछ लोगों के सहयोग मिलने के बाद थाने में पहुंचकर आवेदन दिया। पीड़िता ने मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

इधर, कुछ अज्ञात लोगों द्वारा उक्त पीड़ित महिला का आपत्तिजनक वीडियो भी वायरल किया जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। दोषी पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# केकेआर ने खत्म किया अपनी हार का सिलसिला

## चिन्नास्वामी में घुसकर बेंगलुरू को 21 रनों से हराया, केकेआर ने पांच विकेट पर 200 रन बनाये

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने लगातार चार मैच हारने के बाद आखिरकार रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को हराकर मैच जीता। इस जीत के लिए केकेआर लंबे समय से इंतजार कर रहा था। आईपीएल 2023 का 36वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच 26 अप्रैल बुधवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया। यह मैच मेहमान टीम ने इतने रन से जीत लिया। यह केकेआर की इस सीजन तीसरी जीत थी। वहीं विराट की आरसीबी जीत की हैट्रिक लगाने में इतने रन से चूक गयी। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट के नुकसान पर 200 रन बनाए थे। 201 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की बल्लेबाजी निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 179 रन ही बना सकी, जिसके चलते वह 21 रन से मुकाबला हार गए।

### केकेआर के बल्लेबाजों ने मचाया कोहराम

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था, जोकि काफी ज्यादा गलत साबित हुआ। कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 200 रन बना दिए। केकेआर को इस मुकाम तक पहुंचाने में जेसन रॉय के अर्धशतक (56), नीतीश राणा की तूफानी पारी (48), वेंकटेश अय्यर (31) और रिंकू सिंह (18) के कैमियो ने अहम भूमिका निभाई। वहीं डेविड वीजे ने भी अंत में आकर 2 शानदार छक्के लगाए। इसके अलावा वानिंदु हसारंगा 4 ओवर में 24 रन खर्च कर दो विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। इतना ही नहीं बल्कि विजय कुमार को भी 2 सफलका मिली जबकि मोहम्मद सिराज ने भी 1 विकेट हासिल किया।





### आरसीबी 8 विकेट पर 179 रन ही बना सकी

**आरसीबी 21 रन से हारा मैचः** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 201 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए ताबड़तोड़ शुरूआत की थी। लेकिन फाफ डुप्लेसिस के आउट होने के बाद बैंगलोर की टीम ताश के पत्तो की तरह बिखर गई। विराट कोहली के अलावा तकरीबन हर किसी ने अपनी बल्लेबाजी से निराश किया। जहां विराट ने 54 रन की अच्छी पारी खेली। तो वहीं महिपाल लोमरोर ने भी अच्छे 34 रन बनाए। इसके अलावा डुप्लेसिस (17) और ग्लेन मैक्सवेल (5) ने खराब शॉट खेलकर अपनी विकेट गंवा दी। वहीं केकेआर की तरफ से वरुण चक्रवर्ती 3 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने चार ओवर में महज 27 रन दिए। इसी के साथ सुयश शर्मा और आंद्रे रसेल को भी 2-2 सफलता मिली। बहरहाल, बैंगलोर 20 ओवर में 179 रन ही बना पाया और अंत में 21 रन से मैच हार गया।

## एक नजर में

### अत्यधिक शराब पीने से पुलिस अभिरक्षा में युवक की मौत

**मोतिहारी (हि.स.)।** जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति की अत्यधिक शराब पीने से पुलिस अभिरक्षा में इलाज के दौरान बुधवार सदर अस्पताल में मौत हो गयी। मृतक संग्रामपुर थाना के जलहा गांव के मिश्र टोले का रहने वाला करीब 45 वर्षीय भिखारी चौधरी है। बताया जा रहा है,कि उसे मंगलवार संग्रामपुर थाना ने उत्पाद बिभाग के इनपुट पर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया था।जहां उसकी जांच के लिए सदर अस्पताल लाया गया,इसी दौरान उसकी हालत बिगड़ने लगी,तो उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया।जहां उसने दम तोड़ दिया। मौत के बाद उसके परिजनों ने सदर अस्पताल में जमकर हंगामा करते संग्रामपुर पुलिस पर सनसनीखेज आरोप लगाया है।मृतक की पत्नी का आरोप है कि उसके पति ताड़ी छेने का काम करते थे,उस दिन रात में शराब पीकर सोये थे,जिन्हे जबरन घर से पुलिस गिरफ्तार कर लाया और उसके बाद उसके गांव के एक चौकीदार ने उसे छोड़ने के एवज में 50 हजार की रकम ले लिया लेकिन उसे नही छोड़ा और आज उनकी मौत हो गयी। इस संबंध में पूछे जाने पर मोतिहारी एसपी कान्तेश कुमार मिश्रा ने बताया कि उत्पाद विभाग के इनपुट पर शराब बेचने के मामले के सत्यापन के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था और मेडिकल करवाने के क्रम में उसकी तबीयत बिगड़ी थी जिसके बाद उसे सदर अस्पताल में ही भर्ती करवाया गया और इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी है।

## पेज 1 का शेष

### दंतेवाड़ा में नक्सली...

**अमित शाह ने की सीएम से बात :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल से दंतेवाड़ा नक्सली हमले पर बात कर पूरी जानकारी ली। श्री शाह ने ट्वीट कर लिखा कि दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस पर हुए कायरतापूर्ण हमले से क्षुब्ध हूं। उन्होंने राज्य सरकार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। **बालाघाट का 'बदला' दंतेवाड़ा में :** दंतेवाड़ा नक्सली हमले के तार मध्य प्रदेश के बालाघाट से जुड़े हो सकते हैं। 22 अप्रैल को बालाघाट में हॉक फोर्स ने मुठभेड़ में दो खूंखार महिला नक्सलियों को मार गिराया था। ये दोनों छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की रहने वाली थी। दोनों पर 14-14 लाख रुपये का ईनाम था। हो सकता है कि नक्सलियों ने इनकी मौत का बदला दंतेवाड़ा हमले से लिया हो। छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

### रांची में चार...

**दिल्ली की टीम कर रही है छापेमारी का नेतृत्व :** आयकर के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह कंपनी नवजीत कलसी, जसमीत कलसी, सुमित कलसी से जुड़ी हुई हैं। इसकी शाखाएं देश ही नहीं, विदेशों में भी हैं। इस कंपनी की ऑस्ट्रेलिया व मेडागास्कर में लिथियम की खदान है। गुजरात में भी इसकी कंपनी है। यह कंपनी डब्बा ट्रेडिंग का भी कारोबार करती है। आयकर दिल्ली की टीम सभी छापेमारी का नेतृत्व कर रही है। इस टीम को सभी राज्यों की आयकर विभाग की टीम सहयोग कर रही है। **टीम ने सुबह-सुबह दी ठिकानों पर दस्तक :** आयकर विभाग की टीम सुबह करीब साढ़े सात बजे ही सभी ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। रांची के हिनू में स्प्रिंग्डेल स्कूल में भी सुबह-सुबह टीम ने दस्तक दी और सभी ठिकानों पर वित्तीय लेन-देन से जुड़े दस्तावेज खंगाले गये। देर रात रांची में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से कागजात खंगाले जा रहे थे।

### रांची, जमशेदपुर समेत...

**रांची में ठेकेदार का फ्लैट सील :** सबसे पहले इडी ने मोरहाबादी में रह रहे ठेकेदार विपिन सिंह के सत्येंदू अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 402 में छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में इडी को फ्लैट में ताला बंद मिला। इडी के वहां पहुंचने से पहले ही विपिन सिंह का परिवार फ्लैट में ताला बंद कर फरार हो गया था। इडी ने फ्लैट ओनर तत्काल प्रभात पांडेय को वहां बुलाया और दरवाजे पर नोटिस चस्पा कर फ्लैट को सील कर दिया। इडी ने एक कागज पर लिखा है कि जब सुबह 6:30 बजे ईडी की टीम वहां पहुंची तो फ्लैट में ताला लटका हुआ था। सुरक्षा गार्ड से पूछताछ में पता चला कि फ्लैट के मालिक प्रभात कुमार पांडे हैं। ठेकेदार विपिन सिंह उस फ्लैट में सपरिवार किराये पर रहते हैं। इसके बाद इडी ने विपिन सिंह को फोन किया तो उन्होंने बताया कि वह नोएडा में हैं और दो-तीन दिन बाद रांची पहुंचेंगे। अब विपिन सिंह के आने के बाद उनकी मौजूदगी में उनके फ्लैट की तलाशी ली जायेगी। विपिन सिंह के नोएडा में होने की सूचना पर दिल्ली इडी कार्यालय में सरेंडर करने का निर्देश दिया गया है। वहीं खेलगांव में इडी ने गिरफ्तार किये गये अफसर अली के करीबी जमीन दलाल शेखर कुशवाहा उर्फ महतो के गाड़ीगांव, बूटी मोड़ स्थित कांम्पलेक्स में छापेमारी की। शेखर कुशवाहा कल ही दिल्ली से लौटा था। उधर, इडी की एक टीम जमीन घोटाले में फंसे आइएएस छवि रंजन के जमशेदपुर में रहने वाला जुगसलाई निवासी श्याम सिंह और बिष्टूपुर निवासी रवि सिंह भाटिया के आवास और दुकान पर इडी की छापेमारी की गई। इडी को वहां से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं, जिन्हें इडी ने जब्त कर लिया है। रवि सिंह भाटिया के आवास पर आठ सदस्यीय टीम और जुगसलाई निवासी श्याम सिंह के आवास पर 10 सदस्यीय टीम ने छापेमारी की। वह छविरंजन के काफी करीबी माने जाते हैं। इडी की जमशेदपुर में दबिश देने के पीछे आइएएस छवि रंजन से पूछताछ बताया गया है। जानकारी के मुताबिक जमशेदपुर में आइएएस छवि रंजन भी रहते हैं। जमशेदपुर में जुगसलाई गौशाला के समीप स्थित जैन मंदिर के पास रहने वाले कारोबारी श्याम सिंह भाटिया, बिष्टूपुर कांट्रेक्टर एरिया बेगुनिया टॉवर निवासी रवि सिंह भाटिया के यहां दबिश दी। इनके यहां जमीन से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर दस्तावेज को जब्त कर लिया गया है। **50 बैंक खाते हुए फ्रीज, शेखर के यहां से मिले 10 लाख :** इडी ने छापेमारी के क्रम में कार्रवाई करते हुए 50 से अधिक बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। इडी जमीन घोटाला मामले को लेकर रांची और जमशेदपुर में छापेमारी की थी। इडी ने शेखर कुशवाहा के घर से 10 लाख रूपए भी बरामद किया है।

### प्रधान महालेखाकार को...

यानी ये कंपनियां अपनी माइनिंग गतिविधियां उक्त 3 जिलों में कर सकते हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार को अवैध माइनिंग पर रोक लगाने का निर्देश दिया था। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने उक्त तीनों जिलों के डीसी को निर्देश दिया था कि मामले में गठित स्पेशल कमेटी की रिपोर्ट आने तक तीनों जिलों में वैध और अवैध खनन एवं उसके परिवहन पर रोक लगाने का निर्देश दिया था। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि कोर्ट के आदेश के आलोक में स्पेशल कमेटी गठित की गयी है। जिसकी अध्यक्षता आईजी पुलिस सीआईडी कर रहे हैं।

### मर्द की तरह हमसे...

**नैतिकता है तो डीएनए टेस्ट करवा लें :** बन्ना गुप्ता ने कहा कि मुझ पर कोविड प्रोत्साहन राशि लेने का आरोप लगाया गया था। तरह- तरह की बातें की गयी थी। विकास कार्य कर रहे हैं तो भी इनके पेट में दर्द होता है। ये चुनाव लड़े पूर्वी से और जब हम चुनाव जीते, तो उनके पांव छुए। उन्होंने बधाई भी दी। विधायक सरयू राय हमारे चाचा हैं। अभिभावक हैं। उनको सुझाव है कि जब आप कहते हैं डीएनए टेस्ट करवाना है, तो करवा लें। सार्वजनिक करवा लें। मोबाइल फोन देने की बात है, तो जब पुलिस मांगेगी, दे देंगे। आप में अगर नैतिकता है, तो दो दिन में डीएनए टेस्ट करवा लें। हम भी कमजोर नहीं हैं। सामने आकर लड़ाई लड़ें। आपके साथ जो महिला बैठती है, वो कौन है? लड़का कौन है? बन्ना गुप्ता ने कहा कि आपके लिए अलग कानून है क्या? बीजेपी के लोग सीपी सिंह से क्यों नहीं इस्तीफा मांग रहे? बन्ना गरीबों की आवाज है। सेल्फ मेड लीडर हूं। आप दया पर होंगे। **50 वीडियो वायरल करो, फिर भी लड़ूंगा :** बन्ना गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस का वफादार सिपाही हूं। हमने इस मामले को प्रभारी, सीएलपी लीडर और अध्यक्ष को पूरी जानकारी दे दी है। पार्टी ने जो पूछा, बता दिया है। पार्टी जो निर्णय लेगी, उसका पालन होगा। अध्यक्ष सीएलपी और प्रभारी से पूछें, जो आदेश होगा, उसका पालन होगा। 50 वीडियो वायरल करो, फिर भी लड़ूंगा।

## स्पीड न्यूज

### महिला ने तीन बच्चों को दिया जन्म, सभी स्वस्थ

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर अनुमंडल के गोइलकेरा प्रखंड अंतर्गत झीलरुवां गांव में बुधवार को एक महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया। परिजनों के अनुसार करीब 15 मिनट के अंदर तीनों बच्चों की नॉर्मल डिलीवरी हुई। इनमें एक बेटी व दो बेटे हैं। मां और तीनों बच्चे स्वस्थ्य हैं। गोइलकेरा के झीलरुवां निवासी दुबराज कोड़ाह की पत्नी गुरुवारी कोड़ाह का बुधवार की सुबह घर पर ही प्रसव हुआ। इसके बाद परिजनों द्वारा महिला और बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोइलकेरा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी जांच की। जांच में जच्चा और बच्चे स्वस्थ मिले। परिजनों में खुशी है। झीलरुवां के इस दंपति के पहले से तीन बच्चे हैं।

### एसकेएमयू के पीजी का परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 4 मई तक

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पीजी का परीक्षा फार्म भरने की तिथि जारी हो गई है। परीक्षा फार्म 30 अप्रैल तक भरे जायेंगे। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सत्र 2022-24 के पीजी सेमेस्टर 1 परीक्षा 2022 एवं सत्र 2021-23 के सेमेस्टर 3 का परीक्षा 2022 परीक्षा फार्म ऑनलाईन बिना विलंब शुल्क के 30 अप्रैल तक भरे जायेंगे। विलंब शुल्क 500 रुपए के साथ 1 से 4 मई तक परीक्षा फार्म ऑनलाईन भरने की तिथि निर्धारित है। छात्र-छात्राएं को ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने के बाद हार्ड कॉपी कॉलेज एवं विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा।

### आनंद मोहन की रिहाई पर सियासी हलकों में बवाल

**पटना (हि.स.)।** बिहार के सियासी हलकों में आनंद मोहन सिंह की रिहाई को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। वे 27 अप्रैल को रिहा हो सकते हैं। 1994 में तत्कालीन जिलाधिकारी गोपालगंज के जी कृष्णैया की हत्या के मामले में आनंद मोहन दोषी ठहराए गए थे और उन्हें सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली थी। लेकिन अब बिहार की नीतीश सरकार ने जेल मैनुअल में संशोधन करते हुए आनंद मोहन समेत 27 लोगों की रिहाई के आदेश दिए हैं। बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह रिहाई को सही ठहरा रहे हैं, जबकि सुशील मोदी नीतीश सरकार पर सवाल उठा रहे हैं। इसी बीच दिवंगत जी कृष्णैया की पत्नी उमा देवी ने मामले में प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उमा देवी का कहना है कि सरकार राजपूत वोटों के लिए यह सब कर रही है। उन्होंने नीतीश कुमार के सुशासन पर सवाल उठाते हुए कहा- एक ईमानदार अफसर की हत्या करने वाले को छोड़ा जा रहा है, इससे हम समझते हैं कि न्याय व्यवस्था क्या है? आनंद मोहन दलित आईएएस जी कृष्णैया हत्याकांड के मुख्य दोषी थे। उन्हें इस मामले में फांसी की सजा भी सुनाई गई थी, लेकिन बाद में ऊपरी अदालत ने आनंद मोहन की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया।

# चक्रधरपुर सीओ आये कार्रवाई के दायरे में, डीसी ने वेतन रोक

## स्पष्टीकरण के बाद होगी विभागीय कार्रवाई

## राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में म्यूटेशन के छह मामले मिले लंबित

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, कल्याण, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, विधि, निर्वाचन, पंचायत एवं अन्य विभाग से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षात्मक बैठक की। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा म्यूटेशन के छह मामले चक्रधरपुर अंचल में विगत 90 दिनों से लंबित पाए गए हैं। जिसपर उपायुक्त ने चक्रधरपुर के अंचलाधिकारी बाल किशोर महतो के विरुद्ध कार्य में अनियमितता बरतने पर उनका वेतन रोकने और स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया है। स्पष्टीकरण प्राप्त होने के उपरांत अग्रसर कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी और अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी कार्यालय और सरकारी योजना हेतु जमीन की मांग की गई है, उस पर कार्य करते हुए शीघ्र जमीन उपलब्ध किया जाए ताकि सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न ना हो। बैठक में मुख्य रूप से राजस्व, स्वच्छ भारत मिशन, पेंशन, जन वितरण प्रणाली से सम्बंधित विस्तृत समीक्षा की गयी।

बैठक के उपरांत जिला उपायुक्त के द्वारा जानकारी दिया गया कि संपूर्ण जिले में 31 मार्च तक पेंशन को लेकर सर्वे किया गया था। जिसमेंलगभग 14000 लाभुक का पेंशन के लिए चयन किया गया। जो पेंशन प्राप्त करने हेतु अहर्ता रखते है, परंतु किसी कारणवस उन्हें लाभ नहीं दिया गया था। जिसमें अब तक लगभग 8300 लाभुकों को पेंशन से आच्छादित किया जा चुका है। आपूर्ति विभाग की समीक्षा के क्रम में मार्च और अप्रैल माह का राशन का वितरण शत प्रतिशत सुनिश्चित किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कोयला लदे हाईवा के चपेट में आने से बेटी की शादी का कार्ड बांटने जा रहा पिता बुरी तरह घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** बेटी की शादी का कार्ड बांटने जा रहा पिता बुधवार की दोपहर हादसे का शिकार हो गया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भुरकुंडा गांव के समीप घटी। जहां कोयला लेकर जा रहे हाईवा ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उसका दायां पैर पूरी तरह से कुचल गया। हादसे के बाद चालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा। विरोध में आधा घंटा के लिए लोगों ने दुमका-पाकुड़ पथ को जाम कर दिया। मामले में थाना प्रभारी ने आश्वासन के बाद लोग शांत हुए और जाम हटाया। जानकारी के अनुसार जिले के जरमुंडी के अमरपानी गांव के खगेंद्र सिंह की बड़ी बेटी की शादी 5 मई को जामा के बारापलासी में तय है। दोपहर को वह अकेले बाइक से कार्ड बांटने के लिए अपनी ससुराल चांदोपानी जा रहा थे। इसी दौरान भुरकुंडा के पास कोयला लदे हाईवा ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में खगेंद्र का एक पैर पूरी तरह से बेकार हो गया। लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल को इलाज के लिए फुलो-झानो मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा। जहां उसका इलाज जारी है। हाईवा का पहिया पैर पर चढ़ जाने से उसका एक पैर पूरी तरह से कुचल गया। दो बच्चों के पिता 40 वर्षीय खगेंद्र ने बताया कि वह अपने रास्ते जा रहा था। अचानक हाईवा उनकी ओर मुड़ गया। काफी प्रयास के बाद भी वाहन से टकरा गया। हादसे के बाद लोगों ने आधा घंटे के लिए मार्ग को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नीतिश कुमार मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम समाप्त कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस वाहन जप्त कर कार्रवाई में जुट गई है।



लोगों को समझाते थाना प्रभारी

# डिजिटल लेनदेन के लिए सक्षम केंद्र का हुआ उद्घाटन



फीता काटकर विधिवत तरीके से सक्षम केंद्र का उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जेएसएलपीएस के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव 2.0 अभियान के तहत वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल लेनदेन के बढ़ावा दिया जा रहा। सदर प्रखंड के पुराना दुमका क्लस्टर का पुराना दुमका पंचायत भवन में पुराना दुमका आजीविका महिला संकुल संगठन के पदाधिकारियों ने फीता काटकर विधिवत तरीके से सक्षम केंद्र का उद्घाटन किया। सक्षम केंद्र का उद्देश्य ग्रामीण परिवेश में निवास कर रहे हर एक परिवार को वित्त के बारे में साक्षर करना है। जिससे लोगो को बचत कैसे करना हैं। बीमा क्यों करवाना चाहिए, पेंशन क्या है, बैंक क्यों जरूरी हैं, फ्रॉड से सावधान कैसे रहें इत्यादि के बारे में लोगो को जागरूक करना हैं। मौके पर कार्यक्रम के दौरान जेएसएलपीएस के वाईपी प्रिया धार द्वारा बीमा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वहीं सभी दीदियों को अपने साथ साथ अपने पतियों और 18 साल से ऊपर के सभी बच्चों का बीमा करवाने तथा मई महीने के अंतिम सप्ताह में बीमा रेनीन्यूअल के लिए अपने अपने खाते में पैसा जरूर रखने का आवाह्न किया गया। मौके पर ग्रामीण बैंक से एफएलसी जितेंद्र चौरसिया जेएसएलपीएस के कलस्टर कोऑर्डिनेटर श्रीति साह, अर्जुन मंडल संकुल संगठन के पदाधिकारी सखी मंडल की सदस्या एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# आचार संहिता उल्लंघन मामले में जामताड़ा विधायक बरी

## बन्ना गुप्ता व सीपी सिंह मामले में बोले इरफान अंसारी- हमाम में सभी नंगे हैं

**दुमका।** आचार संहिता उल्लंघन के मामले में बुधवार को जामताड़ा कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी को साक्ष्य के अभाव में न्यायालय ने बरी कर दिया। बरी का आदेश एमपी-एमएल विशेष अदालत एसडीजेएम जितेंद्र राम के न्यायालय ने सुनाया। मामला वर्ष 2019 विधानसभा चुनाव का है। जहां जामताड़ा थाना में विधायक के खिलाफ झंडा-बैनर और पोस्टर लगाने को लेकर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में विधायक को बरी का आदेश सुनाया। बचाव पक्ष से बहस अधिवक्ता राजा खान कर रहे थे। मामले को लेकर विधायक ने कहा कि धीरे-धीरे सभी मामलों में बरी हो रहे हैं। अपने विरोधियों को कहना चाहता हूं कि मुद्दे की लड़ाई लड़ें, बेवजह परेशान मत कीजिए। झूठा मुकदमा दर्ज होने पर कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाने से समय बर्बाद होता है। अगर यह समय जनता को देते तो जनता को उचित लाभ होता। न्यायालय पर भरोसा है और आज एक मामले में कोर्ट ने बरी किया है। इसके लिए कोर्ट के प्रति आभार जताया।

हाल के दिनों में राज्य के चर्चित मामले स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और भाजपा विधायक सीपी सिंह के कथित वीडियो और ऑडियो प्रकरण के सवाल के जबाब में विधायक डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि दोनों ही मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। नेताओं के साथ-साथ उस लड़की का भी मोबाइल जप्त कर पूरे मामले की जांच हो, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। उन्होंने कहा कि जिस तरह सीपी सिंह खुद मीडिया के सामने आकर बयान दे रहे हैं इससे लगता है कि दाल में कुछ काला है।

इरफान अंसारी ने कहा कि इस प्रकरण से पॉलिटिकल क्षति नहीं बल्कि झारखंड की क्षति हो रही है और भी तो नेता है देश में या दूसरे राज्य में। वे लोग वीडियो चैट नहीं करते। उनके पास कोई वीडियो कॉल नहीं आता है क्या। झारखंड में ही ऐसा क्यों हो रहा है। झारखंड को यहां के नेता कितना शर्मसार कर रहे है। इसलिए इस प्रकरण पर इतना ही कहेंगे कि अगर यह सही है तो बहुत गलत है, बर्दाश्त से बाहर है और अगर गलत है, तो गलत करने वालों को सजा मिलनी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता प्रकरण में 2 महिलाओं के सामने आने के सवाल पर इरफान अंसारी ने कहा कि बन्ना गुप्ता मंत्री हैं कांग्रेस पार्टी के हैं। वह ऐसा नहीं कर सकते। लेकिन अगर महिलाएं सामने आ रही हैं तो संदेह का घेरा बढ़ता जा रहा है। इसलिए पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। यह सिर्फ कांग्रेस की छवि नहीं बल्कि झारखंड की छवि को खराब कर रहा है। कल हम चुनाव में किस मुंह से जाएंगे। भाजपा नेता सीपी सिंह के प्रकरण में इरफान अंसारी ने कहा कि जिस तरह बगैर ऑडियो या वीडियो वायरल हुए सीपी सिंह मीडिया के सामने आकर अपनी सफाई दे रहे हैं। उससे दाल में कुछ काला लग रहा है। बन्ना गुप्ता पर नहीं बल्कि सीपी सिंह पर शक है। कम से कम वह अपनी उम्र का तो ख्याल रखते। उनका सम्मान करता हूं। वह खुद मीडिया के सामने क्यों आ गए। अपने आप को बेदाग साबित कर बन्ना गुप्ता को दोषी करार देने पर क्यों तुले हैं। झारखंड शर्मसार हुआ है। सीएम हेमंत सोरेन से मांग करता हूं कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह ऐसा मामला है कि खुल कर बोल भी नहीं पाते। पार्टी की बात है, लेकिन इतना कहूंगा इस हमाम में सभी नंगे हैं।

# देश में 157 नये सरकारी नर्सिंग कॉलेज खुलेंगे

## झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को अधिक लाभ मिलेगा

### कैबिनेट का फैसला

**प्रत्येक नये नर्सिंग कॉलेज के लिए 10 करोड़ देगी केंद्र सरकार, दो साल में बनेगा**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** । केंद्र सरकार ने देश के विभिन्न हिस्सों में 1570 करोड़ रुपए के निवेश से 157 नये सरकारी नर्सिंग कॉलेज खोलने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे देश में 15700 अतिरिक्त नर्सिंग सीटें उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस फैसले से राजस्थान, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश को अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि नया नर्सिंग कॉलेज पहले से स्थापित मेडिकल कॉलेज के साथ संबंधित होगा। उन्होंने कहा कि लगभग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित नए मेडिकल कॉलेजों के साथ नया नर्सिंग कॉलेज दिया गया है।

प्रत्येक नए नर्सिंग कॉलेज के लिए 10 करोड़ रुपए जारी किए जाएंगे। संबंधित राज्य सरकार इसमें अतिरिक्त सुविधाएं बढ़ाने के लिए और आवंटन बढ़ा सकती है। श्री मांडविया ने कहा कि नर्सिंग कॉलेजों का आवंटन सभी राज्यों में उनके द्वारा खोले गए नए मेडिकल कॉलेजों के आधार पर किया गया है।

प्रत्येक नये मेडिकल कॉलेज को एक नया नर्सिंग कॉलेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश और विदेश में भारतीय नर्सों की मांग लगातार बढ़ रही है। सरकार के इस फैसले से इस मांग की पूर्ति होगी और युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि नये नर्सिंग कॉलेज अगले 24 महीने में बनकर तैयार हो जाएंगे। संबंधित नर्सिंग कॉलेजों के लिए राज्यों को उनकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के अनुसार आवंटन जारी कर दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल में राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति, 2023 को मंजूरी देने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि भारत में चिकित्सा उपकरण क्षेत्र एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जो तेज गति से बढ़ रहा है। वैश्विक बाजार में भारतीय चिकित्सा उपकरण क्षेत्र की हिस्सेदारी 1.5 प्रतिशत होने का अनुमान है। भारतीय चिकित्सा उपकरण क्षेत्र विकास की राह पर है और इसमें आत्मनिर्भर बनने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य की दिशा में योगदान करने की अपार क्षमता है।

सरकार ने हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में चार चिकित्सा उपकरण पार्कों की स्थापना के लिए चिकित्सा उपकरणों और सहायता के लिए पीएलआई योजना के कार्यान्वयन की शुरूआत पहले ही कर दी है। चिकित्सा उपकरणों के लिए पीएलआई योजना के तहत अब तक कुल 26 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें 1206 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इसमें से अब तक 714 करोड़ रुपये का निवेश हासिल किया जा चुका है। पीएलआई योजना के तहत 37 उत्पादों का उत्पादन करने वाली कुल 14 परियोजनाओं को चालू किया गया है। राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति, 2023 से पहुंच, सामर्थ्य, गुणवत्ता और नवाचार के सार्वजनिक स्वास्थ्य उद्देश्यों को पूरा करने के लिए चिकित्सा उपकरण क्षेत्र के व्यवस्थित विकास की सुविधा होगी।



### चिकित्सा उपकरण नीति को भी मंजूरी

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति 2023 पर अपनी मोहर लगा दी, जिसमें इस क्षेत्र को अगले पांच वर्ष में 50 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय गया है।

## शेयर बाजार में तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 170 अंक और चढ़ा

**मुंबई।** वैश्विक बाजार में कमजोरी के रुख के बीच शेयर बाजारों में बुधवार को कुछ चुनिंदा शेयरों में जोरदार लिवाली से मानक सूचकांक लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए।बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 169.87 अंक यानी 0.28 प्रतिशत चढ़कर 60,300.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 232.08 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 44.35 अंक यानी 0.25 प्रतिशत बढ़त के साथ 17,813.60 अंक पर पहुंच गया। पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, नेस्ले, एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, रिलायंस इंड्स्ट्रीज और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

## स्पीड न्यूज

### संबलपुर में दो थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू हटा

**संबलपुर।** ओडिशा के संबलपुर जिला प्रशासन ने हिंसा प्रभावित इस शहर के छह थाना क्षेत्रों में से दो में बुधवार को कर्फ्यू हटा लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिला प्रशासन की ओर जारी आदेश के अनुसार संबलपुर सदर थाना और बरीपाली थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू हटा लिया गया है जिसे हनुमान जयंती समारोहों के दौरान हिंसा होने के बाद 14 अप्रैल की रात को लगाया गया था।

### सिसोदिया की बीमार पत्नी से मिले केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को एक निजी अस्पताल पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की बीमार पत्नी से भेंट की। सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया (49) ऑटोइम्यून डिसऑर्डर, मल्टीपल स्केलेरोसिस से पीड़ित हैं। उन्हें मंगलवार को इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के स्नायुविज्ञान विभाग में भर्ती कराया गया था।

### मलयालम अभिनेता मामुकोया का निधन

**कोझिकोड।** मलयालम फिल्मों के जाने-माने अभिनेता मामुकोया (77) का बुधवार को निधन हो गया। फिल्म उद्योग के सूत्रों ने यह जानकारी दी। मामुकोया के निधन की खबर आने के बाद सोशल मीडिया पर तमाम प्रशंसकों और फिल्म उद्योग से जुड़े कलाकारों ने शोक व्यक्त किया।

### सिंगापुर में भारतीय मूल के ड्रग तस्कर को फांसी

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक मादक पदार्थ तस्कर को बुधवार को फांसी दे दी गई। अदालत ने सजा माफ करने के लिए दोषी तस्कर की ओर से आखिरी समय में दाखिल अर्जी मंगलवार को खारिज कर दी थी। थंगाराजू सुपैय्या (46) को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने अक्टूबर 2018 में मादक पदार्थ की तस्करी की साजिश रचने के लिए एक साथी को उकसाने के मामले में दोषी ठहराया गया था। यह साजिश उसे एक किलोग्राम भांग की आपूर्ति से जुड़ी थी, जो औषधीय पदार्थों का दुरुपयोग अधिनियम के तहत अपराध है।

### टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल की बेटी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अनुब्रत मंडल की बेटी सुकन्या मंडल को पशु तस्करी के एक मामले से जुड़े धन शोधन के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित मवेशी तस्करी मामले में इससे पहले अनुब्रत मंडल को गिरफ्तार किया था। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका सुकन्या मंडल से ईडी ने पहले कुछ मौकों पर पूछताछ की थी। टीएमसी की बीरभूम जिला इकाई के अध्यक्ष अनुब्रत मंडल को सीबीआई ने पशु तस्करी में कथित संलिप्तता के मामले में पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार किया था।

## प्रधानमंत्री ने वन अर्थ वन हेल्थ -एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया का किया उद्घाटन

# जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का इलाज भारत के पास: मोदी

**योग और ध्यान आधुनिक दुनिया के लिए प्राचीन भारत के उपहार हैं, जो अब वैश्विक आंदोलन बने**

**पारंपरिक आहार बाजरा खाद्य सुरक्षा व पोषण में मदद करेगा**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुविधा-सुरक्षा का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि भारत की पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियां तनाव और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के समाधान प्रस्तुत करती हैं।

श्री मोदी ने वन अर्थ वन हेल्थ - एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया 2023 के छठे संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहा कि जब कोई वैश्विक महामारी नहीं थी, तब भी स्वास्थ्य के लिए भारत की दृष्टि सार्वभौमिक थी। भारत का लक्ष्य शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण है। सच्ची प्रगति जन-केंद्रित है? और चिकित्सा विज्ञान में चाहे कितनी भी प्रगति हो जाए, अंतिम व्यक्ति तक पहुंच निश्चित होनी चाहिए। भारत का लक्ष्य न केवल अपने नागरिकों के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और सस्ता बनाना है। उन्होंने कहा कि योग और ध्यान आधुनिक दुनिया के लिए प्राचीन भारत के उपहार हैं, जो अब वैश्विक आंदोलन बन गए हैं। श्री मोदी ने संस्कृत के एक प्राचीन श्लोक का उल्लेख करते हुए कहा कि हर कोई खुश रहे, हर कोई रोग मुक्त हो, सभी के लिए अच्छी चीजें हों, और कोई भी दुख से ग्रस्त न हो'।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए भारत का दृष्टिकोण तब भी सार्वभौमिक था, जब हजारों साल पहले कोई वैश्विक महामारी नहीं थी। हमारी दृष्टि केवल मनुष्यों तक ही सीमित नहीं है। यह हमारे पूरे पारिस्थितिकी तंत्र तक फैली हुआ है। पौधों से लेकर जानवरों तक, मिट्टी से लेकर नदियों तक, जब हमारे आस-पास सब कुछ स्वस्थ है, तो हम स्वस्थ रह सकते हैं।

उन्होंने बाजरा का भी उल्लेख किया जो भारत के पारंपरिक आहार का हिस्सा है और दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा और पोषण के मुद्दों से निपटने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के लिए वैश्विक प्रतिक्रिया को अलग नहीं किया जा सकता है और अब यह एक एकीकृत, समावेशी और संस्थागत प्रतिक्रिया का समय है। जी- 20 अध्यक्षता के दौरान हमारे फोकस वाले क्षेत्रों में से एक है। हमारा लक्ष्य न केवल अपने नागरिकों के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और किफायती बनाना है।

भारत का लक्ष्य शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण



### आयुष्मान से सात अरब डॉलर की बचत

उन्होंने कहा कि यह घर में हमारे प्रयासों में देखा जा सकता है। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा कवरेज योजना है। आयुष्मान भारत पहल में 500 मिलियन से अधिक लोगों को मुफ्त चिकित्सा उपचार के साथ कवर किया गया है। 40 मिलियन से अधिक लोग पहले ही कैशलेस और पेपरलेस तरीके से सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं। इससे हमारे नागरिकों के लिए पहले ही लगभग 7 अरब डॉलर की बचत हुई है।

## तेजस्वी यादव पर मानहानि का केस

**गुजरातियों को कहा था ठग, एक मई होगी सुनवाई**

**अहमदाबाद।** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा कथित तौर पर गुजरातियों को लेकर की गई एक टिप्पणी पर बुधवार को एक अदालत में आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज कराई गई है। तेजस्वी ने कहा था कि मौजूदा समय में केवल गुजराती ठग हो सकते हैं। अपर मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट डी.जे. परमार की अदालत में सामाजिक कार्यकर्ता और कारोबारी हरेश मेहता (63) ने भारतीय दंड संहिता की धारा-499 और 500 (आपराधिक मानहानि से जुड़ी) के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मेहता के वकील पी.आर.पटेल ने कहा कि हमने सबूत के तौर पर बयान की पेनड्राइव जमा की है और यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अदालत ने शिकायत स्वीकार कर ली है और एक मई को इसे सत्यापित करेगी। मेहता ने यह शिकायत 21 मार्च को यादव द्वारा दिए गए बयान के आधार पर दर्ज कराई है। यादव ने कथित तौर पर कहा था कि मौजूदा स्थिति में केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं और उनकी धोखाधड़ी को माफ कर दिया जाएगा। मीडिया के समक्ष दिए गए बयान में पूरे गुजराती समुदाय को ठग कहा गया है, जो सभी गुजरातियों की सार्वजनिक रूप से मानहानि करता है और उन्हें अपमानित करता है।

## कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए धर्म का सहारा लिया : राजनाथ

**धार्मिक आधार पर चार प्रतिशत आरक्षण को लेकर बोला हमला**

**बेलगावी(कर्नाटक)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि उसने सत्ता में आने के लिए मजहब का इस्तेमाल किया। सिंह ने विपक्षी पार्टी को कर्नाटक की सत्ता में रहने के दौरान धार्मिक आधार पर चार प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करने के लिए भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि यह केवल मुस्लिमों के तुष्टिकरण के लिए किया गया था। बेलगावी जिले के कागवाड़ में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भारत के इतिहास में अगर कोई पार्टी है जिसने सत्ता में आने के लिए धर्म या कहें कि मजहब का सहारा लिया है तो वह कांग्रेस है। रक्षामंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हिंदू, मुस्लिम और ईसाई की राजनीति करती है। इस तरह की राजनीति कभी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुस्लिमों के तुष्टिकरण के लिए राज्य में धर्म के आधार पर चार प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई।सिंह ने कहा कि अगर आर्थिक रूप से कमजोर मुस्लिमों और ईसाईयों को आरक्षण दिया जाता है तो हम उसका स्वागत करेंगे लेकिन भारतीय संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता। गौरतलब है कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने से महज कुछ दिन पहले ही राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग की 2बी श्रेणी के तहत मुस्लिमों के लिए की गई चार प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था समाप्त कर दी थी। बाद में सरकार ने इस चार प्रतिशत आरक्षण को दो हिस्सों में बांट कर राज्य के दो सबसे प्रभावशाली समुदायों को दे दिया था। सरकार ने वोक्कालिगा के आरक्षण में 2सी श्रेणी के तहत दो प्रतिशत की वृद्धि की है जबकि लिंगायत को 2डी श्रेणी के तहत दो प्रतिशत और आरक्षण देने का फैसला किया था। इसके बाद मुस्लिमों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) में रखा गया था। सरकार के इस फैसले के खिलाफ कई मुस्लिम संगठनों ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया। न्यायालय ने कर्नाटक सरकार को आरक्षण समाप्त करने के फैसले को नौ मई तक लागू नहीं करने का निर्देश दिया है। सिंह ने कहा कि भाजपा के चरित्र के बारे में कुछ भी छिपाने को नहीं है और पूरी दुनिया इस बारे में जानती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा कभी जाति, नस्ल या धर्म के आधार पर भेदभाव में विश्वास नहीं करती। भाजपा इंसाफ और इंसानियत में विश्वास करती है।



# समलैंगिक विवाह का मामला संसद पर छोड़े कोर्ट

## केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से अपील

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया कि वह समलैंगिक विवाहों को कानूनी मंजूरी देने की मांग करने वाली याचिकाओं में उठाये गये प्रश्नों को संसद के लिए छोड़ने पर विचार करे। केंद्र की ओर से न्यायालय में पेश हुए सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ से कहा कि शीर्ष न्यायालय एक बहुत ही जटिल मुद्दे से निपट रहा है, जो एक गहरा सामाजिक प्रभाव रखता है।

मेहता ने कहा कि मूल प्रश्न यह है कि इस बारे में फैसला कौन करेगा कि विवाह क्रू है और यह किनके बीच है।उन्होंने न्यायमूर्ति एस. के. कौल, न्यायमूर्ति एस.आर. भट, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की पीठ से कहा कि कई अन्य विधानों पर भी इसका अनपेक्षित प्रभाव पड़ेगा, जिस पर समाज में और विभिन्न राज्य विधानमंडलों में चर्चा करने की जरूरत पड़ेगी। शीर्ष न्यायालय में विषय की सुनवाई जारी है। विषय की सुनवाई के प्रथम दिन, 18 अप्रैल को केंद्र ने शीर्ष न्यायालय से कहा था कि उसकी प्राथमिक आपत्ति यह है कि क्या न्यायालय इस प्रश्न पर विचार कर सकता है या इस पर पहले संसद को विचार करना जरूरी है। मेहता ने कहा था कि शीर्ष न्यायालय जिस विषय से निपट रहा है वह वस्तुतः विवाह के सामाजिक-विधिक संबंध से संबंधित है, जो सक्षम विधायिका के दायरे में होगा। उन्होंने कहा था कि यह विषय समवर्ती सूची में है, ऐसे में हम इस पर एक राज्य के सहमत होने, एक अन्य राज्य द्वारा इसके पक्ष में कानून बनाने, एक अन्य राज्य द्वारा इसके खिलाफ कानून बनाने की संभावना से इनकार नहीं कर सकते। इसलिए राज्यों की अनुपस्थिति में याचिकाएं विचारणीय नहीं होंगी, यह मेरी प्राथमिक आपत्तियों में से एक है।पीठ ने 18 अप्रैल को स्पष्ट कर दिया था कि वह इन याचिकाओं पर फैसला करते समय विवाह से जुड़े पर्सनल लॉ पर विचार नहीं करेगा।

केंद्र ने शीर्ष न्यायालय में दाखिल अपने हलफनामों में एक में याचिकाओं को सामाजिक स्वीकार्यता के उद्देश्य के लिए एक शहरी संभ्रांतवादी विचार का प्रतिबिंब बताया था। साथ ही, कहा था कि विवाह को मान्यता देना एक विधायी कार्य है जिसपर निर्णय देने से अदालतों को दूर रहना चाहिए।केंद्र ने 19 अप्रैल को शीर्ष न्यायालय से अनुरोध किया था कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को इन याचिकाओं पर कार्यवाहियों में पक्षकार बनाया जाए।



# 'हम दिल दे चुके सनम' की नंदिनी मेरे लिए बेहद खास : ऐश्वर्या

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने 'हम दिल दे चुके सनम' में नंदिनी के किरदार को बहुत यादगार बताया है। उन्होने कहा कि मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे नंदिनी का किरदार निभाने का मौका मिला। बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन जल्द ही अपनी अपकमिंग फिल्म 'पोन्नियिन सेलवनः 2' में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने संजय लीला भंसाली निर्देशित फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' में नंदिनी की भूमिका निभाने पर खुलकर बात की। 'पीएसः 2' के लिए आयोजित एक मीडिया इवेंट के दौरान ऐश्वर्या से नंदिनी नाम के साथ उनके खास संबंध के बारे में पूछा गया। बता दें कि वह 'पीएसः 2' में नंदिनी नाम के महिला का किरदार निभा रही हैं। अपने इस किरदार के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने मीडिया से कहा, क्या संयोग है। यह अमेजिंग है ना?, 'हम दिल दे चुके सनम' में नंदिनी का किरदार भी बहुत यादगार था। उसने लोगों के दिल पर राज किया और मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे तब भी नंदिनी का किरदार निभाने का मौका मिला। वह दर्शकों के लिए और निश्चित रूप से मेरे लिए खास रहीं। 'हम दिल दे चुके सनम' में ऐश्वर्या ने सलमान खान की प्रेमिका का किरदार निभाया था, जो पारिवारिक दबाव में अजय देवगन द्वारा अभिनीत शख्स से शादी कर लेती है। जब उसे नंदिनी के प्यार के बारे में पता चलता है, तो वह सलमान अभिनीत समीर की तलाश में निकल पड़ता है। उन्होंने आगे कहा, वह संजय भंसाली जी थे और आज मणि गारू के लिए, मुझे 'पोन्नियिन सेलवन' में नंदिनी का किरदार निभाने को मिला। यह बहुत बड़ा आशीर्वाद है कि मुझे ऐसी मजबूत महिलाओं की भूमिका निभाने का मौका मिला है, जो कई महिलाओं के जीवन को छूती हैं। मैं बहुत, बहुत आभारी हूं। 'पीएसः 2' 28 अप्रैल को सिनेमाघरों में आने वाली है।










